# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 21 अगस्त, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 227, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 378 अंकों की उछाल

वित्तीय और वाहन शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में अच्छी तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 378 अंक चढ़ गया। } 14

## सतत विकास के लिए भारत नेट-ज़ीरो उत्सर्जन को प्रतिबद्ध

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरित परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर बल दिया। सतत विकास के लिए भारत नेट-ज़ीरो उत्सर्जन को प्रतिबद्ध है। } 14



## रिश्तों को और मजबूत बनायेंगे भारत-मलेशिया

### दोनों देशों ने कम से कम आठ समझौतों पर किये हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों पर गहन बातचीत के बाद भारत और मलेशिया ने मंगलवार को फैसला किया कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को समग्र रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाएंगे। दोनों देशों ने कम से कम आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें से एक मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की भर्ती को बढ़ावा देने तथा उनके हितों की सुरक्षा से संबंधित समझौता है। इब्राहिम तीन दिवसीय भारत दौरे के तहत सोमवार रात दिल्ली पहुंचे। यह बतौर प्रधानमंत्री उनका पहला भारत दौरा है। पीएम ...शेष पृष्ठ 14 पर



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम

## समर्थ समाज व सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है शिक्षा : योगी

### निपुण भारत मिशन के तहत रोड टू स्कूल परियोजना का शुभारंभ

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा सभ्य एवं समर्थ समाज तथा सशक्त राष्ट्र की बुनियाद एवं बुनियादी जरूरत है। योगी मंगलवार को गोरखपुर के चरगांवा विकासखंड के लिए निपुण भारत मिशन के तहत प्रदेश में रोड टू स्कूल की पहली परियोजना की शुरुआत करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समर्थ और सशक्त राष्ट्र की सबसे प्रमुख उपलब्धि शिक्षा होती है।

शिक्षा सभ्य व समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है और बुनियादी जरूरत भी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट स्कूल चलो अभियान का ही नया रूप है। इसमें रिसोर्स पर्सन और उनके ऊपर की टीम एक पिरामिड के रूप में बच्चों को स्कूल लाने, उनकी उपस्थिति बनाए रखने और उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और कला कौशल की ...शेष पृष्ठ 14 पर



कार्यक्रम केदौरान बच्चे को दुलार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### सपा मुखिया का बेशर्मीपूर्ण बयान ही उनकी पार्टी का असली चेहरा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दुष्कर्म और छेड़खानी की कुछ घटनाओं में राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) से कथित तौर पर जुड़े लोगों की भूमिका की ओर संकेत करते हुए तंज किया कि अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज की घटना ही समाजवादी पार्टी का नवाब ब्रांड है, यही सपा की असली पहचान है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान-2024 की कार्यशाला में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए सपा पर जमकर प्रहार किया। हाल में कन्नौज में सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव द्वारा नौकरी देने के नाम पर एक नाबालिग लड़की से कथित दुष्कर्म, अयोध्या में एक नाबालिग लड़की से कथित दुष्कर्म मामले में सपा से जुडे एक कारोबारी की गिरफ्तारी और लखनऊ के गोमतीनगर में बारिश के दौरान छेड़छाड़ के मामले को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर चुनाव : प्रथम चरण की अधिसूचना जारी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। यहां पहले चरण में 24 सीटों पर 18 सितंबर को मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रत्याशियों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 27 अगस्त है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त और मतदान की तिथि 18 सितंबर है। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्रों और जम्मू क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। जिन विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होने हैं उनमें कश्मीर घाटी में पंपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनापोरा, शोपियां, डी. एच. पोरा, कुलगाम, देवसर, दूरू, कोकेरनाग (अजजा), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबहेड़ा, शंगस-अनंतनाग पूर्व और पहलगाम शामिल हैं।

### ज्योतिषी रमेश तिवारी की हत्या में 12 को उम्रकैद

जौनपुर। जौनपुर की एक अदालत ने ज्योतिषी रमेश तिवारी की हत्या के मामले में 12 आरोपियों को दोषी करार देते हुए मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। तिवारी को समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और उनके परिवार का करीबी माना जाता था। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र पांडेय ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के ज्योतिषी रहे रमेश चन्द्र तिवारी की 2012 में सरपतहां के ऊंचगांव में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उनके मुताबिक, इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश रूपाली सक्सेना ने शूटर विपुल समेत 12 आरोपितों को दोषी करार दिया और उन्हें आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई।

# डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए एनटीएफ गठित

## प्राथमिकी दर्ज करने में देरी करने व उपद्रवियों को सरकारी सुविधा में तोड़फोड़ करने की अनुमति देने के लिए राज्य सरकार की आलोचना

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा तथा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रोटोकॉल विकसित करने के वास्ते 10 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) गठित किया। कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद देशभर में प्रदर्शनों के बीच न्यायालय ने चिकित्सकों की सुरक्षा और कुशलक्षेम को राष्ट्रीय हित का मामला बताया।

इस घटना को भयावह बताते हुए न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी करने और हजारों उपद्रवियों को सरकारी सुविधा में तोड़फोड़ करने की अनुमति देने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर राज्य की शक्ति का इस्तेमाल न करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर भावनाओं के उबाल के इस क्षण में



❛ चिकित्सा पेशेवरों के खिलाफ हिंसा और यौन हिंसा दोनों के विरुद्ध चिकित्सा प्रतिष्ठानों में संस्थागत सुरक्षा मानदंडों की कमी गंभीर चिंता का विषय है। चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कानून तो हैं, लेकिन उनमें व्यवस्थागत मुद्दों का समाधान नहीं है। ❜

उनके साथ अत्यंत संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने को कहा। वाइस एडमिरल आरती सरीन की अध्यक्षता वाले 10 सदस्यीय कार्यबल को तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को हत्या की जांच में हुई प्रगति पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, साथ ही राज्य सरकार से भी कहा कि वह उपद्रवियों के खिलाफ की गई कार्वाई पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे। अदालत ने पीड़िता का नाम, उसकी तस्वीरें और उसके मृत शरीर को दिखाने वाले वीडियो क्लिप के मीडिया में प्रसारित होने पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। अस्पताल में भीड़ की हिंसा और कोलकाता पुलिस के घटनास्थल से भाग जाने के आरोप को गंभीरता से लेते हुए, शीर्ष अदालत ...शेष पृष्ठ 14 पर

### कोर्ट की दखल के बाद डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोलकाता में आरजी कर अस्पताल में चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के विरोध में नयी दिल्ली में आंदोलनरत आरएमएल अस्पताल के डॉक्टरों ने मंगलवार को हड़ताल समाप्त कर दी। साथ ही फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मामले में उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए कहा कि इससे चिकित्सक समुदाय के हितों की रक्षा होगी। केंद्र द्वारा संचालित राम मनोहर लोहिया अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ...शेष पृष्ठ 14 पर




कोलकाता में रेजीडेंट डॉक्टर की रेप व हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते चिकित्सक

### भाजपा ने जारी की रास प्रत्याशियों की सूची

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को राज्यसभा की नौ सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को मध्य प्रदेश से, जबकि रवनीत सिंह बिट्टू को राजस्थान से प्रत्याशी बनाया गया है।

पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के मुताबिक, करीब दो माह पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं किरण चौधरी को हरियाणा से उम्मीदवार बनाया है। चौधरी ने मंगलवार सुबह हरियाणा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के रोहतक क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता पैदा हुई है। इस सीट के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन बुधवार है। विधानसभा में भाजपा विधायकों की संख्या को देखते हुए पार्टी की इस सीट से जीत तय मानी जा रही है। भाजपा ने वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को बिहार से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा बिहार से राज्यसभा की दूसरी सीट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महाराष्ट्र में नाबालिगों का यौन शोषण, हिंसक प्रदर्शन, रोकी गयीं ट्रेनें

### तीन पुलिसकर्मियों को किया निलंबित, जांच के लिए गठित की गयी एसआईटी

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिला स्थित एक स्कूल के शौचालय में चार वर्षीय दो बच्चियों से सफाईकर्मी द्वारा कथित यौन उत्पीड़न किये जाने के बाद, हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को बदलापुर रेलवे स्टेशन की पटरियों को अवरुद्ध कर दिया और विद्यालय परिसर में धावा बोल दिया।

पुलिस ने रेल पटरियों पर मौजूद प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्च किया, जो पुलिसकर्मियों पर पथराव कर रहे थे। आक्रोशित अभिभावकों सहित सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने बच्चियों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ अपनी नाराजगी जताने के लिए स्कूल भवन में तोड़फोड़ की। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की वरिष्ठ अधिकारी आरती सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले की त्वरित अदालत में सुनवाई होगी और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बदलापुर स्टेशन पर, उग्र प्रदर्शनकारियों को पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हाय-हाय के नारे लगाते और यौन उत्पीड़न में कथित तौर पर संलिप्त सफाईकर्मी को फांसी देने की मांग करते देखा गया। महाराष्ट्र के स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा है कि स्कूलों में विशाखा समितियां गठित की जाएंगी। यदि ...शेष पृष्ठ 14 पर



महाराष्ट्र में नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण को लेकर रेल रोको प्रदर्शन करते स्थानीय लोग

### सरकार ने वापस लिया लेटरल एंट्री के जरिये भर्ती का विज्ञापन

एजेंसी

नयी दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को केंद्र के अनुरोध पर नौकरशाही में लेटरल एंट्री भर्ती के लिए जारी अपना नवीनतम विज्ञापन रद्द कर दिया।

❍ विपक्षी दलों के विरोध के बीच यूपीएससी ने उठाया कदम

विपक्षी दलों द्वारा लेटरल एंट्री भर्ती का विरोध किए जाने के बीच आयोग ने यह कदम उठाया है। यूपीएससी ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। यूपीएससी लेटरल एंट्री के जरिए सीधे उन पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति करता है, जिन पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों की तैनाती होती है। इस व्यवस्था के तहत निजी क्षेत्रों के अलग-अलग पेशे के विशेषज्ञों को विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सीधे संयुक्त सचिव और निदेशक व उप सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है। नौकरशाही में लेटरल एंट्री के जरिये भर्ती की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इससे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के आरक्षण अधिकारों का हनन हुआ है। यूपीएससी द्वारा जारी एक निरस्तीकरण नोटिस में कहा गया, यह सभी संबंधित (पक्षों) की जानकारी के लिए है ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के सभागार में पहुंचकर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## रायबरेली की आन-बान-शान रहे स्व.अखिलेश सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर हजारों लोगों ने किया याद

विशेष संवाददाता

रायबरेली। जब तक सूरज चांद रहेगा विधायक जी आपका नाम रहेगा, आप जिले की आन-बान-शान रहे हैं और रहेंगे...ऐसे ही गगनचुबी उद्घोषों के बीच में मंगलवार को गरीबों के मसीहा सदर विधानसभा में 'विधायक जी' के नाम से मशहूर रहे पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह पांचवीं पुण्यतिथि महात्मा गांधी इंटर कॉलेज (एमजीआईसी) के सभागार में हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि एवं पुष्पाजंलि अर्पित की। शहर ...शेष पृष्ठ 14 पर

❍ समाज के लिए अखिलेश सिंह का योगदान सभी के दिलों में रहेगा जीवित : विराज सागर दास







रायबरेली के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के सभागार में पहुंचकर स्व. अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, कार्यक्रम में शामिल हजारों लोग, श्रद्धांजलि समारोह में आये लोगों को भंडारे का प्रसाद बांटती बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास

C M Y K

# गरीबों को उजाड़ने वाले बख्शे न जायें : योगी

## पात्रों को उपलब्ध करायें पीएम-सीएम आवास योजना से पक्के मकान : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि गरीबों को उजाड़ने का दुस्साहस करने वाले माफिया, दबंगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी,

- **सीएम ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं**
- **समयबद्ध और निष्पक्ष होना चाहिए जनता की समस्याओं का निस्तारण**



साथ ही जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। जमीन कब्जा किए जाने की कुछ शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### पैसे के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

**पूजा स्पेशल ट्रेनें यात्रियों को देगी राहत :** लखनऊ। रेलवे प्रशासन ने अब आगामी पर्व को देख स्पेशल पूजा ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेनें देश के विभिन्न राज्यों के लिए चलायी जायेगी।यह ट्रेनें यात्रियों का खासी राहत देगी। यह जानकारी रेलवे के पीआरओ ने दी।

# यूपी में 2022 बैच के 14 आईएएस अफसरों को मिली नयी तैनाती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है।इसके तहत 14 आईएएस अफसरों को नई जिम्मेदारी दी गई है। शासन ने इसका आदेश मंगलवार को जारी कर दिया है। ये सभी 2022 बैच के आईएएस अफसर हैं।सभी को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

आईएएस उत्कर्ष द्विवेदी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सोनभद्र बनाये गए हैं।इसी के साथ आईएएस अभिनव जे जैन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मथुरा, आईएएस सुनील कुमार धनवंता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आजमगढ़, आईएएस उत्सव आनंद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर, आईएएस रामेश्वर सुधाकर सबबनवाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गाजीपुर, आईएएस प्रफुल्ल कुमार शर्मा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रायबरेली, आईएएस मनमोहन मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मुरादाबाद, आईएएस आलोक प्रसाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बहराइच, आईएएस कुमार सौरभ 2022 ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जौनपुर बनाए गए हैं। इसी क्रम में आईएएस नेहा ब्याडवाल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जालौन, आईएएस पूजा साहू ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चित्रकूट, आईएएस दीक्षा जोशी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हरदोई, आईएएस गामिनी सिंघला ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुल्तानपुर व आईएएस श्रुति शर्मा 2022 बैच ज्वाइंट मजिस्ट्रेट देवरिया बनाई गई हैं। शासन ने इन आईएएस अफसरों के पदभार ग्रहण करने का आदेश जारी कर दिया है. ट्रेनिंग ले रहे आईएएस अफसरों को फील्ड में जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन ने एक आईएएस अफसर को सेवा विस्तार भी दिया है। सीनियर आईएएस अधिकारी और 30 अगस्त को सेवानिवृत हो रहे मुरादाबाद के मंडल आयुक्त आंजनेय सिंह को 1 साल का सेवा विस्तार मिला है। योगी सरकार के चहेते अफसर में गिने जाने वाले सिंह रामपुर में जिलाधिकारी रहते हुए आजम खान के खिलाफ कड़े एक्शन करने को लेकर याद किए जाते हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद एक साल तक उनको और काम करने का अवसर दिया जा रहा है। इससे पहले उत्तर प्रदेश में पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को सेवानिवृत्ति के बाद इस बार सेवा विस्तार दिया गया था। जिसको लेकर अफसरशाही में काफी चचाएं हुई थीं। अब कमिश्नर मुरादाबाद को सेवा विस्तार दिया गया है। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के सूत्रों ने बताया कि 14 युवा आईएएस अधिकारियों को नई पोस्टिंग दी गई है ताकि उनको फील्ड की अधिक जानकारी हो सके।

- **आजम खान पर कार्रवाई करने वाले आईएएस अफसर का सेवा विस्तार**

# वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अधिक पौधे लगायें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि वायु प्रदूषण देश और दुनिया में सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में उभरा है, जो मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और समग्र पारिस्थितिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इंडो गंगा के मैदान (प्ळच) के केंद्र में स्थित है, जो वायु प्रदूषण के लिए एक वैश्विक हॉटस्पॉट है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए जन सहभागिता के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाये जाये।

डा. सक्सेना ने यह विचार आज यहां होटल ताज में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन निदेशालय, ऊर्जा और संसाधन संस्थान और स्विस एजेंसी फॉर डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन के सहयोग द्वारा आयोजित शहरी वायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास

- **शहरी वायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास विषय पर कार्यशाला आयोजित**

कार्यशाला में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वायु प्रदूषण के प्रति आम व्यक्तियों में जागरूकता उत्पन्न करना है। अपर मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण मनोज सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए इस तरह की कार्यशाला समय-समय पर आयोजित होनी चाहिए, ताकि आम जनता जागरूक हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वायु पर योजना के तहत वैज्ञानिक वायु दुष्प्रभावों का आकलन कर इससे होने वाले दुष्परिणामों से मनुष्यों को बचा सकें।सचिव, पर्यावरण आशीष तिवारी ने कहा कि कार्यशाला में उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के स्मार्ट सिटी सेल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगमों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया जाएगा, इससे यह सुनिश्चित होगा कि उन्हें परियोजना के तहत विभिन्न लाभकारी परिणामों के बारे में जानकारी दी जाएगी।कार्यशाला में प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर शर्मा, डीजी टेरी डा. विभा धवन, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह यूटी टूरिज्म मिनिस्टर्स कान्फ्रेंस में शामिल होंगे

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्रीजयवीर सिंह कल 21 अगस्त से 22 अगस्त तक दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री कल सुबह 7:30 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर 11:00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगे। वहां पर विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात लगभग रात्रि 10 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगे और रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 22 अगस्त को प्रातः लगभग 09 बजे नार्दर्न स्टेट/यूटी टूरिज्म मिनिस्टर कान्फ्रेंस में शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री अगले दिन 23 अगस्त को चंडीगढ़ से प्रस्थान कर शाम 09 बजे तक अपने सरकारी आवास पर पहुंचेगे।

# गोकुल व नन्दबाबा पुरस्कार वितरण समारोह आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के गोकुल पुरस्कार एवं नन्दबाबा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कल 21 अगस्त को यहां गोमती नगर स्थित इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, मार्स सभागार, में मध्याह्न 12.00 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम में पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर दुग्ध विभाग एवं पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक तथा दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी आज यहां प्रादेशिक को-आपरेटिव डेरी फेडरेशन के प्रबंध निदेशक आनंद कुमार सिंह ने दी। उन्होनें बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा दुग्ध सहकारितान्तर्गत भारतीय गोवंशीय पशुओं के पशुपालकों को प्रोत्साहित करने एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से गोकुल पुरस्कार एवं नंदबाबा पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

# आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक बालकृष्ण के निधन पर सीएम योगी ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख एवं अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक बालकृष्ण त्रिपाठी का निधन हो गया। वह करीब 88 साल के थे। उन्हें स्वास्थ्य खराब होने पर शुक्रवार को लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान में भर्ती कराया गया था जहां मंगलवार की सुबह उनका निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को भारती भवन में सुबह 7:30 से 10 बजे तक अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। वहीं, अंतिम संस्कार कानपुर के भैरव घाट पर होगा। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वरिष्ठ प्रचारक, पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख और अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक बालकृष्ण का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! योगी आदित्यनाथ ने आगे लिखा कि ''प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल स्वयंसेवकों व परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति!


क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेंद्र त्रिपाठी
ग्राम पंचायत अधिकारी
फतेहपुर चौरासी
उन्नाव





क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र साहू
ग्राम पंचायत अधिकारी
फतेहपुर चौरासी
उन्नाव





क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
रामदुलारे यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
फतेहपुर चौरासी
उन्नाव





क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक गौतम
ग्राम पंचायत अधिकारी
फतेहपुर चौरासी
उन्नाव





क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्यज्ञान पाल
प्रधान
ऊगू ग्रामीण (मिट्ठू) खेडा
फतेहपुर चौरासी, उन्नाव





स्वतंत्रता दिवस 2024 की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कार्तिकेय सिंह
उप जिलाधिकारी
पलिया कलां
(खीरी)





सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पलिया बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन
पलियाकलां (खीरी)
सरदार अमरजीत सिंह खैरा (अध्यक्ष) सरदार सतेंद्र पाल सिंह (सचिव) सरदार इंद्रजीत सिंह गिल मांगट (कोषाध्यक्ष)
खजुरिया गौरीफंटा एवं दुधवा लखीमपुर बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन
सरदार हरी सिंह संधू (अध्यक्ष ( सरदार जोरा सिंह खैरा ( सचिव) सरदार चरनजीत सिंह खैरा (कोषाध्यक्ष)



नगर पालिका परिषद बिसवां-जनपद, सीतापुर
संख्या-241/सी/न.पा.परि.बि./विज्ञापन/2024-25 दिनांक 09.08.2024
सहयोग आपका, सेवाएं हमारी
नगर पालिका बिसवां जनपद सीतापुर 15 अगस्त 2024 (स्वतंत्रता दिवस) के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर समस्त सम्मानित नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती है व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु अनुरोध करती है कि
स्वच्छ बिसवां सुन्दर बिसवां
01– कृपया नगर को स्वच्छ बनाये रखें तथा करों (गृहकर/जलकर, जलमूल्य, किराया दुकान आदि) का भुगतान समय से करें।
02– कृपया दैनिक प्रयोग में पालीथीन बन्द करें, पालीथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करें तथा सामान खरीदने जाते समय कपड़े का थैला साथ लेकर जायें।
03– दुकानदार कपड़े के कैरीबैग्स का प्रयोग करें तथा प्लास्टिक के दोना, पत्तल, गिलास आदि के स्थान पर कागज/पत्ते के बने हुए दोना पत्तल, गिलास व थाली आदि का प्रयोग करें।
04– आम जनता के सहयोग से ही पालीथीन का प्रयोग बन्द हो सकता है एवं नगर को प्रदूषण एवं गन्दगी से मुक्त किया सकता है।
05– कृपया पानी की टोंटियों को खुली न छोड़े, पानी की बचत करें, पानी को ढक कर रखें।
जल ही जीवन है
06– कृपया नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा जनरेटर से संचालित की जाने वाली स्ट्रीट लाईट की लाइनों को क्षतिग्रस्त न करें तथा कटिया न डालें।
07– कृपया नगर के सौंदर्यीकरण तथा विकास कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें।
08– कृपया सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।
09– कृपया खुले में शौच न जाएं।
10– कृपया अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर नगर पालिका परिशद, बिसवां द्वारा लगाये गये पौधों को क्षतिग्रस्त न करें।
11– कृपया डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन में नगर पालिका का सहयोग करें तथा कूड़ा इधर–उधर न फेंके।
वैभव त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी श्रेणी–1, नगर पालिका परिषद बिसवां– सीतापुर
समस्त सम्मानित सदस्यगण/अधिकारी एवं कर्मचारीगण, नगर पालिका परिषद बिसवां– सीतापुर
पुष्पू जायसवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिसवां– सीतापुर



दि सेकसरिया बिसवाँ शुगर फैक्ट्री लिमिटेड, बिसवाँ (सीतापुर)
( आई0एस0ओ0 9001:2015, 14001:2015 एवं 22000:2018 द्वारा प्रमाणित संस्थान)
समस्त क्षेत्रवासियों, कर्मचारियों एवं किसान भाईयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
Producer of
Double Refined Sulphur Free Sugar (DEFECO-Melt Phosphotation with IER), Ethanol and 32 MW Co-generation Power
मृदा परीक्षण अवश्य करायें, संस्तुति के आधार पर उर्वरक लगायें
- ट्रेन्च विधि से गन्ने की बुवाई करायें, सह फसल के साथ दोहरा लाभ कमायें।
- पराली एवं गन्ने की पत्ती न जलायें, ट्रैश मल्चर से जुताई कर जैविक खाद बनायें।
- गन्ना प्रजाति को0पी0के0 05191 की बुवाई कदापि न करें, उन्नतशील प्रजाति
- को0—15023 को लख0—94184 को0 लख0—14201, को0शा0—13235, को0—0118 एवं को0— 0238 को अपनायें।
(रमेश चन्द्र सिंघल)
मुख्य अधिशासी



BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION
BBDNIIT(056)-CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)-CSE, ECE & IT





10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2024-2025
BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Pharmacy
- Dental Science
- Education
- Architecture
- Applied Sciences
- Hotel Management
- Legal Studies
- Computer Applications
- Humanities & Social Sciences
- Ph.D. in all Disciplines
Courses available with IBM Collaboration
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D .PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge JFC tcs LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

संक्षेप

## पुलिस मुठभेड़ में गौतस्कर घायल

मेरठ। किठौर की पुलिस और गौ तस्करों के बीच मंगलवार को तड़के मुठभेड़ हो गई जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। जिला पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि घायल सहित दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया लेकिन तीन बदमाश अंधेरे में भाग निकले जिनकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल तथा कुछ धारदार हथियार मिले हैं। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज तड़के किठौर थाना प्रभारी की अगुवाई में पुलिस दल थाना क्षेत्र में गश्त एवं जांच कर रहा था। इस बीच सूचना मिली कि राधना गांव के जंगल में कुछ बदमाश गोकशी करने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस दल राधना गांव के जंगल पहुंचा जहां बदमाशों ने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्वाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे तथा एक अन्य बदमाश को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया जबकि तीन बदमाश अंधेरे में भाग निकले। प्रवक्ता के अनुसार, घायल बदमाश की पहचान खालिद पुत्र रियाजुल के तौर पर हुई है। उसके साथी का नाम मुन्नर, पुत्र फकीरा है। दोनों ही राधना गांव के रहने वाले हैं। प्रवक्ता ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में दो बहनों की मौत

प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर मानिकपुर थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो जाने से दो सगी बहनों की मौत हो गयी और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक जयचंद्र भारती ने बताया कि सोमवार देर शाम बजहा भीट गांव के पास मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर हुई, जिसमें राजेश (30), दिनेश (35), राजेश की मां शिवकुमारी, दिनेश की पत्नी शीला और उनकी बेटियां श्रेया, श्रेयांशी और श्रद्धा गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को कुंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्रेयांशी (तीन) और श्रद्धा (पांच) को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पांच अन्य घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में ले जाने का सुझाव दिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शिव मंदिर में रुद्राभिषेक को लेकर हुआ भण्डारा

प्रतापगढ़। स्वामी करपात्री जी महाराज की जन्मस्थली के समीप प्राचीन शिव मंदिर पूरे वाचन लकुरी भटनी में प्रत्येक वर्ष की भांति सावन मास में रामचरितमानस पाठ संकीर्तन व भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में हुये धार्मिक आयोजन में क्षेत्र व दूर दूर के भक्तों ने पहुँचकर हवन-पूजन व भंडारे में भाग लिया। बृंदावन से आये हुये प्रसिद्ध कथावाचक मुकेश आनंद जी महराज धार्मिक अनुष्ठान में पंहुचे। यहां आयोजन समिति के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुँचे महराज जी ने धर्मसम्राट स्वामी करपात्री को नमन करते हुये भटनी की धरती पर जन्म लेने वाले करपात्री जी की महिमा का बखान किया। स्वामी करपात्री ट्रस्ट के सचिव राकेश त्रिपाठी ने उन्हें धार्मिक ग्रन्थ भेंट किया। संयोजन पूर्व प्रधान जमुनाप्रसाद पाण्डेय व अधिवक्ता अजय पांडेय ने किया। कार्यक्रम में धर्मेश पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, विवेक, विनय, शुशील, प्रवीण, बैभव, अथर्व आदि की भूमिका प्रशंसनीय दिखी। इस मौके पर कथावाचक पं. तीर्थराज पाण्डेय, राकेश चतुवेर्दी, अशोक सिंह, राकेश त्रिपाठी, विनोद तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, विवेक पाण्डेय रमाकांत द्विवेदी, डॉ. वेदानंद मिश्र, गणेश नारायण द्विवेदी, रमेश तिवारी रहे।

## आरती में उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन के आखिरी सोमवार को विशेष रात्रि अभिषेक आरती में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। बोल बम तथा हर हर महादेव के शंखनाद के बीच घंटो व शंखध्वनि में अभिषेक आरती को श्रद्धालु अपलक निहारते दिखे। बाबा का आकर्षक फूलों का श्रृंगार भी श्रद्धालुओं को मनमोहक दिखा। महन्त मयंक भाल गिरि व पं. वीरेन्द्रमणि तिवारी की अगुवाई में बाबा का चंदनाभिषेक, फलाभिषेक, जलाभिषेक किया गया।

# मेरे राखी का मतलब है प्यार भैया





बलरामपुर। रक्षा बंधन का पर्व पूरे जिले में बड़े हर्षो उल्लास से मनाया गया। बहनों नें भाई के कलाई पर राखी बांध कर भाई से अपने रच्छा का बचन लिया तो भाई के आभा पटल पर सुखद सार गर्भिता के भाव बहन के प्रति वचन वद्धता की चुगली कर रहे थे। रच्छा बंधन का का महा पर्व युग युगान्तर अमिट शाछी है। राजा बली के अधीन हुए भगवान विष्णु को मुक्ति के लिए महादेवी लक्ष्मी नें बहन स्वरूप राजा वलि को राखी बांध कर नारायण को मुक्त कराया। द्रोपदी के रच्छा बंधन नें द्वापर में कृष्ण नें बहन द्रोपदी कि दुश्वासन से लाज बचाने के लिए नंगे पैर दौड़ पड़े। कर्मावती संकट काल में राखी लेकर हुमायूं के पास चली तो कर्मावती के रक्षा के लिए हुमायूं अपनी विशाल सेना को कूच के लिए तत्काल आदेश दिया। और भी अनगिनत परमाणो से इतिहास पटा है कि रच्छा के लिए भाइयो नें बहनों के लिए जान लड़ा दी। आज समूचे भारत में सावन महीना आते ही पीहर में प्रवास कर रही बहने भाई को राखी बाँधने मायके आ जाती है। दूर दराज परदेस विदेश में रहने वाली बहनें आने में मजबूरी हुईं तो डाक से समयावधि के भीतर राखी भाई तक पहुंचनाने से नहीं चूकती। गांव हो या शहर बहनें इस तीज पर भाई के लिए व्रत रखती है। जब तक भाई के कलाई पर राखी नहीं बांध देती तब तक अन्न का प्राशन नहीं करती है।

## जेल में भाइयों को राखी बांधने आई बहनों का मिष्ठान खिला कर स्वागत हुआ



बलरामपुर। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के आदेश अनुसार रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जेल में निरुद्ध बंदियों को राखी बांधने आई हुई बहनों वा परिजनों को जलपान आदि की समुचित व्यवस्था जिला अपराध निरोधक कमेटी बलरामपुर द्वारा जेल प्रशासन का सहयोग किया एवं कमेटी के जिलासचिव/जेल परिवेक्षक शैलेश कुमार, जिलाउपाध्यक्ष ध्रुव जी चौधरी, भास्कर पटेल, गिरधारी यादव, राजेंद्र चौधरी आदि कमेटी के सदस्य के द्वारा जेल अधीक्षक को सेवा पथ पुस्तिका भेंट किया गया।

## एम्बुलेंस कर्मियों ने धूमधाम से मनाया आजादी का जश्न



बलरामपुर। बलरामपुर में 108-102 एम्बुलेंस के सभी कर्मचारीगण नें 15 अगस्त आजादी के महापर्व 78 वे स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराया। अभिषेक मिश्रा प्रोग्राम मैनेजर ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंद्रह अगस्त का दिन इस लिए चुना गया था की भारत में आजादी का जश्न मनाया गया था और भारत गुलामी से मुक्त हुआ था। 14 अगस्त 1947 को अंग्रेजो से आजादी मिली थी लेकिन 15 अगस्त 1947 को सुबह आठ बजे भारत में पहला झंडा पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लालकिले पर यूनियन जैक की जगह भारत का तिरंगा झंडा फहराया था इसी स्वतन्त्रता दिवस पर पूरे भारत देश में झंडा फहराकर खुशियो की मिठाई बांटी जाती हैं इसी बात को लेकर 108-102 एम्बुलेंस टीम के प्रोग्राम मैनेजर अभिषेक मिश्रा राघवेंद्र द्विवेदी ई एम ई, पंकज मिश्रा ई एम ई और समस्त टीम के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाई गयी !

## थाना तुलसीपुर पुलिस ने 2 अभियुक्त पकड़े



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर अशोक सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना तुलसीपुर के उ0नि0 नागेन्द्र यादव, हे0का0 विजय प्रकाश यादव पुलिस टीम के द्वारा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 193/24 धारा 303(2)/317(2)/338 इठर से सम्बन्धित अभियुक्तगण राज जायसवाल पुत्र गिरधारी लाल नि0 स्टेशन रोड नई बाजार तथा विनोद पुत्र रामहीत नि0 जुड़िकुइया थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को पुरुषोत्तमपुर थाना तुलसीपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## सुन्दरकांड के वार्षिकोत्सव में मग्न हुए भक्त



प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रत्येक मंगलवार को लगातार हो रहे सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का मंगलवार को पांचवा वार्षिकोत्सव दिव्यता एवं भव्यता से मनाया गया। आध्यात्मिक आयोजन की वर्षगांठ पर बाबा धाम में हुए भण्डारे मे भी दर्शनार्थियों व श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर बाबा धाम में भक्तमण्डली ने हनुमान जी महराज का विधिवत पूजन अर्चन किया। हनुमान जी के सिन्दूर अभिषेक से आयोजन का शुभारंभ हुआ। सामूहिक सुन्दरकाण्ड में हनुमान भक्तों ने मनमोहक आरती वंदना भी कर हनुमान जी महराज की पूजा अर्चना की। आयोजन के संरक्षक मयंक भाल गिरि व आयोजन समिति के अध्यक्ष पं. सुधीर आजाद ने हनुमान जी के मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन किया। बाबा घुइसरनाथ जी का भी आरती वंदन हुआ। निर्बल असहाय सेवा समिति के अध्यक्ष संजीत तिवारी तथा समाजसेवी राकेश पाण्डेय, पंपोष प्रतापगढ़ी, गुरू शुक्ला व रोहित पाण्डेय ने लगातार पांच वर्ष से इस धार्मिक अनुष्ठान की सफलता को लेकर श्रद्धालुओं के सहयोग की सराहना की। संयोजक रामकृष्ण मिश्र नगरहा ने संत महात्माओं व आचार्यो का सम्मान किया। कार्यक्रम में नेत्रपाल सिंह, अधिवक्ता सुजीत तिवारी, रामजानकी मंदिर के महन्त उमापतिदास जी महराज, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, प्रभंजन सिंह, राजेश मिश्र, डा. प्रणव मिश्र, अभिषेक शुक्ला, डबलू बाबा, सत्यम सिंह, प्रशांत मिश्र, सुरेश सिंह, मधुकर तिवारी, पवन पाण्डेय, अनुराग सिंह, अतुल पाण्डेय, आदित्य पाण्डेय, दिनेश सिंह का सराहनीय योगदान दिखा।

## सभी इंजनों और यार्डों पर एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे लगायेगा रेलवे

प्रयागराज। देश के विभिन्न हिस्सों में घट रही रेल दुर्घटनाओं से निजात पाने के लिए रेलवे प्रत्येक लोकोमोटिव (ट्रेन के इंजन) पर और महत्वपूर्ण यार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगा रहा है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रौद्योगिकी से युक्त होंगे। यहां प्रयागराज रेलवे जंक्शन पर संवाददाताओं से बातचीत में रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने रेल दुर्घटनाओं को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि हम हर एक लोकोमोटिव के ऊपर और सभी महत्वपूर्ण यार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगा रहे हैं जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े होंगे। उन्होंने कहा कि इन कैमरों से यह सूचना मिल सकेगी कि कहीं असामान्य स्थिति तो नहीं है। ये कैमरे प्रत्येक लोकोमोटिव और हर कोच में लगाए जाएंगे। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान जितनी भी सुरक्षा एजेंसियां हैं वे ट्रैक की लगातार निगरानी करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि कोई भी असामाजिक तत्व पटरियों को नुकसान न पहुंचाए। आगामी महाकुंभ मेले को लेकर रेलवे की तैयारियों की समीक्षा करने मंगलवार सुबह प्रयागराज पहुंचीं सिन्हा ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि कुंभ मेले से पहले ढांचागत परियोजनाएं और क्षमता विस्तार की परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि पिछले कुंभ मेले (2019) में रेलवे ने मुख्य स्नान पर्व पर लगभग 530 विशेष ट्रेन चलाई थीं और इस बार (कुंभ 2025) मुख्य स्नान पर्व पर लगभग 900 विशेष ट्रेन चलाए जाने की संभावना है। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष ने कहा कि इस बार कुंभ मेले में 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है और आपात स्थिति में भीड़ को किस तरह से निकाला जाए, इसकी विस्तार से योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जंक्शन अमृत भारत स्टेशन के तहत चयनित है और कुंभ से पहले एक तरफ के भवन तैयार हो जाएंगे एवं इसके एक-दो साल के भीतर पूरा स्टेशन तैयार हो जाएगा।

## आप सांसद संजय सिंह और सपा प्रवक्ता अनूप संडा अदालत में नहीं हुए हाजिर

सुलतानपुर। सुलतानपुर की सांसद /विधायक अदालत में मंगलवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह एवं सपा प्रवक्ता पूर्व विधायक अनूप संडा हाजिर नहीं हुए। संजय सिंह, अनूप संडा समेत छह लोगों के खिलाफ 13 अगस्त को गैर जमानती वारंट जारी किया था और 20 अगस्त को सांसद/विधायक अदालत में सुनवाई होनी थी। मंगलवार को उपरोक्त मामले में मुख्य दोनों आरोपियों को अदालत में हाजिर होना था, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए। दोनों के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में संजय सिंह एवं अनूप संडा की ओर से जमानत याचिका दायर की गयी है, जिसमें सुनवाई के लिए 22 अगस्त की तिथि नियत है। यहां एमपी/एमएलए अदालत के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा आगे की सुनवाई के लिए तिथि शाम तक निर्धारित करेंगे। ज्ञात हो कि 23 साल पहले बिजली, पानी एवं अन्य जनसमस्याओं को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में सभी को 11 जनवरी 23 में अदालत से तीन-तीन माह का कारावास और डेढ़-डेढ़ हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा हुई थी। बीते नौ अगस्त को सभी आरोपियों को एमपी/एमएलए अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया था। हाजिर नहीं होने पर एमपी/ एमएलए अदालत के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सभी आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि मंगलवार को विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में संजय सिंह एवं अनूप संडा हाजिर नहीं हुए।

## आदर्श शिक्षक की मनायी गयी पुण्यतिथि, मिला सम्मान



प्रतापगढ़। जिले के किठावर कंजास स्थित श्री भगवान कुंज में आदर्श शिक्षक एंव समाजसेवी भगवानदास चतुवेर्दी की समारोहपूर्वक पुण्यतिथि मनायी गयी। स्मृति कार्यक्रम को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। बतौर विशिष्ट अतिथि गाली मुक्त समाज के जिला संयोजक अजय यादव ने स्व. भगवानदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अजय यादव ने स्व.चतुवेर्दी को समाज चिंतक बताया और कहा वे अपने कार्य के प्रति ईमानदार एंव सामाजिक प्रवृत्ति के थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा अखिलेश जायसवाल, सचिन पाल, रोशन सरोज, सौरभ सरोज, चन्दन वर्मा व क्षेत्र के सुरेश तिवारी, रवि विश्वकर्मा, अरविन्द मिश्र आदि को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन विद्या प्रसाद चतुवेर्दी एवं रामलखन चतुवेर्दी व वेदप्रकाश चतुवेर्दी ने किया। अतिथियों के प्रति आभार सत्यप्रकाश चतुवेर्दी ने जताया। इस मौके पर अंजनी अमोघ, संजय शुक्ल, बालगोविंद चतुवेर्दी, विजय नारायण चतुवेर्दी, अभिनव, चन्द्रप्रकाश, जयप्रकाश चतुवेर्दी आदि रहे।

## रील बनाते समय डूबे किशोरों का मिला शव

प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मुरैनी भूसूपुर में पुल के समीप सोमवार को मट्टन नाले में डूबे दोनों किशोरों का शव दूसरे दिन मंगलवार की सुबह पांच बजे तलाशा जा सका। किशोरो का शव घटनास्थल से करीब सात किलोमीटर कलुआघाट पर उतराया मिला। ग्रामीणों ने शव उतराया देख इन्हें नाले से बाहर निकाला। किशोरों का शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर पुलिस ने दोनों मृतक किशोरो के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। बतादें कि बीते सोमवार को मिश्रन का पुरवा सांगीपुर के पांच किशोर मटटन नाले में स्नान करने गये थे। इस बीच कुछ युवक सोशल मीडिया के लिए रील बनाने लगे। रील बनाने के दौरान दोनों किशोर का ध्यान बनती रील की तरफ हो गया और यह अचानक नाले के तेज बहाव में समा गए। सांगीपुर के राजमतीपुर निवासी जागेश्वर वर्मा का सत्रह वर्षीय बेटा शैलेश, चौदह वर्षीय जुड़वा मगन और गगन, रामचंद्र गुप्ता का बारह वर्षीय पुत्र धीरज और राजेश वर्मा का बारह वर्षीय पुत्र शुभम सोशल मीडिया प्लेटफार्म यूट्यूब के लिए रील बनाते है। सोमवार सुबह सभी दो साइकिल से सात किलोमीटर दूर मुरैनी गांव के लखहरा-रेहुआ लालगंज मार्ग पर स्थित मट्टन नाले पर बने पुल के नीचे पहुंच गए। यहां सभी अपने किरदार के अनुसार तैयार हो गए और कलाकारी करने लगे। इस दौरान शैलेश बाहर खड़ा होकर वीडियो बना रहा था। इस दौरान धीरज और गगन पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर डूबने लगे। यह देख अन्य साथी घबरा कर नाले के बाहर निकल आए और शोर मचाने लगे। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों की भीड इक्कडा हो गया। ग्रामीणों ने लापता धीरज और गगन को खोजने का प्रयास किया। लेकिन उन्हें कामयाबी नही मिली। सूचना पर सांगीपुर उदयपुर पुलिस के साथ सांगीपुर फायर विभाग के लोग भी पहुंचे और ग्रामीणों के साथ गोताखारों की मदद से दोनों को खोजबाने का प्रयास किया गया, लेकिन देररात तक उनका पता नहीं चल सका। कलुआघाट के पास दूसरे दिन में शव मंगलवार सुबह घटनास्थल से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित कलुआघाट गांव के पास दोनों का शव उतराया मिला। ग्रामीणों की सूचना पर घरवाले मौके पर पहुंचे और दोनों शव की पहचान धीरज और गगन के रूप में की गयी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरो का शव देख परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।

### भाइयों को राखी भी नहीं बांध सकी बहनें...

प्रतापगढ़। मट्टन नाला में डूबे गगन की बहनें सोनी व सरिता अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए ससुराल से मायके आई थीं। रक्षा बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर बाद था। इसलिए गगन तीनों भाई व धीरज दोनों भाई परिजनों को बिना बताए मुहूर्त आने तक मट्टन नाला में रील बनाने चले गए। यहां गगन व धीरज नाले के तेज बहाव में डूब गए और घर पर उनकी बहनें सोनी व सरिता राखी बांधने का इंतजार ही करती रह गईं। इस घटना की जानकारी होने के बाद बहनें अपने भाइयों के सकुशल होने की भगवान से प्रार्थना करती नजर आई।... पर निष्ठुर नियति को तो कुछ और ही मंजूर था। सांगीपुर के राजमतीपुर निवासी जागेश्वर वर्मा का सत्रह वर्षीय बेटा शैलेश व चौदह वर्षीय जुड़वा बेटे मगन और गगन था। गमन और गनन में बहुत प्यार था और दोनों हमेशा साथ रहते थे। सोमवार को मट्टन नाले में गगन नाले में गहरे पानी में डूब गया था।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पं. भगवत प्रसाद शुक्ल, अर्पित हुई पुष्पांजलि




प्रतापगढ़। लालगंज क्षेत्र के धधुआ गाजन स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यालय के संस्थापक एवं प्रख्यात समाजसेवी स्व. भगवत प्रसाद शुक्ल बाबूजी की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी। निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं संरक्षक विभव शुक्ल ने अतिथियों के साथ स्व. भगवत प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं स्व. शुक्ल के पुत्र शशिभूषण शुक्ल ने वर्चुअल श्रद्धाभाव अर्पित किये। स्मृति समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध प्रतिभापरक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण अंचल में अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय की उत्कृष्ट परिकल्पना में बाबूजी की दूरदर्शिता से शैक्षिक परिवेश को सामाजिक पटल पर मजबूती मिली है। वहीं विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने कहा कि शैक्षिक उन्नयन के क्षेत्र में बाबूजी का दिशाबोधक मार्गदर्शन हमारे समाज की सशक्त पूंजी है। प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने भी स्व. भगवत प्रसाद शुक्ल के शैक्षिक व सामाजिक योगदान का बखान किया। इस मौके पर डॉ सौरभ मिश्र, गरिमा मिश्रा, महेंद्र पाठक, रमेश पाल त्रिपाठी, योगेन्द्र शुक्ल, अशोक ओझा आदि रहे।

## संस्कृत शिक्षा के उन्नयन में भारतीय संस्कृति की उत्तरोत्तर वृद्धि



प्रतापगढ़। संस्कृत दिवस को लेकर यहां बी०एन० मेहता संस्कृत महाविद्यालय के सभागार में भव्य समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होनें आचार्य समूह को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत शिक्षा के उन्नयन से ही भारतीय संस्कृति की उत्तरोत्तर वृद्धि हो सकेगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सरोज ने मुख्य अतिथि एमएलसी उमेश के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संस्कृत विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाईयां प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता रामभरोस संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चरैया पट्टी के पूर्व प्रधानाचार्य हरिश्चन्द्र पाण्डेय एवं संचालन धर्मप्राण कोठीवाल संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीकांतगंज सांगीपुर के पूर्व शिक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। समारोह में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी को संयोजक एवं जिलाध्यक्ष माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति आचार्य कुलदीप मिश्र ने अंगवस्त्रम एवं श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने अवकाश प्राप्त शिक्षक इंद्र कुमार सिंह, विद्याभूषण शुक्ल, राममिलन शुक्ल, जीतनारायन शुक्ल, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, घनश्याम त्रिपाठी एवं राजेन्द्र बहादुर सिंह को संस्कृत गौरव सम्मान प्रदान किया। स्वागत महामंत्री आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी व आभार प्रदर्शन समिति की प्रदेश संगठन मंत्री शिखा तिवारी ने किया। संयोजन समिति के कोषाध्यक्ष कमलापति त्रिपाठी, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाण्डेय एवं कल्पना भट्ट ने किया। कार्यक्रम का समापन समिति के जिला उपाध्यक्ष डॉ० ओमप्रकाश पाण्डेय ने किया। समारोह में समिति के प्रवक्ता अशोक कुमार सिंह, अजीत सोमवंशी, अजय कुमार सिंह एवं शास्त्री सौरभ त्रिपाठी ने संस्कृत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldaonline.co.in"

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री प्रमोद कुमार शुक्ला | भवन सं0 1/26, रजनी खण्ड | शारदा नगर | 18.11.2023 | श्रीमती मंजू शुक्ला, श्री श्रियांशु शुक्ला आयुषी शुक्ला | – | पत्नी, पुत्र पुत्री |
| 2 | स्व0 सोहिनी वर्मा | भवन संख्या 1/271 | विराम खण्ड | 13.06.2024 | 1. श्री अरविन्द कुमार 2. श्री अनिल कुमार 3. श्रीमती अर्चना लाल | – | पुत्र, पुत्र पुत्री |
| 3 | स्व0 पुष्पा दीक्षित | भूखण्ड संख्या– 2/12 | विजय खण्ड | 04.10.2022 | 1. श्री सौरभ दीक्षित 2. श्री राहुल दीक्षित | – | पुत्र पुत्र |
| 4 | श्रीमती सुभाषिनी सिंह | भवन संख्या– एम0डी0–1/153 सेक्टर–डी–1 | कानपुर रोड योजना | 27.04.2023 | श्री तुषार सिंह | 1. श्रीमती तोषी श्रीवास्तव–पुत्री (विवाहित) 2. श्रीमती तरूणा अय्यर – पुत्री (विवाहित) | पुत्र |
| 5 | श्री आशुतोष कुमार | भूखण्ड संख्या– एस0एस0–2/710 सेक्टर–एल | कानपुर रोड योजना | 08.05.2022 | श्री राम बहादुर | 1. श्रीमती मीना– माता 2. श्री विपिन कुमार– भाई 3. सुश्री गरिमा– बहन 4. सुश्री दीपा– बहन | पिता |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## चोरी का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

इटावा।बीती रात चोरों ने 2 घरों में की लाखों की चोरी, 15 दिन पूर्व नौरंगाबाद क्षेत्र में मास्टर के घर हुई चोरी का पुलिस नही कर सकी खुलासा और चोरों ने दूसरी चोरी की वारदात को दिया अंजाम। सदर कोतवाली क्षेत्र में बीती रात दो घरों में ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम, लाखों की चोरी कर चोर हुए फरार। एक ही रात में चोरों ने दो सगे भाइयों के घर लाखों रुपये के जेवरात समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हुए चोर। घर की महिला के ऑपरेशन हेतु हॉस्पिटल गया था परिवार, तभी चोरों ने दिया वारदात को अंजाम। सुबह वापस घर पहुंचे आशुतोष व उनके भाई विनय को घर पहुंचने पर हुई घटना की जानकारी तो पुलिस को दी सूचना। कोतवाली थाना क्षेत्र के करनपुरा राममंदिर के समीप की घटना, मौके पर पहुँचकर पुलिस ने शुरू की जाँच पड़ताल।

## जनपद की विद्युत व्यवस्था बदहाल: उदयभान

इटावा। इस समय जनपद की विद्युत व्यवस्था बदहाल है। रख रखाव के नाम पर प्रतिदिन घंटों कटौती हो रही है। करोड़ों रुपए बिजली व्यवस्था के सुधार के नाम पर जनपद को मिल चुके है इसके बावजूद भी सुधार नहीं हो पा रहा है। बिजली व्यवस्था को लेकर सपा नेता उदयभान सिंह यादव ने कहा कि जबसे लोकसभा चुनाव संपन्न हुए है तब से लगातार एक घण्टे से अधिक बिजली नहीं आ रही है, कटौती होती रहती है। आमजनमानस का इस उमस भरी भीषण गर्मी से हाल बेहाल हो रहा है पेयजल का भी संकट गहराता जा रहा है। उदयभान सिंह यादव ने कहा कि जनपद इटावा में लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष को सफलता न मिलने और राजनेतिक कारणो से बिजली कटौती कर खीझ मिटाई जा रही है बिजली विभाग भी स्थिति स्पष्ट नही कर पा रहा है की बिजली की क्यों कटौती की जा रही है। न ही कोई पूर्व सूचना दी जा रही है अगर लोकसभा चुनाव में सफलता न मिलने के कारण बिजली कटौती करवाही जा रही है तब यह लोकतंत्र में जनता के साथ घोर अन्याय है।

## त्योहार में उलझे श्रद्धालु, मंदिरों पर नहीं दिखा सैलाब

चकरनगर, इटावा।सावन माह के पांचवे सोमवार को भगवान भोले शंकर के भक्त भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन के त्योहार में उलझ गए।जिससे भारेश्वर, कालेश्वर व सिद्धेश्वर मंदिर पर बहुत ही कम संख्या में भक्त जन पहुंचे, किन्तु भारेश्वर मंदिर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने विध-विधान के साथ पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। तहसील क्षेत्र चकरनगर की ऐतिहासिक महाभारत कालीन भूमि और यमुना, चंबल, क्वारी, सिंध व पहूच पांच नदियों के संगम कालेश्वर गढ़िया पर विराजमान कालेश्वर मंदिर, भरेह में भारेश्वर मंदिर व चंबल नदी किनारे सहसों गांव के समीप स्थित सिद्धेश्वर सिद्धनाथ मंदिर पर सावन माह के पांचवे सोमवार को भक्त राखी पर्व पर व्यस्तता के चलते कम संख्या में पहुंचे, लेकिन इस मौके पर एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया व तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्र ने अपनी धर्मपत्नी सहित अन्य कर्मचारियों के साथ भारेश्वर मंदिर पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर मंनत मांगी। इस मौके पर श्रद्धालु कम संख्या में पहुंचे।

## दुकानदार को चाकू मारकर घायल किया

गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गम्भीरपुर में बकाया पैसा मांगने पर मनबढ़ ने दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दुकानदार का इलाज गगहा के ही एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना मंगलवार की सुबह 11 बजे की है।

गगहा-गजपुर मार्ग पर स्थित गम्भीरपुर गांव के बाकेलाल गुप्ता किराना की दुकान चलाते हैं।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि टाइम सिटी मल्टी स्टेट कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड की स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग दिनांक 03.09.2024 को प्रातः 11 बजे सोसाइटी के पंजीकृत कार्यालय 1/32ए विनम्र खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010 में आहूत होगी। कृते टाइम सिटी मल्टी स्टेट कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, लखनऊ

# सैकड़ों महिलाओं ने विधायक राजेश त्रिपाठी को बांधी राखी

## पौहारी कुटी पर सामूहिक रक्षाबंधन कार्यक्रम



गोरखपुर। भाई-बहन के बीच पवित्र बंधन के उत्सव में विधायक राजेश त्रिपाठी मित्र मंडल की ओर से सोमवार को रक्षाबंधन के मौके पर दोपहर 3 बजे पवहारी महाराज कुटी पर पर कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि रक्षाबंधन एक अनूठा त्योहार है जो भाई-बहनों को विशेष बंधन में बांधता है। यह हमारे जीवन में पारिवारिक मूल्यों, प्रेम और सम्मान के महत्व की याद दिलाता है। कार्यक्रम में विधायक राजेश त्रिपाठी को लगभग 200 महिलाओं ने राखी बांधी। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित महिलाओं को उपहार देने के पश्चात संबोधित करते हुए विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि आप सभी ने आज रक्षाबंधन के मौके पर मुझे राखी बांध कर अपना भाई बना लिया है यदि इस भाई की कभी भी आवश्यकता पड़े तो आप मुझे याद करना मैं आप सभी की हर संभव मदद करने का प्रयास करूँगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बनवारी प्रसाद एवं संचालन अखंड प्रताप शाही ने किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, मनीष श्रीवास्तव एडवोकेट, श्रीकांत सोनी, सभासद दीपक शर्मा, संत विजय सिंह, विनय तिवारी, डब्लू सोनकर, बृजेश कुमार, गुड्डू मिश्रा, कमलेश भारती, हरकेश यादव, अष्टभुजा सिंह, आनंद तिवारी, उमेश यादव, संत प्रकाश यादव ब्लॉक प्रमुख गोला, अजीत राव, लालू शर्मा, सुनील कुमार, बबलू तिवारी, विजयलक्ष्मी जायसवाल, तबस्सुम बानो, दुर्गेश मिश्रा, दीनानाथ सोनकर, हिमांशु गौड़, विकास गौड़, रविंद्र कुमार, विपुल साहनी, सहित भाजपा कार्यकर्ता और प्रमुख नागरिकों सहित सभी क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सांसद विधायकों की निरीक्षण भवन में बैठक



इटावा। सांसद व विधायकों के साथ सिंचाई निरीक्षण गृह में बैठक आयोजित की गई। 23 से 31 अगस्त के मध्य होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा पारदर्शिता के साथ कैसे सम्पन्न करायी जाये, इस पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रत्येक उपस्थित राजनैतिक प्रतिनिधि ने अपने-अपने क्षेत्र से सम्बधित समस्याओं को जिलाधिकारी महोदय के समक्ष रखा। जिसमें सैदपुर गांव में बनी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को लेकर समस्या, मलाजनी ग्राम पंचायत में पेयजल की टंकी की समस्या, जिले के कुछ थानों में सीयूजी नम्बर संबंधित समस्या, सण्डे मार्केट में अवैध तहबाजारी वसूलने, टूरिस्ट बसों में मानक से अधिक यात्रियों को ले जाने तथा विद्युत की अवैध वसूली और विद्युत बिल समय से न जमा करने आदि मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक में सांसद जितेन्द्र दोहरे, प्रदीप शाक्य बबलू जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, अनुराग त्रिपाठी प्रतिनिधि गीता शाक्य राज्यसभा सांसद, सरिता भदौरिया विधायका सदर, जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव सहित समस्त जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दी

चकरनगर, इटावा। चकरनगर थाना के गांव नगला चैप के समीप झला अड्डा निवासी एक युवक ने गृह क्लेश से तंग आकर विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराते हुए शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया। 45 वर्षीय गिरीश कुमार पुत्र रूप हरदयाल दोहरे निवासी झला ने रविवार देर शाम विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार गिरीश कुमार लंबे समय से पारिवारिक समस्याओं से जूझ रहा था। घर में आए दिन हो रहे विवाद और तनाव से वह मानसिक रूप से काफी परेशान था। रविवार शाम गिरीश ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने जब उसे गंभीर हालत में पाया, तो आनन फानन में स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में गृह क्लेश को ही आत्महत्या का कारण माना जा रहा है, लेकिन पुलिस सभी संभावित कारणों की भी जांच कर रही है। संतोष कुमार कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक चकरनगर ने बताया कि झला के एक युवक की विषाक्त पदार्थ खाने से मौत हुई है, जिसकी वजह गृह क्लेश बताई जा रही है।

## धूमधाम से मनाया जायसवाल समाज के लोगों ने उज्जैनी पूजा



गोला गोरखपुर। उपनगर गोला में स्थित राम-जानकी मंदिर पर जायसवाल समाज के लोगों ने उज्जैनी पूजा को बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान भगवान राज राजेश्वर सहस्त्र बाहु अर्जुन कुलदेवता की फूल माला अगरबत्ती आदि से विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। रविवार की देर शाम मंदिर पर जायसवाल समाज के लोगों ने एकत्र होकर पुजा अर्चना कर समाज व राष्ट्र के विकास के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जायसवाल समाज के अध्यक्ष व समाजसेवी मनीष जायसवाल ने बताया कि सावन माह में हम लोग अपने कुलदेवता भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की विधि विधान से उज्जैनी पूजा का आयोजन करते है। जिसमें समाज के लोग एक जगह इकट्ठा होकर भगवान से प्रार्थना करतें हैं। आगे उन्होंने कहा कि पुजा के दौरान समाज के दबे कुचलें लोगों की मदद कर उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया जाता है। ईश्वर सभी के जीवन में खुशियां लाएं हम लोगों की यही प्रार्थना है। इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ संजय जायसवाल संजीत जायसवाल सुरेश जायसवाल ईश्वर जायसवाल विनोद जायसवाल शिवलाल जायसवाल राजाराम जायसवाल रवि जायसवाल अविनाश जायसवाल पिन्टू जायसवाल सुमित जायसवाल शम्भू जायसवाल आकाश जायसवाल विनय जायसवाल आशीष जायसवाल सहित अधिक संख्या में जायसवाल समाज के श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भाई-बहन की उल्टी व दस्त से मौत



गोरखपुर। गोरखपुर जिले के गीडा इलाके में रक्षाबंधन पर एक भाई-बहन की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। आशंका है कि दोनों की मौत फूड प्वाइजनिंग से हुई है। दोनों रात में समोसा और पनीर खाकर सोए थे। मंगलवार की सुबह एक-एक कर दोनों की हालत बिगड़ती चली गई। जब तक परिवार के लोग उन्हें अस्पताल ले गए, दोनों की मौत हो गई। सूचना पाते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल पूरी करने के बाद पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का नाम विकास (15) वर्ष व उसकी बहन का नाम पूजा (21) वर्ष था। पिपरौली व गीडा संवाददाता के अनुसार, सिकरीगंज इलाके के कटघरा की रहने वाली सीमा पत्नी दूधनाथ यहां गीडा इलाके के बांसपार निवासी गंगा पांडेय के मकान में पिछले 12 से किराए का कमरा लेकर रहती हैं। उनके साथ उनकी बेटी पूजा (21) और बेटा विकास (15) भी रहते थे। जबकि, उनके पति दूधनाथ जालंधर पंजाब में मजदूरी करते हैं।

सीमा यहां गीडा पारले फैक्ट्री में मजदूरी करती हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि सोमवार को रात में 3 बजे के करीब विकास को अचानक उल्टी- दस्त की शिकायत हुई। उसे लेकर उसकी मां चौराहे पर एक बंगाली डॉक्टर के यहां पहुंचीं और दवा ली। लेकिन, इससे कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद मां बेटे को लेकर जिला अस्पताल जाने लगीं। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके थोड़ी देर बाद पूजा की तबियत भी बिगड़नी शुरू हुई और उसने भी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिवार के लोगों के मुताबिक, पूजा की शादी अभी एक साल पहले बेलघाट इलाके के छितौनी में धर्मेंद्र के साथ हुई थी। धर्मेंद्र दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। पूजा भी शादी के बाद वो वहीं थी। अभी एक महीने पहले ही वह अपनी मां के पास आई थी। परिवार के लोगों ने बताया, रात में घर में पनीर की सब्जी बनी थी। जिसे भाई बहन ने खाया था। मां की तबीयत ठीक नहीं होने से उसने खाना नहीं खाया था। खाना खाने से पहले पूजा और विकास ने जिस दुकान से पनीर खरीदा था, वहीं से समोसा भी खरीद कर खाया था। ऐसे में आशंका है कि फूड प्वाइजनिंग की वजह से ही दोनों की मौत हुई है। गीडा पुलिस ने पनीर की सब्जी और जिस दुकान से पनीर और समोसा लिया गया था, वहां सैंपलिंग भी कराई है। खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने आरोपित दुकान पर पहुंच जांच करने के साथ कुछ सामानों का सैंपलिंग भी किया है। साथ ही टीम दवा करने वाले बंगाली डाक्टर की दुकान की जांच करेगी। घटनास्थल पर एसडीएम सहजनवा दीपक गुप्ता, एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव व गीडा एसओ महेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे।

## पंखे से दुपट्टे का फन्दा बना झूल गया युवक, मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मोहरीपुर तरहवा निवासी एक युवक पंखे से दुपट्टे का फन्दा बना कर झूल गया शुबह कमरे का नजारा देख मृतक की भामी एवं अगल बगल के लोगो ने तत्काल इसकी सूचना चिलुआताल पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फोरेन्सिक टीम घटना स्थल पर पहुंच शव फन्दे से नीचे उतार बिधिक कार्यवाही कर पी यम के लिये भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मोहरीपुर तरहवा निवासी रिंकू पुत्र स्व० कैलास हैदराबाद रह कर पेण्ट पालिस का कार्य करता है घर पर उसकी पत्नी सावित्री अपने तीन बेटियो एवं देवर गणेश के साथ घर पर रहती थी साबित्री अपने बेटियो के साथ छत पर बने कमरे में सोती थी मृतक गणेश नीचे के कमरे में सोता था सोमवार की रात पूरा परिवार खा पी कर अपने अपने कमरे में सोने चला गया मंगलवार की शुबह जब साबित्री अपने कमरे से नीचे आई तो देवर के कमरे का नजारा देख दहाड़े मार कर चिल्लाने लगी शोर सुन अगल बगल के लोग इकट्ठे हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फोरेन्सिक टीम मौके पर पहुच पंखे से लटके शव को नीचे उतार जाँच पड़ताल कर पोष्ट मार्टम के लिये भेज दिया मृतक के माता पिता की मौत पहले ही हो गयी है गणेश घर पर ही रह कर मेहनत मजदूरी करता था अगल बगल के लोगो के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था मृतक की अभी शादी नही हुई थी पुलिस मौत के कारण की तह तक पहुंचने के लिये जाँच पड़ताल कर रही है

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि., लेसा-जानकीपुरम, लखनऊ अल्प कालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-महानगर, लेसा-जानकीपुरम, मविविनिलि, लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु उ.प्र. सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट पर ई-निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती है, निविदाओं का विवरण निम्नवत हैः- S.N.-1 E-Tender no.-18/EUDC (VI)/2024-2025, Earnest Money RTGS/ NEFT/ IMPS only (Refundable)-6500.00 Tender Document Fee +18% GST through RTGS/NEFT only (Non Refundable)-1000+180 =1180 (Inclusive GST), Bid Submission date & time-30.08.2024 Time 14:00p, Technical Bid opening Date & time 31.08.2024 Time 14:00pm Short Detail of work : विद्युत नगरीय वितरण वितरण खण्ड विश्वविद्यालय के अन्तर्गत जमा योजना में प्रस्तावित एल.टी. लाइन एवं 11 के.वी. लाइन का निर्माण कार्य, पोल/लाइन स्थानान्तरित करने, विभिन्न क्षमता के परिवर्तकों को स्थापित करने तथा परिवर्तकों को ऊर्जीकृत करने हेतु। इच्छुक फर्मों द्वारा ई-निविदा के सापेक्ष उ.प्र. सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) एवं धरोहर धनराशि उपरोक्त तालिका के अनुसार जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, महानगर के पंजाब नेशनल बैंक, महानगर, लखनऊ के खाता सं.-0758002100027903, आई.एफ.सी. कोड PUNB0075800 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा। निविदा शुल्क (जीएसटी सहित) एवं धरोहर धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करने के साक्ष्य स्वरूप यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप (Copy of issued Bank confirmation mail) की मूल प्रति निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर प्रपत्र में इंगित आवश्यक प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ प्रस्ताव निर्धारित तिथि तक अपलोड किये जा सकते है। ई-निविदा का प्रथम भाग (तकनीकी बिड) निर्धारित तिथि को समय 14.00 बजे खोला जायेगा तदनुसार तकनीकी विश्लेषण के उपरान्त निविदा में अर्ह फर्मों का द्वितीय भाग( फाइनेन्शियल बिड) खोला जायेगा। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी । भविष्य में सम्बन्धित निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता हैए तो उसकी सूचना उ.प्र. सरकार की ई-टेन्डर वेबसाईट https:// etender. up.nic.in तथा मध्याचल की वेबसाइट https://mvvnl.in पर उपलब्ध करायी जायेगी । अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त /विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **अभियन्ता अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-षष्टम्, लेसा (ट्रांसगोमती) लखनऊ हेल्पलाइन नम्बर 0522-4957729 ''राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''(पत्रांक-2898, दिनांक 17.08.2024)**

## कांग्रेस ने जयंती पर राजीव गांधी को किया याद

इटावा। कांग्रेस कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई तथा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा आज हम ऐसे नेता का जयंती मना रहे हैं जिन्हे देश में कंप्यूटर और संचार क्रांति का जनक कहा जाता है राजीव जी की सोच थी कि देश के युवा वर्ग को आगे ले जाने के लिए कंप्यूटर और विज्ञान की शिक्षा आवश्यक है उन्होंने सरकारी बजट में इसके लिए बजट को भी बढ़ाया था। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से पूरे देश में जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना की उन्होंने गांव को शासन और लोकतंत्र में उसकी भागीदारी बढ़ाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू करने का बड़ा फैसला लिया था इसके माध्यम से उन्होंने पूरे देश में ग्राम सरकार की अवधारणा लागू की और पंचायत को ज्यादा से ज्यादा अधिकार दिए उनका मानना था की ग्राम पंचायत को वह दर्जा मिलना चाहिए जो संसद और विधानसभा को है।

# अंतिम सोमवार को उमड़ा शिवभक्ति का सैलाब



जसवंतनगर, इटावा। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जसवंतनगर के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों ने शिव मंदिरों में पहुंचना शुरू कर दिया था, जो दिन भर जारी रहा। देवों के देव महादेव पर बेल पत्र और दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक करने के लिए भोले भंडारी के भक्त बम बम भोले के जयकारे के साथ मंदिरों परिसरों पर पहुंचे। बेलपत्र के वृक्षों पर भी भोर से लोग बेलपत्र तोड़ने जमा हुए। बाजार में बेलपत्र, फल, फूल, धतूरा और दूध की खूब बिक्री हुई। नगर के प्रमुख शिवालयों में रामेश्वरम शिवालय, बिलैया शिव मठ, शाला मठ, केवल शिव मंदिर, रेलवे क्रॉसिंग मठ, नगला इच्छा शिवमठ, गुलाब बाड़ी शिवालय, चूडामन शिव मंदिर, तालाब शिव मंदिर, कोठी कैस्त विश्वेशर मंदिर आदि में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कुछ शिव मंदिरों में अखंड जाप और शिवलिंग की महाआरती का आयोजन किया गया। कांवड़ियों ने विभिन्न स्थानों से जल लाकर शिव का जलाभिषेक किया। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, दही, और गंगाजल से अभिषेक किया और पूजा-पाठ के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पुलिस ने मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। भक्तों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पुलिस तैनात रही। मंदिरों के आस-पास प्रसाद के स्टाल भी लगाए गए थे, जहां भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। शिव भक्तों की भीड़ और शिव मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों ने जसवंतनगर को शिवमय बना दिया। भक्तों की श्रद्धा और भक्ति ने शिवालयों में एक अद्भुत माहौल बनाया।

# प्रधानपति की हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



इटावा। प्रधानपति की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बड़े ही शातिराना अंदाज से प्रधानपति की हत्या की थी। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर प्रधानपति की हत्या का खुलासा कर दिया। यहां पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने पुलिस के सामने प्रधानपति की हत्या का जुर्म कबूल किया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानपति की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बड़े ही शातिराना अंदाज से प्रधानपति की हत्या की थी और मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे की द्वार को लेकर फरार हो गए थे। मामला बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अवारी में रहने वाले 42 साल के प्रधानपति मनोहर भदौरिया के घर 18 अगस्त को अधजला शव मिला था। सूचना मिलने के बााद मौके पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा और फारेंसिक ओम पहुंची थी जहां पूरे मामले को गंभीरता के साथ लिया था। इस मामले को लेकर एसएसपी के तरफ से छह टीमों का गठन किया गया था और जल्द ही हत्या का खुलासा करने की बात कही गई थी। पुलिस हत्या का खुलासा करने के लिए आरोपियों को तलाश कर रही थी तभी मंगलवार को आपराधिक सूचना मिलती है कि फिराक में यमुना पुल पर मौजूद है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचती है और घेराबंदी करते हुए शैलेष सिंह भदौरिया उर्फ शालू को मौके से गिरफ्तार किया जाता है जब उससे पूछताछ की जाती है तो वह दूसरे साथी अमन के बारे में बताता है वहीं शैलेष सिंह के द्वारा बताए गए स्थान पर पुलिस पहुंचती है जहां से अमन नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया जाता है। एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर नागेन्द्र चैबे के निर्देशन में पुलिस टीम में जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, नागेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस, गणेशशंकर द्विवेदी प्रभारी थाना बढ़पुरा, उ.नि. रजनीश तिवारी, उ.नि. शम्भूदयाल रहे।

### आरोपियों ने कबूला अपना जुर्म

बढ़पुरा पुलिस व सर्विलांस टीम के द्वारा शैलेष से पूछताछ की जाती है तो वह बताता है कि हमारी मनोहर से प्रधानी को लेकर प्रतिद्वंदता थी। मनोहर हमारे घर, परिवार की बच्चियां भी भद्दे कमेंट करता था जिसकी बच्चियों ने बार बार शिकायत की थी। मनोहर भदौरिया ने करीब 15 दिन पहले मेरे परिवार की बच्ची के साथ बदनीयती से टच किया था तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी थी जिससे हमारा पूरा परविार त्रस्त व भयभीत था। अभियुक्त ने अमन ने बताया कि दो ढाई माह पूर्व मनोहर भदौरिया की बगिया में मेरी बकरिया चली गई थी जिसको लेकर मनोहर सिंह ने मेरी दादी के के साथ गांव में सरेआम मारपीट की थी।

# इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक ने किया इटावा दौरा

इटावा। इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-2 हेमन्त राठौर बॉटलिंग प्लान्ट का निरीक्षण करने हेतु आये, प्लान्ट के निरीक्षण उपरान्त उन्होंने इटावा, औरैया,




मैनपुरी जनपद से आये हुये इण्डियन ऑयल के समस्त एलपीजी वितरकों से विस्तृत वातार्लाप किया एवं सन्देश देते हुये कहा कि हम लोगों को हमारे उपभोक्ताओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना है, सुरक्षा से किसी भी प्रकार का कोई भी समझौता नहीं किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकता उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करना होना चाहिये, सुरक्षा के दृष्टिकोण को देखते हुये बेसिक सेफ़्टी चेक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी वितरक बंधुओं को बढ़ चढ़ कर कार्य करना चाहिये जैसा कि आप सभी लोग कर भी रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त वितरक बंधु ग्राहक सेवाओ का पूर्ण ख्याल रखे एवं बताया कि आमतौर पर रोज 22 लाख सिलेण्डर रिफिल बांटी जाती है किन्तु आप लोगो ने कॅरोना जैसी महामारी के समय जो देश हित में सेवा की प्रतिदिन 33 लाख सिलेण्डर रिफील वितरण का कार्य किया ये बहुत ही अपने कार्य के प्रति सजगता का प्रतीक है, हम सभी के लिए देश पहले ऑयल बाद में, इण्डियन ऑयल अपने ग्राहकों के प्रति पूर्ण समर्पित हैं।

संक्षेप

## किशोरी से रेप का प्रयास

लखीमपुर-खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम मेहंदी खरीदने दुकान गई किशोरी को एक युवक ने अगवा कर नाले की तरफ सूनसान स्थान पर ले जाकर रेप की कोशिश की। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देख आरोपी भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास में जुट गई है। रविवार रात आठ बजे किशोरी गांव के ही एक दुकान से मेहंदी का पैकेट खरीदने गई थी। जब वह वापस घर लौट रही थी, तभी गांव के ही सूरज नामक युवक ने उसे दबोच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। आरोपी ने किशोरी को उठाकर नाले की तरफ ले जाने की कोशिश की, लेकिन किशोरी के जोर से चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। यह देख आरोपी मौके से भाग निकला घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। किशोरी के परिवार वालों ने उसे थाने पहुंचाया, जहां पीड़िता की मां ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल आरोपी सूरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राखी बांधने आयी बहन की दुर्घटना में मौत

मीरजापुर ।थाना राजगढ़ के ददरा गांव के पास रविवार की रात पति के साथ मायके भाई को राखी बांधने आई बहन सड़क पार करने वाली थी, उसी बीच बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल बहन को इलाज के लिए सीएचसी राजगढ़ पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने उसे ट्रॉमा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर मीरजापुर में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत होने से बहन भाई को राखी नहीं बांध सकी। बताते हैं कि सोनभद्र जिले के कर्मा गांव निवासी मनीता 40 वर्ष पत्नी राम अचल यादव का मायका राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा गांव में है। मनीषा अपने पति राम अचल यादव के साथ बाइक से रविवार को देर शाम अपने मायके रक्षाबंधन पर भाई को रखी बांधने आ रही थी। पति ने पत्नी के मायके के सामने बाइक रोकी। सड़क उस पार मनीता के भाई का मकान था। पति ने सड़क की दूसरी तरफ बाइक रोक दी थी। मनीता बाइक से उतर कर सड़क पार करने वाली थी, उसी बीच तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। इस हादसे में मनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे ट्रॉमा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बहन की मौत से रक्षाबंधन पर भाई की कलाई सूनी रह गई। मनीता से दो पुत्र और एक पुत्री हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजगढ़ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बाइक की टक्कर से घायल महिला को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। जहां उसकी मौत हो गई। बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा

## डीएम बोली, सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में करें सुधार



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। शासन से निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने एनआरएलएम, समाज कल्याण, पर्यटन, उद्योग विभाग की खराब प्रगति पर नाराजगी प्रकट की। पीडब्ल्यूडी सीडी-1लखनऊ के अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस भेजने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिलों में चल रही सरकार की सभी योजनाओं, सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की।

डीएम ने कहा कि अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार करे। उसमें गंभीरता दिखाये। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने का पूरा प्रयास करना चाहिए।

डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों को सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग पर नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि रैंकिंग का खराब होना विभागीय अधिकारियों की लापरवाही परिचायक होगा।जिन विभागों की प्रगति निम्न श्रेणी में है, उसे उच्च श्रेणी में लाया जाए। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है। अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि अपने कार्यों में सुधार लाये। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे, अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को निस्तारित करें, जो भी परियोजनाओं

## धीमी प्रगति वाली परियोजनाओं की वर्किंग एजेंसी पर डीएम खफा, स्पष्टीकरण तलब

लखीमपुर खीरी। 50 लाख से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशासकीय विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली (सीएमआईएस डैश बोर्ड) का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें तथा सभी कार्यदाई संस्थाएं अद्यतन प्रगति की सूचना अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि जनपद की रैंक प्रभावित न होने पायें।

डीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओं में पैसे की कमी नहीं है, फिर भी प्रगति धीमी है ऐसी कार्यदाई संस्थाओं से सीडीओ स्पष्टीकरण तलब करे। बैठक में अनुपस्थित पीडब्लूडी सीडी-वन लखनऊ डिवीजन पर नाराजगी जताई। अलग से उनकी परियोजनाओं की समीक्षा की बात कही।

डीएम ने निर्देश दिए कि अफसर अंतर्विभागीय समन्वय, तालमेल बनाते हुए समस्या का समाधान करे। मीटिंग में उन्ही समस्या को रखे जो उनके स्तर से हल नहीं हो रही है। जिन परियोजनाओं में 90 फीसदी काम पूरा हो चुका और धनाभाव नहीं है। उन परियोजनाओं को इस माह के अंततक प्रत्येक दशा में संबंधित विभाग को हैंडओवर किया जाए। प्रशासकीय विभागो व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि लीडरशिप अप्रोच रखकर नियमित फील्ड विजिट करें, इससे काम की प्रगति बढ़ेगी। अपने स्तर पर माइक्रो लेवल पर भी नियमित समीक्षा कर गुणवत्ता के साथ ससमय परियोजनाओं को पूर्ण कराए। उन्होंने वर्किंग एजेसियो को सचेत करते हुए कहा कि अगले माह समीक्षा के दौरान जिन वर्किंग एजेंसी की परियोजनाएं छह या तीन माह से ज्यादा देरी से मिली और उन्हें धनभाव भी नहीं है। ऐसी संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट करने, भविष्य में उन्हें काम न दिए जाने के संबंध में सक्षम स्तर को लिखा जाएगा।

का निर्माण कार्य चल रहा है उसकी प्रगति में सुधार लाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन जिलों की प्रगति अच्छी है वहां के अपने समकक्ष अधिकारी से बात करें, उनसे सीख लेते हुये अपने यहां भी बेहतर परिणाम लाकर दिखायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में जिन विभागों की डी रैंकिंग पायी जायेगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## युवक की सड़क हादसे में मौत

जंगबहादुरगंज खीरी। रक्षाबंधन पर पत्नी को मायके छोड़ने गए युवक को घर लौटते समय रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो जाने के बाद जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। पसगवां ब्लॉक के ग्राम नदी के रहने वाले कमल किशोर शर्मा 19 अगस्त 2024 को समय करीब 3 बजे अपनी पत्नी को लेकर ससुराल को रक्षाबंधन कराने के लिए लेकर गए थे जहां पत्नी को मायके में छोड़कर अपनी बाइक से घर आते समय सुखवसा और पांडेवारी के बीच में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कमल किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल शाहजहांपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक कमल किशोर शर्मा व कमलेश शर्मा दो भाई थे व 4 बहन नन्ही शर्मा 45, विमला शर्मा 48, रेनू शर्मा 35, नीलम शर्मा 30 व मृतक की पत्नी रेनू देवी 30 और 2 बच्चे विनय शर्मा 11, मिनाक्षी 6 वर्ष की है। पत्नी रेनू का मायका ग्राम चतुरपुर थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर में हैं मां भाई बहन व पत्नी बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत, कई घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सोमवार को अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा निवासी अनिल कुमार (34) पुत्र जगदीश गोला के मोहल्ला मथुरानगर में अपनी ससुराल में राखी लेकर बाइक से घर वापस लौट रहा था। मोहम्मदी रोड पर पिकअप यूपी 76टी/7847 ने सामने से बाइक यूपी 27 बीसी/3951 में टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक की सड़क पर गिरकर ही मौत हो गई। दूसरी घटना बांकेगंज रोड पर गांधीनगर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से थाना हैदराबाद के गांव रम्मापुर निवासी बाइक सवार आशीष कुमार गंभीर घायल हो गया, उसे सीएचसी भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना में नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी मुन्नालाल (50) अपने दामाद मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नकहा निवासी राजेश कुमार (32) के साथ बाइक पर जा रहे थे। सिकंद्राबाद रोड पर निजामपुर गांव के पास सामने से आ रही बाइक की टक्कर लगने से ससुर, दामाद गिरकर घायल हो गए, जिसमें मुन्नालाल की मौके पर मौत हो गई। दूसरी बाइक सवार नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी कुलदीप घायल हो गए। सोमवार देर शाम पीलीभीत जिले के ग्राम पिपरिया दुलही निवासी सतीश कुमार और भीरा निवासी प्रियांशु बाइक से लखीमपुर जा रहे थे। बताया जाता है कि निपनियां के पास कार की टक्कर से दोनों सड़क पर गिर गए, जिसमें सतीश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल प्रियांशू को सीएचसी भेजा गया हैं। हैदराबाद पुलिस ने शव सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## परंपरागत और हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन का पर्व



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन परंपरागत और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई में रेशम का धागा बांध कर अपना प्यार लुटाया।

भाई बहनों के अटूट रिश्तों का त्योहार रक्षाबंधन के पर्व की याद भला किस भाई बहन को नहीं होगी। भाई बहन इस पर्व का इंतजार साल भर से करते है, भाई जहां बहनों से राखी से बंधवाने के लिए उत्साहित होते हैं, वहीं बहनें भी पूरी तैयारियां कर रखती हैं। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनको मिठाई खिलाकर कलाई पर रेशम का धागा बांध उनके दीर्घ जीवन की कामना की। भाइयों ने बहनों को रक्षा बांधने के बदले उनकी रक्षा का बचन देकर उन्हें उपहार भी दिए। शहर से लेकर देहात तक मिठाई की दुकानें सजीं थीं। बहनों ने मिठाई और राखी की दुकान पर खरीदारी जमकर की।

### यात्रियों को हुई परेशानी

रक्षाबन्धन के पर्व पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडा। लोगों ने यात्रा का एक दिन पूर्व कार्यक्रम तैयार किया। लेकिन बसों की स्थिति यह थी कि उनमें पैर रखनें तक की जगह नहीं थी। बसों की कमी के चलते गोला से लखनऊ, बरेली , शाहजहांपुर, मोहम्मदी, खुटार मैलानी के लिए यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडा। इसका फायदा सबसे अधिक डग्गामार वाहनों ने सबसे अधिक उठाया इन डग्गामार वाहन चालकों ने ठूंस ठूंसकर सवारियां तो बैठाई साथ ही मनमाना किराया भी बसूल किया।

## महिला ने पांच लोगों पर लगाया पुत्र की हत्या का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) एक महिला ने हैदराबाद थाना क्षेत्र निवासी कुछ लोगो पर पुत्र की हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाते हुये न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजापुर बेनी निवासी रामकुमारी पत्नी बहोरनलाल ने न्यायालय के आदेश पर हैदराबाद में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर निवासी मायाराम पुत्र प्यारे लाल 26 जून 2024 को उसके 20 वर्षीय पुत्र पुष्पेन्द्र कुमार को हरिद्वार टहलाने के बहाने घर से गया। एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी जब वह वापस नहीं आया तो मायाराम से पूछताछ की। उसने बताया कि वह कहीं चला गया है मुझे जानकारी नहीं है। काफी-खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लग सका। बाद में पता चला कि गांव निवासी एक व्यक्ति के यहां हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनहां निवासी रेखा पुत्री रामासरे अक्सर आया करती थी। जिससे उसके प्रेम सम्बन्ध थे और वह अक्सर एकांत में बाते किया करता था। रामकुमारी का आरोप है कि रेखा ने साजिश के तहत उसके पुत्र को फोनकर अहमदनगर निवासी मौसा नरेश पुत्र बिन्द्रा के घर बुलाया और वहां मायाराम, रेखा देवी, रेखा का भाई हरिओम, नरेश उनकी पत्नी ने उसके पुत्र की हत्याकर कर शव गायब कर दिया।

## नगर व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 3 ,महामंत्री पद पर 4 नामांकन दाखिल

पलियाकलां-खीरी। उत्तर प्रदेश उद्योग नगर व्यापार मंडल के चुनाव में आज नामांकन कार्यक्रम पलिया के अग्रवाल धर्मशाला सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष



पद हेतु अनूप मिश्रा, धीरज गुप्ता व आलोक गुप्ता ने अपना नामांकन दाखिल किया। महामंत्री पद हेतु चांद कुमार जैन, राजीव गुप्ता ,संदीप बंसल व आशीष अग्निहोत्री ने अपना दाखिल किया ।नामांकन पत्रों की जांच आपत्ति व निस्तारण 21 अगस्त को चुनाव चिन्ह आवंटन 22 अगस्त को मतदान 27 अगस्त को अग्रवाल धर्मशाला पलिया में संपन्न होगा यह जानकारी चुनाव प्रभारी उदयवीर सिंह ने दी ।इस अवसर पर चुनाव अधिकारी जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी सह चुनाव अधिकारी मुनेन्द्र पाल सिंह फुरकान अंसारी शिव कुमार सोनी तहसील अध्यक्ष बलराम गुप्ता महामंत्री राजीव गुप्ता अनिल वर्मा ,गगन मिश्रा, अमन गुप्ता राकेश गर्ग ,संदीप कोहली, किशन सिंह राजू राठौर,सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

## महिला की मौत के मामले में चालक पर रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मोहम्मदी रोड पर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर 12 अगस्त को हुई महिला मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शाहजहांपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र के जलालनगर निवासी गोपाल कृष्ण वर्मा पुत्र ज्वालाशंकर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी बहन सुषमा वर्मा उर्फ बबली देवी पत्नी धर्मेन्द्र वर्मा अपने बहनोई देवेंद्र कुमार के साथ बाइक से 12 अगस्त को शिव मंदिर में दर्शन करने के लिए आ रही थी। सुबह 8 बजे गोला में सरायन नदी की पुलिया के पास खडी थी। इसी दौरान एक टेज्क्टर सं0 यूपी 76वी/7885 के चालक ने लापरवाही व तेजी से चलाकर उसकी बहन को टक्कर मार दी। जिससे बबली गंभीर घायल हो गई। घायल होने पर देवेन्द्र गंभीर हालत तत्काल सीएचसी लाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

## 151 कन्याओं को कराया भोज



मोहम्मदी खीरी। मां जानकी सेवा संस्थान टीम द्वारा कांवरिया स्वागत समारोह एवं कांवरिया हेल्पलाइन कार्यक्रम का समापन कन्या भोज करवा कर किया गया।1 8 कांवरिया स्वागत समारोह कांवरिया हेल्पलाइन के आयोजक समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया तीस दिवसीय कार्यक्रम में इस बार हर बार का रिकॉर्ड मेले का टूटा है।भंडारे में लाखों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।सफलता पूर्वक भंडारे का पूरा श्रेय बाबा को समर्पित कर रहा हूं।

सफल आयोजन संपन्न होने पर 151 कन्याओं को कन्या भोज कराकर कार्यक्रम का समापन के दौरान कन्याओं पर पुष्प वर्षा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों,सहयोगियों द्वारा की गई।गोला मोहम्मदी मार्ग पर कांवरियों के किसी भी प्रकार की समस्याओं को लेकर सुविधा के लिए 10 किलोमीटर की परिधि में फ्लेक्स लगाए गए थे।कांवरिया हेल्पलाइन के द्वारा कांवरियों द्वारा लगाए गए फ्लेक्स पर सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से उनको सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसमें 9 ट्रैक्टर 33 गाड़ियों के पंचर 22 मोटरसाइकिलों की मरम्मत 4 जनरेटर की मरम्मत 5 साइकिल मरम्मत सैकड़ो कांवरियों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर क्षेत्रीय नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शुक्ला पंडित चंद्रभाल मिश्र, संजीव मेहरोत्रा, ठाकुर दिनेश सक्सेना, नरेंद्र सिंह, सन्नी मेहरोत्रा, रजनी सैनी, सुशील कटियार,सभासद राम सिंह, उर्मिला देवी, बिजेंदर, उदय प्रताप, लक्ष्मी कुशवाहा, आशीष, मोनू, करन राठौर, नीरज राठौर, अनूप, शिवम सिंह, अमन राठौर, नंदू राठौर, नन्हे, आनंद,अनिल शर्मा,महेश सिंह, अर्जुन राठौर, शिव पूजन राठौर, विपुल भारद्वाज, गौरव, नीरज सक्सेना, सागर राठौर, योगी, धर्मेंद्र कश्यप, जितेंद्र, काजू कारीगर, अंकित सिंह, धनीराम, हरिराम सैनी,पंकज राठौर, विकास राठौर, ऋषभ सैनी, काजू कारीगर, प्रमोद,रमेश, रामजी, ध्रुव गुप्ता, प्रयांशु सक्सेना, गुड़िया, रामनिवास, विकाश कनौजिया सहित कार्यक्रम के सहयोगी मौजूद रहे।

## भोले बाबा का जलाभिषेक कर की मंगलमय जीवन की कामना



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सावन के आखिरी सोमवार पर सुबह से ही पौराणिक शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड पडा है। लोगों ने भोले भंडारी को बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगांजल चढाकर मंगलमय जीवन की मनौतिया मांगी।

सावन के आखिरी सोमवार के मौके पर पौराणिक शिव मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रृद्धालुओं की भीड उमड पडी। मंदिरों में पूजन अर्चन करने के लिए भक्त कतार में लगे हुए हैं। भोले के भक्त भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा अर्चना कर उन्हें रिझाने और प्रसन्न करने की कोशिश की। मान्यता हैं कि सावन के आखिरी सोमवार का विशेष महत्व होता है, सावन माह में की जाने वाली शिव की उपासना और वो भी सावन के आखिरी सोमवार को की जाने वाली शिव भक्ति हर भक्त के जीवन में सुख लाती है। इसी को लेकर श्रद्धालुओं की भीड मंदिर में उमड पडी। प्रातः नियमित पूजा अर्चना के साथ जैसे ही दर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ श्रद्धालुओं ने फल फूल, धूप दीप, नैवेद्य, भांग धतूरा, प्रसाद, गंगाजल, दूध, वस्त्र सहित अन्य पूजन सामग्री लेकर भक्तिभाव से शिव मंदिर में भोलेबाबा का जलाभिषेक कर जीवन मंगलमय की कामना की।

## कृषक समाज के पूर्व संस्थापक की मनायी जयंती



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कृषक समाज इंटर कॉलेज में कॉलेज संस्थापक एवं पूर्व राज्य मंत्री भारत सरकार स्वर्गीय बाल गोविंद वर्मा की 101वीं जयंती मनाई गई

मंगलवार को प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक जयंती मनाई गई। समारोह का शुभारंभ कालेज प्रबंधक पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कॉलेज की आरोग्य वाटिका में स्थापित स्वर्गीय बाल गोविंद वर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया।

हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने स्वर्गीय बाल गोविंद वर्मा के जीवन वृत्त और जिला खीरी के लिए किए गए विकास कार्यों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने पिताजी के साथ बिताए हुए पलों को याद करते हुए अपने संस्मरणों को साझा किया। उन्होंने कहा वह एक कुशल नेता होने के साथ-साथ महान शिक्षाविद भी थे। उनकी सोच का ही परिणाम आज कृषक समाज कॉलेज विशाल रूप में बनकर उभरा है और वह सदैव विद्यालय परिवार के सहयोग से उनके सपने को साकार करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा जिस दिन आपके अंदर मैं कर सकता हूं मैं करूंगा जागृत हो जाएगा उस दिन आप अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करोगे। कार्यक्रम के दौरान प्रबंध समिति के उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्र, डॉ अनिल कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्काउट शिक्षक देवेंद्र सिंह ने किया।

## जयंती पर याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस पार्टी के कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार, उनके मूल्य और लोगों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता सदैव हमारी प्रेरणा बनी रहेगी।

भारत भूषण कॉलोनी स्थित कांग्रेस पार्टी के कैंप कार्यालय पर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में स्व0 राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। प्रहलाद पटेल ने कहा कि संचार क्रान्ति के जनक राजीव ने अपनी कुबार्नी देश की एकता व अखण्डता को बनाये रखने के लिये दी। उन्होने कहा कि हमारा हिन्दुस्तान संचार क्रान्ति के क्षेत्र में जो आगे निकला है वह राजीव गांधी की ही सोंच थी। पंचायती राज व्यवस्था उन्होंने लागू कर गांव की पंचायतों को विकास के लिये आर्थिक रूप से मजबूत कर दिया। इसके उपरान्त पूर्व राज्यसभा सांसद आदरणीय रवि प्रकाश वर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उन्हें एक औषधीय पौधा भेंट किया।

## शराब की दुकान के विरोध में डीएम को ज्ञापन सौंपा



जौनपुर। विकास खण्ड मुफ्तीगंज के ग्राम सभा- भोगीपट्टी में उदियासन से स्थानांतरित कर खोले जा रहे देशी व विदेशी शराब की दुकान के विरोध में लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

पूर्व में गांव के नागरिकों ने भारी संख्या में उपजिलाधिकारी कार्यालय केराकत का घेराव कर शराब की दुकान के विरोध में ज्ञापन सौंपा था ।विकास तिवारी का कहना है कि जहां शराब की दुकान खुल रही है, वहां से 100 मीटर की दूरी पर प्राचीन ब्रम्ह बाबा का मंदिर तथा 150 मीटर की दूरी पर स्कूल है। हमारे गांव के मध्य में आकर घनी आबादी के बीच शराब की दुकान खोलने का प्रयास आबकारी विभाग द्वारा किया जा रहा है ।यदि उक्त शराब की दुकान की स्थापना प्रशासन द्वारा जबरन हमारे गांव में कराया गया तो उसका बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव हम ग्राम वासियों पर तथा हमारी आने वाली पीढ़ी व नस्ल पर पड़ेगा। हीरालाल प्रधान ने कहा कि शराब की दुकान खोले जाने से क्षेत्र का माहौल खराब होगा तथा शराब की दुकान खुलने से इसका असर स्कूली बच्चों पर भी पड़ेगा। बड़ा दुःख हो रहा है सरकार गांव गांव बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था करने की बजाय गांव में शराब परोसने में जुटी है। शराब की दुकान खोलें जाने को लेकर लोगों में जबरदस्त गुस्सा है। अतुल सिंह, विराज ठाकुर,विकास तिवारी, हीरालाल प्रधान,बोधन मिश्रा निलांचल तिवारी, माठू प्रजापति, दयाराम, साहब लाल, मनोज राय आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## बारिश से मौसम हुआ सुहाना

आजमगढ़। भादों लगते ही मंगलवार को भोर से ही रूक-रूक कर हो रही रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। उमस और गर्मी से बेहाल लोगों को काफी हद तक राहत मिली। जबकि पारा में भी गिरावट दर्ज हुआ पिछले एक सप्ताह से क्षेत्रवार कहीं हल्की तो कहीं मुसलाधार बारिश हो रही है। सोमवार की शाम को जिले के कई स्थानों पर रिमझिम बारिश हुई। मंगलवार को भोर से ही शहर समेत आस-पास के क्षेत्रों में रूक-रूक कर रिमझिम बारिश हुई। बारिश से मौसम सुहाना हो गया। गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को राहत मिली। हालांकि तापमान में गिरावट दर्ज किया गया। बारिश होते ही किसानों के चेहरे खिल गए। किसान खेती-बारी में जुट गए।

## प्रेमी युगल की मंदिर में कराई शादी

आजमगढ़। रानी की सराय थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में पकड़े गये प्रेमी युगल की ग्रामीणों ने मंदिर में शादी रचा दी। इस दौरान काफी संख्या में लोग जुटे रहे। थाना क्षेत्र के बेहटा निवासी युवती के ननिहाल निवासी सठियांव के सुजीत नामक युवक आना जाना था। दोनों में प्रेम परवान चढ़ने लगा। सोमवार की रात आये युवक को परिजनों ने पकड़ लिया। सूचना देकर पुलिस के हवाले कर दिया। दोपहर तक थाने मे पंचायत के बाद दोनों पक्ष शादी के लिए तैयार होने पर कस्बे के दुर्गा जी मंदिर मे शादी रचा दी। इस दौरान ग्राम प्रधान से लगायत दोनों पक्ष के परिजन भी मौजूद थे।

## ताला तोड़कर चोरी

जौनपुर। नगर के पालिटेकनिक चैराहे के निकट स्थित लोहिया पार्क में दो कमरों का ताला तोड़कर चोर टिकट बिक्री के 10 हजार रुपए और सामान पार कर दिया। मंगलवार को सवेरे कर्मचारी जब पार्क के भीतर टिकट और बैग लेने गया तो कमरे का ताला टूटा देखकर उसके होश उड़ गये। भीतर जाकर देखने पर पता चला कि टिकट का एकत्रित 10 रूपया गायब था। तत्काल पुलिस को सूचना दिया गया तो मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन किया।

## दो लाख लोगों को नहीं मिल सका गोल्डेन कार्ड

जौनपुर। आयुष्मान योजना के तहत जिले के 13 लाख 34 हजार 398 लाभार्थियों का चयन गोल्डेन कार्ड के लिए किया गया था। कार्ड बनाने की शुरूआत 14 अप्रैल को की गई। योजना के तहत किसी भी पात्र को पांच लाख का इलाज कराने की सुविधा थी। छह साल बीतने को है, लेकिन अभी तक 11 लाख 31 हजार 370 लाभार्थियों को ही गोल्डेन कार्ड मिल पाया है। दो लाख तीन हजार 28 लाभार्थी ऐसे हैं, जिनको अभी तक कार्ड नहीं मिल पाया है। योजना सुस्ती की भेंट चढ़ गई है। योजना के तहत पांच साल की लंबी अवधि बीतने के बाद भी दो लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड नहीं मिल सका है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत जिले में 71,333 लोगों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में कराया जा चुका है। इलाज कराने पर 110.88 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। मरीजों को समय रहते इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले में 145 अस्पतालों का चयन किया गया है।

# हमारा लक्ष्य केवल कमल खिलाना है: केशव मौर्य



मीरजापुर मझवां विधानसभा उप चुनाव हेतु मझवां विधानसभा के कछवां मंडल एवं सीटी उत्तरी मंडल में संगठनात्मक एवं जनप्रतिनिधि की बैठक दो सत्रों में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उ0प्र0 सरकार के उप मुख्यमंत्री मा0 केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ मझवां विधानसभा उप चुनाव के दृष्टिगत भाजपा की संगठनात्मक बैठक में देवतुल्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में सदैव ये मजबूती रहनी चाहिए कि टिकट चाहे जिसे मिले, कमल का फूल जरूर खिलेगा। टिकट के लिए बहुत सारे आवेदक होते हैं लेकिन हमारा लक्ष्य केवल कमल खिलाना है। हम सभी कार्यकर्ताओं का एक ही लक्ष्य ही संदेश जन - जन तक पहुंचाना है 2027 में 2017 फिर से दोहराना है। हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के लोगों ने आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह करने का काम किया, लेकिन आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता आने वाले उप चुनाव में केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन झ जन पहुँचाने का काम करेंगे। आगे उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं सर्वोपरि हैं और कार्यकर्ता ही केशव हैं। इसी क्रम में क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि विधानसभा में मंडल, शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तर तक की संरचना मुख्य अतिथि को विस्तार से बताया। कार्यक्रम को अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग, उ0प्र0 सरकार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव प्रतिष्ठा परक चुनाव है, इसे किसी भी हाल में जीतना है। आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री तकनीकी शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण, बाट एवं माप मंत्री, उ0प्र0 सरकार ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एनडीए कार्यकर्ताओं ने पटकनी देने का कार्य किया था। आने वाले उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को 50,000 से अधिक वोटों से जिताने का कार्य करेंगे। रामकेश निषाद जल शक्ति विभाग राज्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार, श्री भूपेश चौबे विधायक, राबर्ट्सगंज ने संबोधित किया। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि मझवां विधानसभा का प्रभारी बनकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आये हैं। आगामी उप चुनाव में कार्यकर्ता जी झ जान से लगकर ऐतिहासिक मतों से जिताने का काम करेंगे। भाजपा जिला प्रभारी सरोज कुशवाहा ने कार्यक्रम में आये हुए मंचासीन अतिथियों एवं सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक प्रणेश प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक, मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक घोरावल अनिल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार सिंह, इन्द्र बहादुर पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, ओम प्रकाश केशरी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, विधानसभा प्रभारी हौसिला पाठक, विधानसभा संयोजक शिव शरण राय, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, प्रेम सिंह गर्ग, मनोज जायसवाल, प्रवासी के साथ ग्राम प्रधान के साथ अन्य अपेक्षित क्षेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री का डीएम ने किया स्वागत



मीरजापुर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत जनपद के कछवां में पहुंचने पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया। उप मुख्यमंत्री का इस अवसर पर गार्ड आफ आनर भी दिया गया। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंडित राम किंकर उपाध्याय विद्यापीठ एवं सरला सर्राफ कालेज नुआव में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के पश्चात लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे: छोटेलाल



सोनभद्र। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0राजीव गांधी जी की जयन्ती पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ऊषा चैबे के अगुवाई में नारी न्याय सम्मान समरोह पी0डब्ल्यूडी डॉक बंगला मे आयोजित किया गया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि इंडिया गठबंधन के सांसद छोटे लाल खरवार एवं जिला अध्यक्ष ऊषा चैबे ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान स्व0राजीव गाँधी द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के दिशा मे किए गए कार्यो पर प्रकाश डाला गया। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष ऊषा चैबे ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे। पंचायती राज को मजबूत बनाने के साथ ही महिला सशक्तिकरण के दिशा मे बेहतर कार्य के लिए जाने जाते थे। जनपद सोनभद्र के विकास मे उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। ऊषा चैबे ने कहा कि आज देश मे महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, हर रोज महिलाओं और बेटियों पर हो रहे अपराध से हर महिलायें अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है ! सांसद छोटे लाल खरवार ने कहा की राजीव गाँधी हमेशा भारत की तरक्की के लिए बेहतर कार्यक्रम संचालित किए थे, दलित, आदिवासियों, शोषितों, महिलाओं के सशक्तिकरण के दिशा मे बेहतर कार्य के लिए जाने जाते थे, राजीव गांधी पुण्यतिथि पर महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम सराहनीय है। अधिवक्ता बिंदु यादव ने कहा कि आज महिलाओं को हर क्षेत्र मे आगे बढ़ना होगा, सम्मानित होने वालों मे शांता दीदी, डा0अनुराधा राय, अधिवक्ता गीता गौर, अधिवक्ता पार्वती जी, मिशन की संजू कुशवाहा, मातृत्व फाउंडेशन की बाबी राय, शशि किरण सिंह, राजकुमारी, धर्म शीला, निक्की, बबीता, गंगा जली, कुसुम, सुनीता, अनीता, को सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर अरविंद सिंह, जयशंकर भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह गोंड़, मीडिया प्रभारी शत्रुंजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति (टी0सी0सी0) की बैठक की।



बैठक में अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड द्वारा वित्तीय वर्ष-2024-25 में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत ऐनीकट निर्माण हेतु 193 स्थलों का प्रस्ताव एवं (वर्षा जल संभरण/रिचार्ज की महत्ता के दृष्टिगत शासकीय/अर्धशासकीय भवनों पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना) योजनान्तर्गत 35 स्थलों के प्रस्ताव का विवरण तकनीकी समन्वय समिति की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता (ल0सिं0) को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वीकृति हेतु प्रेषित कार्यों के विवरण का स्थलीय सत्यापन जनपद स्तरीय अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से किया जाये, सत्यापन के उपरान्त ही कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ऐनीकट निर्माण से सतही जल को नदी/नालों में जाने से रोका जाता है, जिससे ऐनीकट निर्माण स्थल के पास कृषकों को सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता रहती है, जिससे भूजल रिचार्ज संभव है, रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना हो जाने से वर्षा के जल से भूजल रिचार्ज होता है।

## बूथ लेबल पर घर-घर सत्यापन की कार्रवाई के सम्बन्ध में बैठक

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बूथ लेबल अधिकारियों के माध्यम से घर-घर सत्यापन की कार्यवाही के सम्बन्ध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 20 अगस्त 2024 से प्रारम्भ हुए बूथ लेबल अधिकारियों के माध्यम से घर-घर सत्यापन की कार्यवाही बीएलओ ऐप के माध्यम से की जारही है, जिसके सम्बन्ध में बीएलओ एप का प्रशिक्षण जनपद के समस्त बीएलओ को दिया जा चुका हैं।

उन्होने कहा कि आयोग के निदेर्शानुसार पिछले वर्ष के पुनरीक्षण के आंकड़े यथा ईपी रेशियो, जेण्डर रेशियो, 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के सम्बन्धि में पायी गयी कमियों व अन्तराल को घर-घर सत्यापन की कार्यवाही में दूर किया जाने की कार्यवाही किया जाना है। मतदेय स्थलों का सम्भाजन, मतदेय स्थल भवन तथा उससे सम्बद्ध किये जाने वाले निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग के बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के बाद किया जायेगा। उन्होने कहा कि भवन के सत्यापन के साथ-साथ यह भी देखा जायेगा कि उस मतदेय स्थल की निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं को निवास उस भवन के आस-पास भौतिक रूप से हो। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के पश्चात मतदेय स्थलों की एक नयी सूची तैयार की जायेगी और उसका आलेख्य समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलास्तरीय प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जायेगा।

# गहना कोठी ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

जौनपुर। नगर के कोतवाली चैराहा स्थित गहना कोठी ने सावन माह के अन्तिम रविवार को 18वां वार्षिक विशाल भण्डारा का आयोजन किया। भंडारा में देर रात तक हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



गहना कोठी फर्म के अधिष्ठाता विवेक सेठ मोनू ने भंडारा का शुभारंभ करते हुए कहा कि सावन माह में मेरे फर्म की शुरूआत हुई थी। भगवान शिव की कृपा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती चली आ रही हैं। इसी उद्देश्य से यह भंडारा 18 वर्षों से होता चला आ रहा है और आगे भी इश्वर की कृपा से चलता रहेगा। अधिष्ठाता विनीत सेठ ने कहा कि शिव ही कलयुग में ऐसे देवता हैं। जो भक्तों के सभी कष्टों को दूर करते हैं। शिव व सदगुरू में कोई अंतर नहीं हैं। सदगुरू ही शिव हैं। जिसमें समाज का कल्याण करने की क्षमता है। इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम से मानव में सद्भाव पैदा होता है। इससे पूर्व में शनिवार को अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया जिसका रविवार को हवन पूजन व विशाल भण्डारे के साथ समापन हुआ। लोगों का स्वागत विशाल सेठ, विपिन सेठ ने किया। आभार विवेक सेठ मोनू व विनीत सेठ ने व्यक्त किया। इस अवसर पर हर्षित सेठ, आयुष सेठ, उज्जवल सेठ, व परिवार के सभी सदस्य व स्टाफ उपस्थित रहे।

# खराब रैंकिंग वाले विभाग तत्काल प्रगति लाना सुनिश्चित करें

आजमगढ़। मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने मंगलवार को आयुक्त सभागार में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए निर्देश दिया है कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है, वे तत्काल इस ओर ध्यान देकर अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें, ताकि जनपद एवं मण्डल की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार हो सके।



मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के आधार पर आयोजित उक्त समीक्षा बैठक में मण्डल के जनपदों में विकास कार्यों में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त श्री चौहान ने कहा कि गलत डाटा फीडिंग के कारण कतिपय विभागों की वास्तविक प्रगति स्पष्ट नहीं है। इस सम्बन्ध में उन्होंने तीनों जनपद के मुख्य विकास अधिकारियों को इस ओर विशेष ध्यान देकर सही डाटा फीड कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने सभी मण्डलीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपने अपने विभाग से सम्बन्धित अद्यतन प्रगति का नियमित रूप से परीक्षण करते हुए डाटा फीडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। उक्त मण्डलीय समीक्षा बैठक में चार अधिकारी एडी बेसिक, उप श्रमायुक्त, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी तथा प्रबन्धक, डेयरी बिना अवगत कराये अनुपस्थित थे। मण्डलायुक्त ने इसपर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने विकास कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा में पाया कि डे एनआरएलएम में आजमगढ़ की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी माह तक इसमें लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाई जाय। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा के दौरान तीनों जनपद के जिलाधिकारियों से कहा कि एम्बूलेंस 102 एवं एम्बूलेंस 108 से सम्बन्धित लॉगबुक को चेक करायें, ताकि इनकी दैनिक उपयोगिता की स्थिति स्पष्ट हो सके। मण्डलायुक्त ने इसी क्रम में अपर निदेशक, स्वास्थ्य को निर्देश दिया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बच्चों का नियमित रूप से टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि बायो मेडिकल उपकरण की नियमित रूप से समीक्षा करें, यदि कोई उपकरण खराब हैं तो उसे तत्काल ठीक कराकर क्रियाशील बनायें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम-ग्रामीण को निर्देश दिया कि यदि जनपदों हेतु लक्ष्य का निर्धारण सही नहीं किया गया है तो उसे संशोधित कराने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भूमि विवाद का प्रकरण हो तो सम्बन्धित जिलाधिकारी को अवगत करायें। इसके साथ ही जनपदों में कनेक्शन देने की गति को भी बढ़ाया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने बाद काटी गयी सड़कों को अनिवार्य रूप से ठीक कराया जाय। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 को मिशन मोड में पूर्ण कराने हेतु उप निदेशक, पंचायत को निर्देश दिया। उन्होंने जनपद आजमगढ़ में विद्यालयों का निरीक्षण लक्ष्य से कम पाये जाने पर जिलाधिकारी आजमगढ़ से कहा कि इस ओर ध्यान देते हुए लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों का निरीक्षण करायें। मण्डलायुक्त श्री चैहान ने तीनों जनपद के मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि एनआरएलएम समूहों को मत्स्य पालन एवं पोल्ट्री से जोड़ने हेतु प्रेरित किया जाय। बैठक में उद्यान, उर्जा, कृषि, ग्रामीण अभियन्त्रण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, पशु पालन आदि विभागों की विस्तार से समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी आजमगढ़ विशाल भारद्वाज, जिलाधिकारी बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार, जिलाधिकारी मऊ प्रवीण मिश्र, सीडीओ बलिया ओजस्वी राज, सीडीओ मऊ प्रशान्त नागर, अपर आयुक्त-प्रशासन केके अवस्थी, सहित अन्य विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मृतक के घर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना

मीरजापुर। प्रदेश के मंत्री, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामलें आशीष पटेल एवं मंत्री, श्रम एवं सेवा योजन अनिल राजभर ने पहाड़ी विकास खण्ड के ग्राम सूर्यवार में विगत दिनों आकाशीय बिजली से हुई मृत्यु संदीप मौर्य पुत्र अमित लाल मौय एवं मुकेश मौर्य पुत्र रमाशंकर मौर्य के परिजन के घर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक राबर्टसगंज भूपेश चौबे, एवं विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्य के अलावा जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अध्यक्ष सहकारिता बैंक जगदीश सिंह पटेल, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के अलावा अन्य सम्बन्धित जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहें। शोक संवेदना व्यक्त करने के पश्चात मंत्री, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल ने कहा कि यहां पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भी आने का कार्यक्रम प्रस्तावित था परन्तु वर्षा के कारण जनपद में देर आ सके व लखनऊ में आवश्यक कार्यवश उन्हे लखनऊ जाना पड़ा, परन्तु हम सभी दोनो कैबिनेट मंत्री विधायकगण सोनभद्र, जिलाधिकारी सहित पूरा प्रशासन मृतक परिवार के परिजनों के साथ इस दुख की घड़ी में खड़े हैं।

इस अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा आकाशीय बिजली के घटना के बचाव के उपाय के मांग पर मंत्री प्राविधिक शिक्षा ने कहा कि इस दिशा में जनपद के जिलाधिकारी के द्वारा बहुत ही जल्द से आकाशीय बिजली से बचने के लिए संयत्र लगाने पर कार्य किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि एक से दो महीने के अन्दर इस दिशा में इस गांव में कार्य करा लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य ऐसे गांवो को चिहिन्त किया गया है जहां पर आकाशीय बिजली अधिक गिरती वहां पर भी कार्य कराया जायेगा। मंत्री ने कहा कि यह दुखद घटना है परन्तु आश्वस्त करते है कि बहुत जल्द ही इस दिशा में कार्य हो जायेगा जिससे आकाशीय बिजली की घटना को कम किया जा सकें। उन्होने कहा कि गर्मी के दिनो में काफी पेयजल का संकट था परन्तु जिलाधिकारी से वार्ता के पश्चात उनके द्वारा काफी प्रयास कर पानी की समस्या से निदान दिलाया गया था। उन्होने कहा कि शत प्रतिशत तो नही परन्तु समस्या को काफी कम किया गया। उन्होने कहा कि इस गांव सहित क्षेत्र व जनपद के विकास के लिए एक लम्बा प्लान बनाकर विकास के क्षेत्र में अनेक कार्य कराएं जायेंगे।

## छात्रा से दुराचार करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत दुद्धी पुलिस ने पंजीकृत मु0अ0सं0-117/2024 धारा 376(3),376(2)एफ भा0द0वि0 व 3/4(2)/5एफ/6 पास्को



एक्ट से सम्बन्धित छात्रा से बलात्कार करने वाला शिक्षक को गिरफ्तार कर ली है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-117/2024 धारा 376(3),376(2)एफ भा0द0वि0 व 3/4(2)/5एफ/6 पास्को एक्ट से सम्बन्धित अवयस्क छात्रा के साथ बलात्कार की घटना कारित करने वाला शिक्षक (शारीरिक शिक्षा अनुदेशक) को अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) के निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल दुद्धी के नेतृत्व मे मनोज कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक दुद्धी द्वारा पुलिस बल के साथ अभियुक्त को मंगलवार को को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त शिक्षक को हाईडील ग्राउण्ड राबर्ट्सगंज से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विशंभर कुमार पुत्र जगदीश राम उम्र करीब 33 वर्ष बताया गया।

## दुर्घटना को दावत दे रहा सड़क पर बना गड्ढा

आजमगढ़। रानी की सराय क्षेत्र के कोइलारी-सोनवारा मार्ग पर बना गड्ढा जानलेवा साबित हो रहा है। गड्ढे में आये दिन राहगीर गिर कर चोटिल हो रहे हैं। इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों ने संबंधित अधिकारी से कई बार की। इसके बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। रानी की सराय बाजार से सोनवारा, कोइलारी, मंगरावा, मेंहनगर आदि जगहों के मार्ग को जोड़ती है। इस मार्ग से सुबह से लगायत देर रात तक आवागमन लगा रहता है। इस मार्ग पर सड़क की स्थित काफी दयनीय है। सड़क कई जगह बड़े बने हुए है। सड़क पर चलना दूभर हो गया है। आये दिन लोग गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की। इसके बावजूद सुनवाई नहीं हुई। मोहम्मद हम्मद शाहिम ने बताया कि अगर गड्ढा भरा नहीं गया तो हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। सड़क की दशा से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## सीएमओ कार्यालय के समक्ष अपनी मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

सोनभद्र। जिला मुख्यालय स्थित सीएमओ कार्यालय परिसर में मंगलवार को अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ एवं संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर विरोध



प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला व विकास गोस्वामी ने बताया कि एन०एच०एम०संविदा कर्मचारियों की मांगो को पूरा न किये जाने पर विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ सोनभद्र सम्बद्ध उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ पंजीकरण द्वारा अपने समस्याओं के सम्बन्ध में 12 अगस्त,24 को पत्र के माध्यम से (छायाप्रति संलग्नक) कर अवगत कराया था, परन्तु अभी तक कोई सार्थक पहल न होने के कारण उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारियो में काफी रोष व्याप्त है। संगठन की उपरोक्त समस्त जायज मांगो को पूरा नही किये जाने पर विवश होकर मंगलवार को जिले के समस्त स्वास्थ्य इकाई पर कार्यरत संविदा कर्मचारियो द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर धरना करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। अगर उक्त दिवस पर उच्चाधिकारियो द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार नही किया गया जो संगठन समस्त कार्यों को बन्द करके आगे विरोध प्रदर्शन जारी रखेगा। उपरोक्त विरोध प्रदर्शन के दौरान यदि कोइ विभागीय कार्य प्रभावित होता है तो उक्त हेतु पूर्ण रूप से शासन-प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान शिव सिंह, राजेश, मंदीप, मीरा, अंजलि, सुनीता, वंदना, सोनी, निधि, प्रियंका, आरती, संजना, कौशल्या, राधा, सिंकू, संदीप, अमित, युगवीर, अनुराधा, गोपाल, ललिता, पूजा, अजय, सौरभ, महेश , दिलीप, शिवम, शैलेश, सौरभ, प्रदीप, नेहा केशरी, सुमन, कल्पना, अर्चना, राहुल अजय, पल्लव, रोहित वर्मा, मनोज कुमार सहीत संविदा कर्मी मौजूद रहे ।

## नहर में पानी न आने से धान की सिंचाई प्रभावित

जौनपुर। सुईथाकला विकास खण्ड के मनवल गांव में शारदा सहायक नहर में पानी ना आने से किसानों में हा हाकार मचा हुआ है्यकिसानों ने धान की सिंचाई के पानी को



लेकर आपूर्ति ना होने के कारण किसानों की धान की फसल खराब होने की दशा में पहुँच चुका है। किसानों की इस प्रकार की विकट समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रामसिंह वर्मा के नेतृत्व में सदर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा गया। श्री वर्मा ने सदर सांसद को ज्ञापन देते हुए मांग किया कि इस नहर में काफी दिनों से पानी ना आने से किसानों के लिए यह विकट समस्या बना हुआ है्यकिसानों ने यह भी कहा कि नहर की साफ-सफाई भी विभाग के द्वारा नहीं कराया जाता्यइस प्रकार की समस्या से निजात पाने के लिए सांसद को ज्ञापन दिया गया्यइस नहर में पानी ना आने के चलते नहर के आस-पास धान की खेती करने वाले सभी क्षेत्र वासियों किसानों का हाल-बेहाल हो गया हैं। किसानों ने बताया की सभी किसान किसी तरह से धान की रोपाई समय पर किसी तरह से किये। लेकिन कई महिनों से इस नहर में पानी ना आने से किसानों के लिए जटिल समस्या बना हुआ है्यश्री वर्मा ने सांसद से मांग किया कि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराया जाये ताकि किसानों को धान की सिचाई करने में राहत मिल सके। इस विषय पर अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड 36 सुनील कुमार ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही मामला संज्ञान में आते ही कार्यवाही की जाएगी। महेश प्रसाद वर्मा, श्याम जीत, राम मिलन, दिनेश वर्मा, लाल शंकर दुबे, संदीप वर्मा, अनिल वर्मा, राकेश वर्मा, राम प्रहलाद, सौरभ वर्मा, जगदीश, हरीराम वर्मा, अशोक सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डायरिया से दो लोगों की मौत

मीरजापुर। जनपद के बेलखरिया का पूरा और काली मंदिर के पास स्थित नैपुरवा के स्थानीय निवासियों ने बताया कि पूरा मोहल्ला ही डायरियां से पीड़ित होकर हॉस्पिटल में भर्ती था जिसमे एक ही परिवार के दो लोगों कि मृत्यु हो गयी, जिसमे राजमोहम्मद उर्फ काजू जिसकी उम्र 32 साल और रोजी उम्र 55 साल शामिल हैं। बताते हैं कि लगभग 15झ16 लोग इसकी चपेट में आकर अलग अलग हॉस्पिटल में भर्ती है जिसमे बच्चे भी शामिल है। मगर अभी तक जिला स्वास्थ्य प्रशासन को इसकी खबर नही है और न ही कोई डॉक्टरों की टीम समाचार लिखने तक पहुँची थी।

संक्षेप

## कांग्रेसियों ने मनायी राजीव गांधी की जयंती

**देवरिया।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती जिला कार्यालय सहित सभी ब्लॉक व बूथों पर केक काटकर व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि आधुनिक भारत की नींव रखने वाले राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे उनका सम्पूर्ण जीवन देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पित था। युवाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उन्होंने मतदान करने की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया उन्होंने अपने कार्यकाल में जनहित के कार्य कर जनता के दिलोदिमाग पर अमिट छाप छोड़ी देश में अमन चैन के लिए कई कार्य किया युवा सोच वाले राजीव गांधी 21 वीं सदी के भारत के निर्माता थे। कार्यक्रम को आनंद श्रीवास्तव, सोनू,समीर पाण्डेय, नीलेश मणि त्रिपाठी, सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी, राजन,जवाहर बरनवाल, महेन्द्र अम्बेडकर, जुलेखा खातून, सुबाष राय सैथवार, वीरेन्द्र त्रिपाठी आदि ने सम्बोधित किया।

## रेल कोच के आवासीय परिसर में हुई चोरी

**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल कोच कारखाने की आवासीय कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। रेल कोच कर्मचारी रक्षाबंधन में कॉलोनी के अपने-अपने फ्लैट में ताला लगाकर त्योहार मनाने घर गए हुए थे इसी बीच बदमाशों ने मौका पाकर 15 घरों का ताला तोड़ा और 50 लाख से अधिक रुपए का माल पार कर दिया। अभी 7 लोगों ने पुलिस को चोरी गए माल की जानकारी दी है। आठ लोगों ने अभी तक अपने-अपने घर से चोरी गए सामान की सूची पुलिस को नहीं दी है। चोरी की भारी वारदात से रेल कोच कारखाने में सनसनी फैल गई है। रेलवे पुलिस फोर्स और सैनिक कल्याण निगम की सिक्योरिटी के बावजूद रेल कोच के आवासीय परिषद में चोरी हो जाने से कर्मचारियों और अधिकारियों में भय व्याप्त है। हालांकि लालगंज पुलिस लगातार रेल कोच का दौरा कर रही है और चोरों के खोजबीन में जुटी हुई है वही चोरी की वारदात से पीड़ित प्रिंस सचान ने चोरी की रिपोर्ट कोतवाली लालगंज में दर्ज करा दी है। रेल कोच के ही एक कर्मचारी के लड़के के ऊपर तहरीर में शक जताया गया है। वह लड़का पहले रेल कोच में हुई मारपीट के मामले में जेल भी गया था। प्रिंस सचान ने लालगंज पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनके साथ ही रेल कोच के आवासीय परिसर के 15 और कर्मचारियों के घरों के ताले तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात की है। मंगलवार को घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह पीड़ित परिवारों से मिले और चोरी की वारदात का जल्द से जल्द खुलासा करने का आश्वासन भी दिया है।

## 197 छात्राओं को आज मिलेगा टैबलेट

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, सुलतानपुर के नर्सिंग विभाग में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण के तहत 197 छात्राओं को टैबलेट बुधवार को परिसर में वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के डायरेक्टर डा. महेश प्रसाद होंगे। यह जानकारी कॉलेज के प्रशासक राजेश कुमार दूबे ने दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य रजनी नगपुरे करेंगी।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से वर्षों से गड्ढे में तब्दील है सड़क

## राहगीर होते हैं आये दिन दिन हादसे के शिकार



जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** जिले के नगर पालिका परिषद पड़रौना में तमाम ऐसे सड़क है जो मुख्य मार्ग से जुड़े हुए है लेकिन उन सड़को की हालत बद से बत्तर है जबकि बीते दिनों पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गांव से लेकर शहर तक की सड़कें जो मुख्य मार्ग से जोड़ती हो उसको तुरंत बनवाने का निर्देश दिया गया था लेकिन आज कई वर्षो से पड़रौना की तमाम सड़के आज भी बदहाल है उसपर न किसी जिम्मेदार अधिकारी का नजर पड़ा न किसी समाज सेवी न जन प्रतिनिधि का आज भी सड़क की हालत खराब है लोग घटना का शिकार होते है।

हम बात करेंगे पड़रौना नगर के बेलवा चुंगी से खिरकिया जाने वाली सड़क का जो सड़क सही न होने के कारण जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है लोग वहा हमेशा घटना के शिकार होते है बरसात के मौसम में सड़क पर जल जमाव के कारण लोग उस रास्ते से गुजरना नही चाहते लेकिन उसके बाद भी मजबूरी में उसी रास्ते लोगो का आयागमन भारी संख्या में रहता है वही दूसरा सड़क जो रेलवे स्टेशन पड़रौना के सामने बनी रेलवे रोड बाईपास जो नोनिया पट्टी गांव हो आज नगर में समायोजित हो चुका है जिसकी हालत यूं कहे की कम से कम दो फुट गहरे गड्ढे में तब्दील है जबकि पड़रौना का वो मेन बाईपास सड़क है जो ट्रैफिक को कंट्रोल करता है लोग आयेदिन वहा भी लोग घटना के शिकार होते है लोगो के द्वारा सदर विधायक नगर अध्यक्ष सहित जिम्मेदार अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नही हुआ तो कही न कही जिम्मेदारों की लापरवाही से लोग घटना के शिकार हो रहे है।

# रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान

**रायबरेली।** अमर सेनानी राणा बेनी माधव बक्श सिंह की 220वीं जयंती पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय आई एम ए भवन में किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला जज तरूण श्रीवास्तव ने किया। रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया और दो दर्जन लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला जज तरूण श्रीवास्तव ने कहा कि 1857 में पड़ी जंग की नींव की वजह से हमारा देश आजाद हुआ ऐतिहासिक स्तर पर जंग की नींव रखने वाले इसी जमीन के लोग हैं इन्हीं लोगों की वजह से हमें आजादी मिली इसी विजन को हमें सुरक्षित रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को आदर्श रूप दे सकें। आजादी की लड़ाई में राणा के योगदान एवं बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। रक्तदान महादान होता है। समिति द्वारा किया जा प्रयास सराहनीय है। इसी के बहाने हमें ऐतिहासिक मूल्य एवम परंपरा को याद करते रहें।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप निदेषक पिछडा वर्ग व संयोजक देवदूत वानर सेना अजीत प्रताप सिंहहमें अपने पूर्वज बंदरों से सीख लेते हुए दुख के समय समाज में दुःखी व्यक्ति को घेरकर खडे होकर सहयोग करना चाहिये। उन्होंने कहा कि जो जिस लायक है उससे वो लीजिए। आईएमए अध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि आजादी के रणबाकुरों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए समिति के लोगों द्वारा जो कार्य किया जा रहे हैं वह सराहनीय है। वहीं समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हर वर्ष समिति द्वारा कई कार्य कराए जाते हैं। यह राणा साहब की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होता है। राना बेनी माधव बक्स सिंह ने अवध क्षेत्र को 18 माह तक अंग्रेजों से मुक्त कर रखा था। सैनिकों के बलिदान का कोई मूल्य नहीं है हमें उनकी स्मृति को पीढ़ियों तक याद रखना होगा। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले नरेन्द्र सिंह फौजी, सिंह, गोविन्द खन्ना, गोविन्द सिंह चौहान, वरूण तिवारी, एलआईसी अधिकारी मान बहादुर सिंह, विजय सिंह की टीम, अर्पित यादव, सुभाष महर्षि, सिविल रावत एवं जिला प्रचायत सदस्य राघवेन्द्र सिंह के साथ एक दर्जन डोनर समेत सभी को सम्मानित किया गया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया गया पुरस्कृत

**देवरिया।** पोस्टमास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में देवरिया मण्डल के मण्डलाध्यक्ष, उप मण्डलाध्यक्षों, मेल ओवरसियर, डाक कर्मचारियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया गया एवं उन्हे प्रोत्साहित किया गया कि वह डाकघर की बचत बैंक सेवाओं, जीवन बीमा सेवाओं, वितरण एवं स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड लेटर, पार्सल आदि बुकिंग सेवाओं, आधार नामांकन एवं अपडेशन, डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र के साथ-साथ इंडिया पोस्ट्स पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) की बहुउपयोगी सेवाओं जैसे कि डोर स्टेप बैंकिंग, साधारण बीमा, ए.ई.पी.एस., सी.ई.एल.सी. (बच्चों का आधार) के जरिये देवरिया डाक मण्डल के घर-घर में अपनी पहुँच बनायें और आमजन को डाक विभाग के साथ जोड़ें। पोस्टमास्टर जनरल द्वारा विभिन्न आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति पर भी जोर दिया गया और इसके लिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं कल्याण पर भी बल दिया गया पोस्टमास्टर जनरल द्वारा मुख्य डाकघर परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीपैट मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की संख्या एवं उनकी स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत माननीय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मंजूर अहमद अंसारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# शादी का झांसा दे युवती से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार



**कुशीनगर।** मजहब बदलकर शादी का झासा देकर दो वर्षों से एक युवती के साथ मुह काला करने वाला नईम आखिरकार पुलिस के हत्थे चढे ही गया। कोतवाल पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए नईम को सलाखों के पीछे भेज दिया है। लंबे समय से फरार चल रहे इस अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने दस हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। मामला जिले के पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सिधुआ का है।

गौरतलब है पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक अनाथ युवती अपना पेट पालने के लिए वर्ष 2019 में काम की तलाश करते हुए कुशीनगर आयी थी। कम पढ़ी-लिखी होने के कारण युवती यहां एक आर्केस्ट्रा में डान्स कर अपना जीविकोपार्जन करने लगी। इसी दरम्यान वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात सिधुआ निवासी मुस्लिम युवक नईम पुत्र आलमगीर से हुई जिसने अपना मजहब बदलकर पहले तो युवती को अपने प्यार के झांसे में लिया। इसके बाद युवती से शादी का वादा करके उसके साथ मुंह काला करने लगा। चूंकि इस दुनिया में युवती का कोई अपना नहीं है तो उसे भी धोखेबाज नईम का प्यार सच्चा लगने लगा लेकिन कुछ दिनों के बाद जब युवती ने नईम से शादी करने की बात कही तो वह शादी करने से आनाकानी करने लगा। फिर क्या अपना सब कुछ लुटा चुकी युवती नईम पर शादी का दबाव बनाने लगी। इसके बाद नईम ने युवती को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाकर विदेश जाकर खूब सारा पैसा कमाकर आने के बाद शादी करने का वादा किया। युवती नईम के फरेब में आकर उसकी बातों पर यकीन करते हुए शांत हो गयी। इस दौरान विदेश जाने के लिए नईम ने युवती से डेढ़ लाख रुपये भी लिए। विदेश पहुचने के बाद धोखेबाज नईम मोबाइल के जरिए युवती से शादी करने से साफ मना कर दिया और दबाव बनाने पर अपने परिजनों द्वारा युवती को जान से मरवाने की धमकी देने लगा। थक हार कर युवती ने सिधुआ पुलिस चौकी पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी, तत्कालीन चौकी इंचार्ज ने 24 अप्रैल-2023 को युवक के परिजनों तथा युवती को चौकी पर बुलाकर एक सुलहनामा लिखवाया कि विदेश से आने के बाद नईम उस युवती से विवाह करेगा और पत्नी के रूप मे उसे अपने घर मे रखेगा। बताया जाता है कि विदेश से आने के बाद नईम फिर शादी का झासा देकर दो महीने तक युवती के साथ मुह काला करता रहा जब युवती ने चौकी मे हुए सुलहनामे के तहत परिजनों पर शादी का दबाव बनाया तो नईम के परिजनों ने नईम को कहीं बाहर भेज दिया और युवती पर धोखेबाज नईम के भगाने का आरोप मढ़ने लगे। इतना ही नही परिजनो ने शादी के लिए दबाव बनाने पर युवती को जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता विगत दो वर्षों से न्याय की आस में नईम को सजा दिलाने के लिए अफसरों के चौखट पर माथा टेकती रही। वह महिला थाना से लगायत, कोतवाली पडरौना, एसपी व राज्य महिला आयोग को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नईम पुत्र आलमगीर के विरुद्ध मुकदमा संख्या-435/2024 में आईपीसी की धारा 376 (1), 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर नईम की तलाश मे जुट गई लेकिन उस समय कोतवाली पुलिस को कोई सफलता नही मिली। जब नवागत एसपी ने कार्यभार संभालने के बाद फरार और वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान शुरू किया तो पुलिस हरकत में आ गयी। नतीजतन सोमवार को पुलिस ने सिधुआ निवासी नईम को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के सामने पेश किया।

## बारिश में दूसरी बार कटा रजबहा, बीस बीघा फसल हुई जलमग्न

**कूरेभार, सुलतानपुर।** विकास खण्ड् से होकर गुजरी शारदा सहायक खंड-16 की सहायक नहर कूरेभार रजबहा कौड़ियावा के पास कटान हो जाने से किसानों के खेतों में जलभराव हो गया, जिससे किसानों की बीस बीघे फसल जलमग्न हो गयी। कटान से जागे महकमें ने आखिरकार मंगलवार को ग्रामीणों की मदद से तेज बहाव को आखिर बंद करवा लिया, लेकिन जल भराव की वजह से कौड़ियावा गाँव के किसानों में सिल्ट जमा हो गयी।

विकास खण्ड् से होकर गुजरी शारदा सहायक खंड- 16 नहर की सहायक कूरेभार रजबहा कौड़ीयावा गांव निवासी राम अवध सिंह के खेत मे कट गई, जिससे राधेश्याम वर्मा, राम जुड़ावन वर्मा, मकबूल शमसाद के खेतो में सिल्ट जमा हो गई। बावजूद इसके महकमा नहीं जगा। किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता। नहर विभाग के लापरवाही से किसानों को बारिश में दूसरी बार कटान से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## लोक अदालत की सफलता के लिए समस्त तहसीलदार के साथ प्री-ट्रॉयल बैठक

**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त तहसीलदार के साथ जनपद न्यायालय में प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें तथा ग्रामीण स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक करें। सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता के लिए अधिक से अधिक सुलहनीय मामलो को चिन्हित कर निस्तारित करने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि शासन के दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार भीड-भाड़ वाले जगहों पर बैनर, पम्पलेट तथा मोबाईल वैन के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक करे। न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों को एक साथ आगे आने का आह्वान किया गया।

## भारतीय बौद्ध महासभा ने राष्ट्रपति को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली।** अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के उप वर्गीकरण आरक्षण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए फैसले को निरस्त कराए जाने के संबंध में भारतीय बौद्ध महासभा ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। भारतीय बौद्ध महासभा पंजीकृत उत्तर प्रदेश ने प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को दिया। ज्ञापन देते हुए जिला अध्यक्ष डॉ सुनील दत्त ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा भारत की अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों को प्रदत्त संवैधानिक अधिकार आरक्षण पर कुठाराघात करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जातियों व जनजातियों के क्रीमीलेयर एवं जातीय उपवर्गीकरण कर आरक्षण व्यवस्था का जो फैसला 1 अगस्त 2024 को दिया है, वो भारतीय संविधान की मूल भावना एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 एवं 16 (4) के विरुद्ध है। सुप्रीम कोर्ट को अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के पूर्व प्रदत्त आरक्षण में एडिशन, डिलीशन एवं मोडिफिकेशन का संवैधानिक कोई अधिकार नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से महामंत्री प्रमोद कुमार बौद्ध ने कहा कि संविधान में आरक्षण की व्यवस्था सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए की गई है, जबकि अभी भी एससी/ एसटी एवं आदिवासियों से छुआछूत, ऊंच-नीच, जातिभेद का दुर्व्यवहार किया जाता है। एक अगस्त को अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के आरक्षण के विरुद्ध क्रीमीलेयर एवं जातीय उपवर्गीकरण संबंधी माननीय सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है, उससे भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश सहित तमाम सामाजिक संगठनों में भयंकर जनाक्रोस है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के क्रीमीलेयर एवं उपवर्गीकरण संबंधी माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी करने हेतु भारत सरकार संसद का एक विशेष अधिवेशन बुलाकर आरक्षण पूर्व की भांति रखे जाने और उसे संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की कार्यवाही करे। इस अवसर पर संगठन मंत्री शिवकुमार, रंजीत कुमार यादव आदि शामिल रहे।

- **सुप्रीम कोर्ट को अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के पूर्व प्रदत्त आरक्षण में एडिशन, डिलीशन एवं मोडिफिकेशन का संवैधानिक कोई अधिकार नहीं है**

# डीएम ने आवासीय एवं कृषि भूमि के सर्किल रेट निर्धारण के लिए प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के क्रम में की बैठक

**देवरिया।** डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आवासीय एवं कृषि भूमि के सर्किल रेट निर्धारण के लिए प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के क्रम में सभी पक्षकारों के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएम ने सर्किल रेट में तर्कसंगत वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गत चार वर्षों से सर्किल रेट में किसी भी तरह की वृद्धि नहीं हुई है, जबकि भूमि के बाजार मूल्य में वृद्धि देखी जा रही है। सर्किल रेट में पूर्व में हुए बढ़ोतरी तथा वर्तमान बाजार दर के दृष्टिगत तर्कसंगत वृद्धि की जाए।

बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने बताया कि सदर तहसील में चार, रुद्रपुर में दस, भाटपाररानी में सात तथा बरहज में दो आपत्तियां प्राप्त हुई। सलेमपुर तहसील से कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। डीएम ने सभी तहसीलों एवं कलेक्ट्रेट के अधिवक्ता संगठनों को मौजूदा सर्किल दर की एक-एक प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी 23 अगस्त को पुनः बैठक की जाएगी जिसमें सभी आपत्तियों का अंतिम रूप से निस्तारण किया जाएगा। एआईजी स्टांप पंकज सिंह ने बताया कि जनपद में गत चार वर्ष से सर्किल रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। गत सर्किल दर का निर्धारण 13 अगस्त 2020 को किया गया था जो वर्तमान में भी प्रचलित है। जबकि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्टैम्प ड्यूटी से आय का लक्ष्य बढाकर 34700 लाख रुपये रखा गया है। लक्ष्य के अनुरूप गत चार वर्ष में सर्किल दर में वृद्धि न होने के कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल लक्ष्य का 70.74% ही प्राप्त हो सका। इसके अतिरिक्त जनपद में 6 नगर पंचायत हेतिमपुर, तरकुलवा, बैतालपुर, पथरदेवा, मदनपुर एवं भलुअनी का गठन किया गया है। इन नवगठित नगर पंचायतों एवं आसपास के ग्रामों में प्लॉटों के मूल्य में सर्किल रेट से ज्यादा वृद्धि हुई है। देवरिया नगर पालिका की सीमा क्षेत्र का विस्तार किया गया है और 19 ग्राम पूर्ण रूप से सम्मिलित हुए हैं, जिससे इन गांवों के बाजार मूल्य में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जनपद के सभी तहसीलों में नगरीय, अर्द्ध नगरीय एवं विकासशील ग्रामों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे आवासीय गतिविधियों में तेजी से विस्तार हो रहा है। जनपद देवरिया के मूल्यांकन सूची में आवासीय दरें वास्तविक दरों से कम है, इसलिए मूल्यांकन सूची में वृद्धि अति आवश्यक है। बैठक में सब रजिस्ट्रार कृपाशंकर, प्रतिमा सिंह सहित कलेक्ट्रेट एवं सभी तहसीलों के बार पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# श्रीराम कथा के समापन पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सच्चे मन से राम कथा के श्रवण मात्र से मन के राग, द्वेष, ईर्ष्या, छल कपट, और भेदभाव अपने आप समाप्त हो जाता है। राम का चरित्र मन को शांति प्रदान कर हिंसक भावनाओं को रोकता है। राम का नाम अनमोल है यदि पाप करने वाला भी राम नाम का जप करता है। तो उसे सदगति मिल जाती है, यह बातें क्षेत्र के बर्जी सराय गोकुल में चल रही पांच दिवसीय संगीत मयी श्रीराम कथा के सोमवार अंतिम दिन पंडित प्रेम प्रकाश त्रिपाठी ने कही। श्री आचार्य ने भगवान की मार्मिक कथाओं का वर्णन करते हुए आगे कहा कि जिसके हृदय में प्रभु के प्रति भाव होता है। जिस पर प्रभु की कृपा होती है, वही प्राणी भगवान की राम नाम वर्षा रूपी कथा में शामिल हो पाता है। भगवान के दिए उपदेशों पर चलकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। मन से ध्यान लगाकर किए गए कार्य में सफलता मिलती है। ईश्वर का अवतार सदा धर्म की रक्षा के लिए हुआ है। रामायण में राम का चरित्र हमे समाज के संस्कार और अच्छे बुरे की पहचान सिखाती है। सच्चे मन से की गई भक्ति से ईश्वर की प्राप्ति की जा सकती है। प्रभु राम हमारे आचरण और विचार में अवश्य होने चाहिए, प्रभु राम एक आदर्श राजा, भाई, पुत्र, महान मित्र की भूमिका की निर्वहन कर श्रेष्ठ मानक स्थापित किया। इसलिए उनको मयादा पुरुषोत्तम कहा गया। अन्त में रावण बध की कथा कहते हुए बताया कि सब कुछ जानने के बाद भी रावण राम के हाथों मृत्यु पाकर मोक्ष प्राप्त किया। रावण बध के उपरांत प्रभु राम लंका का राज सिंहासन विभीषण को सौंपकर पुष्पक विमान से अयोध्या लौट आते हैं। कथा समापन पर मुख्य यजमान नरेंद्र मिश्र, सावित्री देवी ने सपरिवार व्यास पीठ पर विराजमान प्रभु की आरती उतारी। आयोजक ग्राम विकास अधिकारी गुलाब चंद्र मिश्र ने आए हुए सभी कथा प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# अलग -अलग गांवों में मारपीट के मामले में आठ लोगों पर केस दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग गाँवों में आठ लोगों के विरुद्ध मारपीट साहित संगीन धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पहली घटना बनकटा तिवारी के विजय कुमार सिंह पुत्र शिव औतार द्वारा थाने में दिये गए तहरीर में लिखा है कि रविप्रताप सिंह, सूरत,व सुदामी देवी द्वारा मेरी पत्नी रीता देवी से विवाद करने पर मेरे द्वारा मना करने पर मुझे मारना पीटना और गाली देना व जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी क्रम में दूसरी घटना पिपरा बिट्ठल निवासी रविप्रताप सिंह उर्फ रंगोली पुत्र अजय सिंह ने थाने में तहरीर देकर लिखा है कि विजय चौहान पुत्र शिव औतार चौहान ,धनु चौहान पुत्र शिव औतार चौहान ,सूरज चौहान पुत्र विजय पाल चौहान निवासी बनकटा तिवारी द्वारा मुझे बिना वजह गाली देना व बास-डण्डे से व धारदार हथियार से सिर पर वार करने से सिर फट जाने के सम्बंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 115(2),352,118(1) बीएनएस (323,504,324) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश दूबे को सौप दी है। इसी क्रम में तीसरी घटना हिमांशु राय पुत्र हेमन्त राय निवासी दुल्लहपुर छपरा थाना क्षेत्र भटनी द्वारा थाने में तहरीर दिया है जिसमें लिखा है कि शिवजी यादव पुत्र कुलदीप यादव व शिवजी यादव के साथियों द्वारा मुझे व मेरे भाई को मंदिर के कतार में धक्का देने पर मेरे द्वारा विरोध करने पर मुझे व मेरे भाई को लाठी डंडे से मारना पीटना व जाते समय जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर धारा 115(2),351(2) बीएनएसङ्ग(323,506) के अंतर्गत केस दर्ज कर मामले की जाँच उपनिरीक्षक हवलदार राम को सौप दी है।

# निलंबित आरोपी शिक्षकों ने शुरू की जांच अधिकारियों की परिक्रमा

- **माधोपुर मठिया स्थित प्रा. व पूर्व मा. वि. के प्रभारी प्रधानाध्यापिका शीला यादव व साजिद अली के बीच अश्लील बातचीत के वायरल आडियो का मामला**

**कुशीनगर।** बीते दिनों जनपद के कसया विकास खण्ड क्षेत्र के ग्रामसभा माधोपुर मठिया स्थित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के महिला और पुरुष शिक्षकों के बीच अश्लील बातचीत के वायरल आडियो मामले मे निलंबन की कार्रवाई के बाद आरोपी शिक्षक जांच अफसरों के पास जुगाड़ लगाना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि निलंबित शिक्षकों को सेवा समाप्ति के कार्रवाई से बचाने के लिए विभाग भी तरकीब ढूढ़ रहा है। अब देखना यह है बीइओ की पहली जांच रिपोर्ट को नामित जांच अधिकारी कैसे झुठलाते हैं

बतादे कि बीते माह एक वाट्सएप ग्रुप में माधोपुर मठिया स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका शीला यादव व इस गांव के पूर्व मा. विद्यालय के प्रधानाध्यापक साजिद अली के बीच मोबाइल फोन के जरिए अश्लील बातचीत का आडियो वायरल हुआ था जो बाद मे उस ग्रुप से अन्य वाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया मंच पर खूब प्रसारित हुआ, लेकिन आरोपी शिक्षको ने विभाग से मिलकर मामले को मैनेज कर लिया था। जब यह आडियो मीडिया के हाथ लगी तो मीडिया ने समाज के निमार्ता कहे जाने वाले गुरु शब्द को कलंकित करने वाले इन शिक्षको के कुकर्मों को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद इन शिक्षको के कारनामे सुनकर न सिर्फ इन दोनो शिक्षकों की बल्कि विभाग की भी खूब थू-थू हुई। नतीजतन विभाग-ए-शहंशाह डॉ. रामजियावन मौर्य ने मामले कि जांच कराकर दोषी पाने पर शीला यादव व साजिद अली को निलंबित कर दिया और खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज रीता गुप्ता व खण्ड शिक्षा अधिकारी दुदही प्रभात कुमार राय को संयुक्त रूप से इस मामले की सम्पूर्ण जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यहां बताना जरूरी है कि महिला अध्यापिका शीला यादव व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक साजिद अली के बीच विद्यालय मे मोबाइल फोन के जरिए हुई अश्लील बातचीत के 28 आडियो वायरल हुए थे। वायरल आडियो में तमाम आडियो ऐसे है जिसमें दोनो शिक्षको ने अश्लीलता की सारी हदे पार कर दी है जिसे सार्वजनिक स्थल अथवा घर मे बिना ईयरफोन लगाये नही सुना जा सकता है। फिर भी हमारा प्रयास है कि मयार्दा मे रहते हुए आडियो का कुछ अंश का खुलासा करे ताकि जांच अधिकारी को इस पूरे प्रकरण की जांच करने मे सहुलियत मिले।

### साजिद ने दिया है 25 लाख की जमीन और 80 हजार का चेन

कहना न होगा कि माधोपुर मठिया स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक साजिद अली ने प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका शीला यादव को 25 लाख रुपये का जमीन खरीद कर दिया है। ऐसा महिला शिक्षिका शीला यादव द्वारा एक आडियो में कहा गया है। आडियो मे शीला यादव कह रही है कि हेलो... क्यो बोल नही रहे है। कोई पास मे है क्या... रुकिये जंगले के पास आ रहे है अच्छा आडिट वाले है। फिर शीला यादव आगे कह रही है कि मैसेज कीजिए. अच्छा हम बोल रहे है आप सुनियेगा.... जो जमीन वाला कागज मेरे नाम से लिखवाये है वह हमको दे दीजिए। गाडी में मत रखिये घर मे कोई पा जायेगा। मैडम पा जायेंगी तो फिर जान ले लेगीं। और हम बाउण्ड्री करा लेगे आप बाउण्ड्री मत करायेगा। 25 लाख रुपये आप खर्च कर दिये है और रोज दो सौ के चार सौ के समान खाने वाला मत भेजिए। खा-खाकर मोटी होती जा रही हू। आगे कहती है इधर देखिये जंगले की तरफ, हसिये मत नही तो कहेगे लोग कहा कनवा पर मोबाइल लगाकर हस रहे है। फिर कहती है ठीक है अभी हट जाते है तो बात कीजिएगा। उसके आफिस मे मत जाइयेगा। कुछ भेजा मत कीजिए खाने वाला.. हेलो कुछ भेजा मत कीजिए खाने वाला, मोटी हो रही हू बहुत। रोज दो सौ ढाई सौ खर्च कर रहे है मत खर्च कीजिए इतना पैसा। इसके बाद शीला यादव बोलती है कि रहने दीजिए आईफोन मत खरिदीयेगा हम खरीद लेगें। इतना पैसा मत खर्च किजिए अभी आप ही का न फोन चला रहे है। यहा बता दे यह बाते उस समय हो रही है जब पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर कुछ लोग पहुंचे थे। (जैसा शीला यादव बातचीत मे बोल रही है)

### आपका साड़ी, सोने का चेन और अंगूठी पहनकर आये हैं

इसी तरह एक आडियो मे शीला यादव कहते हुए सुनी जा रही है कि आज आपकी दी हुई साड़ी, सेंडिल, आप ही का फोन, आप ही चेन, आप ही कान में का, आप ही का तीनो अंगुठी, सर से पाव तक आपका ही दिया हुआ पहन कर आये है। यह चेन और अंगुठी का कागज दे दीजिए अगर बदलना होगा तो कैसे बदलेंगे। इसके आगे कि बातचीत काफी अश्लील है जिसे हम लिख नही सकते है। अब देखना दिलचस्प होगा कि इन दोनों शिक्षको के खिलाफ पूरे मामले की जांच के लिए नामित कप्तानगंज व दुदही के खण्ड शिक्षा अधिकारी क्या गुल खिलाते है। बताया जाता है जांच अधिकारी को मैनेज करने के लिए निलंबित व आरोपी यह दोनो शिक्षक जुगाड़ लगा रहे है। सूत्र बताते है कि विभाग के भी कुछ लोग इस फिराक मे लगे है कि किसी तरह मैनेज कर मामले का पटाक्षेप किया जाये ताकि इन दोनो शिक्षको के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई न हो।

संक्षेप

## ट्रेन की पटरियों के किनारे मिला युवक का शव

सीतापुर। रामकोट थाना इलको में को घर से निकले एक युवक एक शव मंगलवार सुबह ट्रेन की पटरियों के किनारे बरामद होने से हड़कंप मच गया। परिजनों के अनुसार मृतक युवक मानसिक रूप से बीमार होने के चलते कई बार घर से गायब रहता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शव की हालत देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवक की ट्रेन की चपेट में आकर कटने से मौत हुई है। बताते चले कि ममला रामकोट थाना इलाके का है। यहां थाना क्षेत्र के खटकरी गांव निवासी संदीप 29 वर्ष पुत्र रामलोटन सोमवार रात घर से निकला था। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह लापता युवक का शव खटकरी गाँव के बाहर रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक काफी दिनों से मानसिक परेशान रहता था। कई बार आत्महत्या करने की कोशिश भी कर चुका था बीती रात को काफी नशे में भी था। स्थानीय लोगों की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि ट्रेन से कटने से युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलते ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने लगाई फांसी

बिछिया, उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के गांव निवासी पंकज यादव 40 पुत्र सीताराम दही चैकी स्थित एक फैक्ट्री में श्रमिक है। सोमवार को रक्षाबंधन होने के चलते पत्नी से मायके जाने के लिए कुछ विवाद हो गया जिसके बाद पंकज ने देर रात घर के आंगन में जाल में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा ली जिसके बाद जब पत्नी नीलम सुबह उठी तो देखा की पति लटका हुआ है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के दो लड़के है। मयंक और आयुष दही थाना अध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया की का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## स्थानांतरण के बावजूद नहीं छूट रहा कुर्सी का मोह

उन्नाव। जिले में विद्युत व्यवस्था खराब होने का एक कारण यह भी माना जा रहा है कि लंबे अरसे से जमे अवर अभियंता स्थानांतरण होने के बावजूद कुर्सी का मोह नही छोड पा रहे है। इसकी प्रमुख वजह यह भी मानी जा रही है कि मनमाने ढंग से काम करने की आदत ऐसे अधिकारियों को एक स्थान पर रुकने को मजबूर करती है। ऐक ऐसा ही मामला अजगैन उपकेंद्र का सामने आया है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र अजगैन में तैनात अवर अभियंता आशुतोष तिवारी काग स्थानांतरण दूसरी जगह हो गया। 29 जून को इसका आदेश जारी किया गया। लेकिन इसके बावजूद नवीन तैनाती स्थल के आदेश को भी अवर अभियंता दरकिनार किए है। इससे कही न कही यह बात सिद्ध होती है कि उच्च अधिकारियों के आदेश केवल कागजों तक ही सीमित हैं।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने सोमवार को बीती रात को घर में फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के ग्राम लखनापुर निवासनी गुड्डी अपने लगभग तेईस वर्षीय पुत्र रोहित के साथ रहती थी। सोमवार की रात पुत्र रोहित ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भोर पहर जब मां ने उसे लटकता देखा तो हक्का बक्का रह गई और उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रिश्तों की प्रगाढ़ता का पर्व रक्षा बंधन हर्षोल्लास से मनाया गया

### बहनों ने भाइयों के माथे पर लगाया तिलक, कलाइयों पर बांधी राखी





सीतापुर। भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र प्रेम और रिश्तों की प्रगाढ़ता का अनूठा पर्व रक्षा बंधन सोमवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को रेशम के कच्चे धागों में घर-घर में सच्चे संकल्प गूंथे गए। बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी, रक्षा का वचन लिया, मिठाइयां खिलाई और उपहार पाकर गदगद हुई। सुबह से ही भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस अनूठे पर्व रक्षाबंधन का हर्षोल्लास हर चेहरे पर झलक रहा था। तड़के से ही पर्व की हलचल घरों व गली चैबारों में महसूस की जाने लगी थी। बहनों ने स्नान व पूजन करने के बाद राखी की थाल सजाई। भाइयों के माथे पर रोली-चंदन, अक्षत का टीका किया और कलाई पर सुरक्षा की गुहार और वचन में लिपटी राखी सजा दी। भाइयों ने संकल्प निभाने के वादे के साथ उपहार भी भेंट किए। पर्व को लेकर बच्चों में खूब उत्साह रहा। रंग-बिरंगे परिधान पहने व उपहार पाकर वे निहाल हो रहे थे। गांव हो या शहर, हर घर, गली, चैबारे में राखी की धूम चहक रही थी। जो बहनें दूर थीं, वे भी अपनी ससुराल से अपने भाइयों के पास पहुंचीं और उन्हें राखी बांध रक्षा का वचन लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में विशेष चहल पहल देखी गई। बाजार में जगह जगह रखी और मिठाइयों की दुकानें सजी थीं। बहने दुकानों में राखी खरीदती नजर आई। राखी बाजार में इस वर्ष अधिकांशतः देसी राखी ही बिक्री होती दिखी। अधिकांश लोग सितारा और नग वाली राखी खरीदते देखे गए। इस बार में पूर्व की भांति चाइनीज राखी बाजार से गायब दिखी।

अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए दूर-दराज ससुराल से भी बहनें मायके पहुंची थीं। कहीं भाइयों ने भी उनकी ससुराल जाकर राखी बंधवाई। इससे सड़कों पर भी खूब चहल-पहल रही। शहर से लगायत ग्रामीण अंचल तक की सड़कों पर पूरे दिन जाम का झाम रहा। वाहनों में जाती भीड़ पर्व की व्यस्तता का प्रमाण दे रही थी।

## रक्षाबंधन का त्यौहार जिला कारागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। रक्षाबंधन का त्योहार जिला कारागार में विशेष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सोमवार की सुबह 8 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम शाम तक चलता रहा। जेल में कुल 475 बंदी भाइयों की कलाइयों पर हिन्दू और मुस्लिम दोनों बहनों ने रक्षा का सूत्र बांधते हुए भाई की सलामती और जेल से जल्द बाहर निकलने की प्रार्थना की। जेल के अंदर राखी तैयार करने का काम पिछले एक सप्ताह से बंद महिला बंदियों द्वारा किया जा रहा था। जेल प्रशासन ने इन महिला बंदियों को राखी बनाने के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराया था। राखी बनाने वाली महिला बंदियों में तारा, रेनू, राधा और आरती शामिल हैं, जबकि मुस्लिम धर्म की दो महिलाएं रूबी और राबिया ने भी अपने हाथों से राखियां तैयार की थीं। रक्षाबंधन के अवसर पर जेल के अंदर एक बिक्री स्टॉल भी लगाया गया, जहां इन हस्तशिल्प राखियों को बंदियों के हाथों पर बांधने के लिए उपलब्ध कराया गया। इस विशेष मौके पर जेल प्रशासन ने ऑनलाइन के बजाय ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की, ताकि महिला बंदियों की राखियां उनके भाइयों तक आसानी से पहुंच सकें। जेल अधीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि इस समय जेल में 1144 बंदी हैं, जिनमें 39 महिला बंदी भी शामिल हैं। रक्षाबंधन के इस मौके पर महिलाओं के लिए जेल के बाहर जलपान और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी, जिससे कि वे इस खास दिन को पूरी तरह से आनंदित कर सकें।

## समाज में स्त्री सम्मान की पुनर्स्थापना जरूरी



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रक्षाबंधन उत्सव आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवाध्वज को रक्षासूत्र बांधने के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत सहघोष प्रमुख संतोष कुमार ने कहा कि संघ सनातन धर्म के छह उत्सवों को सामाजिक समरसता के लिए मनाता है।

जब समाज समरस होगा तभी भारत परम वैभव को प्राप्त करेगा, जैसा कि संघ का संकल्प है। रक्षाबंधन सामाजिक समरसता का पर्व है। वर्तमान में इस पर्व की गंभीरता के साथ चर्चा होनी चाहिए। समाज में स्त्री सम्मान की पुर्नस्थापना की आवश्यकता है। रक्षाबंधन वचन का पर्व है, कि हम समाज व राष्ट्र की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा समाज के बिना समरस हुए राष्ट्र शब्द की परिकल्पना संभव नहीं है। भारत में प्रारंभ से ही वर्ण व्यवस्था थी। जाति प्रथा या जाति व्यवस्था मानसिक छोटेपन का उदाहरण है। जातीयता का प्रारंभ मुगलकाल से हुआ। अकबर के समय में महिलाओं की दशा सबसे दयनीय हो गई थी। मुगलकाल में भारतीय समाज ने स्वयं को बहुत सीमित कर लिया जिस कारण हिंदू समाज में कई कुप्रथाएं आ गई। हमें अपना इतिहास याद करके हिंदुत्व की भावना के साथ समरस होना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं समाजसेविका सीमा जैन ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हिंदू समाज को एकजुट होना होगा। हमारे देश में महिलाओं के सम्मान के लिए लंका में आग लगा दी गई। रावण आज भी हर वर्ष हम जलाते हैं। महिला सम्मान के लिए महाभारत हुआ। लेकिन, आज जब कहीं कोई घटना हो जाती है तो मोमबत्तियां लेकर सड़कों पर आ जाते हैं। मातृ शक्ति को स्वयं की रक्षा के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम के अंत में प्रार्थना हुई, स्वयंसेवकों ने एक दूसरे के रक्षासूत्र बांधा। इस मौके पर सह जिला संघचालक राकेश, नगर संघचालक विनय, सह नगर संघचालक वासुदेव, विभाग कार्यवाह कृष्ण कुमार, जिला कार्यवाह आशीष, जिला प्रचारक आकाश, नगर कार्यवाह विनीत, नगर प्रचारक मनोज, सह नगर कार्यवाह रवि, शारीरिक प्रमुख आयुष, प्रचार प्रमुख पवन, संपर्क प्रमुख राजेश, प्रचार प्रमुख सचिन, कुंटुब प्रबोधन प्रमुख संतोष, सह सेवा प्रमुख दीपक, भरत, कृष्णांश आदि मौजूद रहे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन

उन्नाव। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की वरिष्ठ संचालिका बीके कुसुम ने कहा कि भारतवर्ष में मनाए जाने वाले सभी पर्व आध्यात्मिक रहस्यो को संजोए हुए हैं।



यह सभी पर्व परमात्मा द्वारा संगम युग यानी कलयुग के अंत और सतयुग आदि में अवतरित होकर लुप्तप्राय गीता ज्ञान देकर आसुरी संस्कारों को त्यागने और देवताई संस्कारों को धारण करने की राज योग की शिक्षा दी जाती है और मन वचन कर्म की पवित्रता को अपनाने के लिए प्रतीक रूप में रक्षा सूत्र बांधकर प्रतिज्ञा करते हैं और सच्चे ब्रह्मा मुख वंशावली ब्राह्मण की पांडवों व शिव शक्ति सेना तैयार करते हैं जिनके सहयोग से तमोगुणी दुनिया कलयुग का अंत और सतयुगी स्वर्गिक दुनिया की स्थापना करते हैं।

यह रक्षाबंधन पर्व स्नेह, पवित्रता की मयार्दा में बंधने के साथ-साथ दुगुर्णों दुरव्यसनो रूपी असुरों से आत्मा की रक्षा करने का दृढ़ संकल्प करने का दायित्व निभाने की यादगार के रूप में मनाया जाने का है। किंतु जनमानस पर्व की आध्यात्मिकता और इसके महत्व से वंचित हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारियों द्वारा दिया गया सद्ज्ञान लोगों में नैतिक उत्थान कर रहा है और यह संस्था समाज के सभी वर्गों की सेवा कर रहा है। सभी आगंतुकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि हर बहन भाई को राखी बांधते समय दृढ़ संकल्प करावे कि संसार की हर नारी को सभी बहन व आत्मिक भाव से देखना व व्यवहार करना तभी बहने सुरक्षित रह सकती हैं और तभी समाज व संसार से बलात्कार, हत्या अर्थात हिंसक वृत्ति का अंत संभव है। बीके कुसुम व बहनों ने सदर विधायक, शिक्षक विधायक, जिला अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट को राखी बांधकर मुख मीठा कराया।

## बहनों ने भाइयों की कलाई मे बांधा स्नेह का धागा, दिया आशीर्वाद



महोली/सीतापुर। रक्षाबंधन का त्यौहार नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी धूमधाम के साथ बहनों ने भाइयों के कलाई पर विभिन्न प्रकार की राखी वह मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया। आज नगर वह क्षेत्र में दूर दराज से आई बहनों ने भाइयों के घर पर राखी का त्यौहार मनाने के लिए परिवार के साथ निकले। नगर की सभी मिष्ठानों की दुकान व पेट्रोल पंपों पर भीड़भाड नजर आई। भाइयों की कलाई में स्नेह का धागा बांध मस्तक पर लाल चंदन लगाकर बहनों ने भाईयों की लंबी उम्र की कामना की। रक्षाबंधन ऐसा त्यौहार है भाई अपनी बहन की रक्षा करने का संकल्प भी लेता है। यह त्यौहार भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बंधन बनती है। जिसे सभी लोग रक्षाबंधन कहते हैं। हिन्दु समाज का रक्षाबंधन लोकप्रिय त्यौहार है। इस त्यौहार पर राखी बांधने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। पूर्णिमा तिथि किसी न किसी उत्सव के लिए समर्पित है। रक्षा बंधन का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। बाजारों मे रौनक दिखी। प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों को भी स्कूल की छात्राओं ने राखी बांधी व मंगलकामना की ।

### समय का दिखा अभाव, फिर भी धूमधाम से मनाया पर्व

पुरोहितों का मानना है कि भद्रा काल मे राखी बांधना शुभ नही होता है। इस बार दोपहर 1 बजकर 32 मिनट तक भद्रा काल था। इसी के बाद सर्वार्थ सिद्धियोग मुहुर्त मे बहन भाइयो की कलाई मे रक्षा बांधती है। रक्षाबंधन के लिए शुभ मुहूर्त था। दोपहर बाद पूजा के बाद बहनों ने भाइयो की कलाई पर राखी बांधी। दोपहर बाद आवागमन करने वाले भाई बहनो मे समय का अभाव देखा गया। भीड़ होने के कारण जाम का सामना भी करना पड़ा। सभी भाइयों और बहनों को एक दूसरे के प्रति प्रेम और कर्तव्य का पालन व रक्षा का दायित्व लेते हुए ढेर सारी शुभकामनाओं के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया।

## संपत्ति विवाद में तीन गिरफ्तार



थानगांव/सीतापुर। बीते 16 अगस्त को थानगांव क्षेत्र के मेंउड़ी सेल्हवा ग्राम सभा में शत्रु संपत्ति में कुटी बनाकर रह रहे बाबा मुरारी दास व उनके साथी के साथ उसी शत्रु संपत्ति की जमीन के विवाद में मारपीट करने वाले तीन आरोपितों को थानगांव पुलिस ने सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ल सहित पुलिस उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशन में गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेजने की कार्यवाही की है। उपरोक्त प्रकरण की गिरफ्तारी में सामिल पुलिस टीम उप निरीक्षक उमराव सिंह यशवीर सिंह हेड कांस्टेबल अतबल सिंह कांस्टेबल अर्जुन सिंह कौशल कुमार ने उपरोक्त ग्राम सभा के निवासी सुशील व राजकुमार पुत्रगण श्रीपाल व एक अन्य को मय उपयुक्त हथियारों सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## एंबुलेंस पेड़ से टकरायी ,चालक की मौत

सीतापुर। सदरपुर थाना इलके में इमरजेंसी मरीज को लेने जा रही एक एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



हादसे में एंबुलेंस चालक की मौत हो गई, जबकि सहायक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि महमूदाबाद-बिसवां मार्ग पर एंबुलेंस हादसे का शिकार हो गई। सीएचसी पहला पर आई मरीज को अस्पताल पहुंचाने की सूचना पर एम्बुलेंस ग्राम सद्दुपुर जा रही थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान रास्ते में अचानक अनियंत्रित होकर एम्बुलेंस एक पेड़ स टकरा गई। हादसे हादसे में एंबुलेंस चालक आनंद कुमार पुत्र करण सिंह निवासी जनपद हरदोई और एमटी टेक्नीशियन ललित कुमार पुत्र राजकरन निवासी जनपद बहराइच दोनों गंभीर घायल हो गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से सीएससी बिसवां में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने दोनों के हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान एंबुलेंस चालक आनंद कुमार ने दम तोड़ दिया जबकि टेक्नीशियन का इलाज चल रहा है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली ने दो कावड़ियों को मारी टक्कर , एक की मौत

थानगांव /सीतापुर। थानगांव थाना इलाके में सावन के आखिरी सोमवार को बाइक से कांवड़ भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने जा रहे दो कावड़ियां हादसे के शिकार हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से कांवड़ भरकर जा रहे दो कावड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल एक कावड़िया की मौत हो गई। जबकि एक घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चले कि घटना थानगांव थाना इलाके की हैं। यहां सदरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फुरवाल कोडरी निवासी प्रदीप व दिनेश पुत्रगण रामनरेश सावन के आखिरी सोमवार के चलते चहलारी घाट पर कांवड़ का जल भरने गए थे। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह तड़के जब दोनों भाई बाइक से मियापुरवा-रसूलपुर हाइवे पर पहुंचे, तो हलीमनगर चैराहे के समीप सीमेंट मौरंग लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान दिनेश ( 15 ) वर्ष की ट्रॉली के पहिए के नीचे आने से मौत हो गई। जबकि दूसरा भाई प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। कावड़ियों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल प्रदीप को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं मृतक का शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हनुमन्त तिवारी ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हथकड़ी तोड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानी जयंती पर किए गये याद



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। क्षेत्र के उसरी गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 19 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई।

परिजनों सहित क्षेत्र के प्रभुत्व लोगो ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही देश की आजादी में उनके योगदान को एक बार याद किया। इस मौके पर शहीद स्मारक पर चंदन का पौधा रोपण किया गया और दाउदपुर गौशाला मे गौभण्डरा कराकर पशुओं को गुड़ चौकर और फल खिलाया गया । देश के स्वतंत्रता आंदोलन में जिले से अग्रणी भूमिका निभाने वाले क्षेत्र के पं. राम लखन तिवारी की पुण्यतिथि कमलापुर कस्बे में मनाई गई। कस्बे के तिवारी हाल में लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनकी देश सेवा को याद किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प राम लखन तिवारी के पौत्र रवि तिवारी ने बताया कि बाबाजी ने जेल में कई बार अंग्रेजों की पहनाई हथकड़ी तोड़ दी थी। वे पं. नेहरू के साथ कई बार अन्य प्रांतों में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिए। रालोद नेता आरपी सिंह चैहान ने कहा कि अपना अधिकांश जीवन देश सेवा करते हुए वे जेल में बिताए और अंग्रेजी यातनाएं भी सही हैं। फिर भी उन्होंने गांव व क्षेत्र के लोगों की मदद की। पं. राम लखन तिवारी को लोग पितामह की संज्ञा देते हैं, जो अपने बल व क्षमता से सीतापुर लालबाग में झंडा फहराकर अंग्रेजों को चुनौती दिए थे। वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि हम गौरवांवित हैं कि हम स्वतंत्रता सेनानी की पवित्र भूमि में कार्य कर रहे हैं। सेनानी के पौत्र रवि तिवारी ने बताया कि जल्द ही उनकी स्मृति मे कमलापुर कस्बे मे चार साल पूर्व बने गेट के लोकार्पण कराने के लिये जिलाधिकारी से गुहार लगाई जायेगी । इस मौके पर सजय चैधरी अनुज बाजपेयी , प्रताप यादव , सत्यप्रकाश सिंह अश्र्वनी सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

## बाबू की लापरवाही के चलते नहीं मिल रहा स्थानांतरित शिक्षकों को वेतन

उन्नाव। अंतर्जनपदीय एवं पारस्परिक स्थानांतरण में 60 शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना जनपद बदलकर नवीन जनपद के रूप में जनपद उन्नाव में कार्यभार ग्रहण किया। साथी जनपद उन्नाव से लगभग 60 शिक्षक अन्य जनपद में जाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं इन 60 शिक्षकों में से लगभग 30 शिक्षकों की एलपीसी जुलाई माह में ही प्राप्त हो गई थी किंतु इन शिक्षकों का जुलाई माह का वेतन अभी तक दिया नहीं गया है न हीं इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना कार्यालय वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय से इन शिक्षकों को प्रेषित की गई है यही स्थिति जनपद से जाने वाले शिक्षकों की भी है उनमें से अधिकांश शिक्षकों की एलपीसी प्रेषित नहीं की गई है जिसे उनका वेतन भी लंबित है इसके लिए सीधे तौर पर वित्त लेखा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत पटल सहायक एवं वित्त लेखा अधिकारी जिम्मेदार है जिनकी लापरवाही के कारण यह शिक्षक समय से अपना वेतन नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। जहां एक और सरकार सारी प्रक्रियाएं ऑनलाइन कर भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास कर रही है वहीं विभाग के इन अधिकारियों और बाबुओं की लापरवाही से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है शिक्षकों का अवरोध वेतन अब अवशेष वेतन के रूप में दिया जाएगा और उसके लिए शिक्षकों को कार्यालय की चक्कर काटने होंगे और बाबुओं को सुविधा शुल्क भी देना पड़ सकता है ऑनलाइन प्रक्रिया के बावजूद भी यह विलंब आखिर क्यों हो रहा है। मामले में जब लेखाधिकारी अनिल कुमार दुबे से बात करने का प्रयास किया तो उनसे संपर्क नही हो पाया।

## सड़क हादसे में युवक घायल

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा जानकीगंज मजरे बिहार निवासी सूरज उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र विष्णू कोरी मोटरसाइकिल से बक्सर से बिहार आ रहा था पाटन धानी खेड़ा मार्ग पर स्थित अमर शहीद राम लखन सिंह इंटर कॉलेज के सामने आगे जा रहे ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह मोटर साइकिल सहित जमीन पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पहुंचाया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गाड़ी के अनुसार युवक की स्थिति चिंता जनक बताई जा रही है।

## दादा पर किशोरी से अश्लील हरकत करने के साथ दुष्कर्म का लगा आरोप

सीतापुर। सदरपुर थाना इलाके में रिश्तों को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। यहां रिश्ते में लगने वाले दादा पर उसकी 15 वर्षीय पोती ने दस दिन में दो बार दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपों के आधार पर मामले की जांच की बात कह रही है। इंसानी रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली यह घटना सदरपुर थाना इलाके की है। बताते चले कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर आरोप लगा है कि वह और उसका बड़ा बेटा परिवार की जीविका के लिए लखनऊ मजदूरी करने गया था। घर पर उसके दो छोटे बच्चों सहित पत्नी मौजूद थी। पिता का आरोप है कि दस दिन पूर्व रात करीब दस बजे उसकी गैरमौजूदगी में गांव के ही रिश्ते में लगने वाले बाबा ने घर में सो रही उसकी 15 वर्षीय पुत्री से अश्लील हरकतें की। किशोरी के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पिता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म भी किया और फिर आरोपी ने अभी चार दिन पूर्व भी दूसरी बार किशोरी से जबरन दुष्कर्म किया। पिता के लखनऊ से आने के बाद किशोरी ने अपनी आपबीती पिता को बताई। पिता के पूछने पर आरोपी हमलावर हो गया और जान से मारने की धमकी दे डाली। पिता ने सदरपुर थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। महिला ने किशोरी को लेकर महिला हेल्प डेस्क में तहरीर भी दी थी। शिकायतकर्ता को बुलवाया गया है। जांच कर मुकदमा दर्ज कर संबंधित के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

# एंटी रोमियो टीम करेगी महिलाओं को जागरूक

## एसपी ने दिये महिला थाना प्रभारी व टीम को निर्देश



ललितपुर। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत कम्यूनिटी पुलिसिंग व महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा महिला थाना प्रभारी/एण्टीरोमियों टीम के साथ बैठक कर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने निर्देशित किया कि प्रतिदिन मिशन शक्ति अभियान के तहत एण्टीरोमियों टीम के साथ क्षेत्र में निकलकर मुहल्ले-मुहल्ले व गांव-गांव जाकर महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चैपाल लगाकर उनके साथ घटित होने वाले अपराधों एवं उत्पीड ? की रोकथाम हेतु जागरूक किया जाये। महिला थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि स्कूल, कॉलेज आदि के खुलने तथा छुट्टी के समय अपनी टीम के साथ भ्रमणशील रहकर अराजकतत्वों पर सतर्क नजर रखी जाये तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मन्दिरों, पार्क, अस्पताल, डैम आदि स्थानों पर सतत भ्रमणशील रहना सुनिश्चित करें। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना, पिंक बूथ, महिला पुलिस चैकी, निराश्रित महिला पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास आदि योजनाओं के बारे में महिलाओं, बालिकाओं को जानकारी देकर जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर बालिकाओं, महिलाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला सुरक्षा दल व थाने पर नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर गश्त, चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। मीटिंग के दौरान महिला थाना प्रभारी स्वाती शुक्ला व अन्य एन्टी रोमियो टीम के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को सुरक्षित, त्रुटिहीन एवं सकुशल संपन्न करायें: एसपी

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स ललितपुर में आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों की तैयारी, परीक्षा को सकुशल, सुरक्षित व त्रुटिहीन तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जनपद के सभी सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरो, सुरक्षा व्यवस्था को चैक करने तथा परीक्षा केन्द्रों के प्रभारियों से वार्ता करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जनपद में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 को सकुशल, सुरक्षित व त्रुटिहीन तरीके से सम्पन्न कराने हेतु सभी सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को पुलिस भर्ती बोर्ड व उच्चाधिकारियों के आदेश-निदेशों के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु ब्रीफ किया गया। कप्तान ने बताया कि परीक्षा के दौरान जोनल, सेक्टर, स्टैटिक, केन्द्र पर्यवेक्षक व सचल दल के रूप में पाँच स्तरीय ड्यूटियां लगायी गयी है जिसके सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है।

# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को किया याद



ललितपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष राकेश रजक एडवोकेट के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी 80वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने ही पंचायती राज को लागू करने से लेकर कंप्यूटर क्रांति जैसे महान कार्य किए। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत के बाद देश की बागडोर संभाली और देश के विकास में नीव के पत्थर साबित हुए। ललितपुर में कार्यक्रम के पश्चात महरौनी नगर में भी कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी आयोजित की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी में मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान रामनरेश दुबे, महिला जिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, पवन विश्वकर्मा, जावेद कितमानी, रफीक अली, जितेंद्र वर्मा, पंडित सुखनंदन तिवारी, पीसीसी आसाराम तिवारी, अखिलेश जैन मलैया, जाहिर सिंह, मोहन सिंह चंदेल, जाकिर अली पार्षद, ठाकुर कमल सिंह, मुनीर खान, रहवर अली, नीरज पाराशर भैया लिटोरिया पठा, मुन्नालाल बड़गाना, पुष्पेंद्र सिंह परमार, कालीचरण चंदेल अमौरा, नाजिम खान आदि उपस्थित रहे।

# सद्भावना दिवस का उद्देश्य शांति और अहिंसा के सिद्धांतों को आगे बढ़ाना

ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी, ललितपुर में सद्भावना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 भीमराव अंबेडकर सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा, कृषि विभागाध्यक्ष असि0प्रो0 भजनलाल साहू एवं कार्यक्रम संयोजक असि0प्रो0 रामलाल रायकवार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। ग्रुप ऑफ कालेज के डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष 20 अगस्त को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है, सद्भावना दिवस का मुख्य उद्देश्य सभी धर्म के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता, शांति, सहानुभूति और सांप्रदायिक को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य शांति और अहिंसा के सिद्धांतों को आगे बढ़ाना है। इससे समाज में शांति और स्थिरता को बढ़ावा मिलता है। प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने कहा कि भारत कई धर्म, भाषा, संस्कृति और परंपराओं की विविधता वाला देश है और यही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। सद्भावना दिवस राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत बनाने का पर्व है। इसके माध्यम से लोग यह संदेश प्राप्त करते हैं कि वे भले ही विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों से संबंधित हों, लेकिन वे सभी एक ही राष्ट्र के सदस्य हैं। कार्यक्रम संयोजक असि0प्रो0 रामलाल रायकवार ने कहा कि इस दिन को समाज सेवा के रूप में भी मनाया जाता है। लोग रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और अन्य सामाजिक सेवा कार्यों में भाग लेते हैं। युवाओं को इस दिन के महत्व को समझाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें उन्हें विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है।

## राजीव गांधी की जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

रूदौली-अयोध्या। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के मौके पर ब्लाक मवई के रानीमऊ स्थित निर्मल कुटिया पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा ए आई सी सी सदस्य दयानन्द शुक्ला ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिये आतंकी हमले में राजीव जी की हत्या हो गयी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी ने संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन कर दलबदल विधेयक को प्रभावी बनाकर ऐतिहासिक कदम उठाया। श्री शुक्ला ने कहा कि देश मे 18 साल के करोड़ों युवाओं को मताधिकार भी राजीव गांधी के बड़े चिंतन से हो सका।

# पुलिस कर्मियों ने महिला चालकों को भेंट किये हेलमेट

ललितपुर। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन पर सदर क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं टेजफिक इंस्पेक्टर ने अनूठी तरीके से महिला वाहन चालकों से राखी बंधवाई, उन्होंने पहले महिला वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने का आश्वासन लिया और फिर राखी बंधवाते हुये उन्हें उपहार में हेलमेट प्रदान किये।



यातायात पुलिस ने महिला वाहन चालकों से रक्षासूत्र बंधवाते हुये उन्हें उपहार स्वरूप हेलमेट भेंट किया। साथ ही यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने का भी आह्वान किया। रक्षा सूत्र बांधते हुये महिलाओं ने भी यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवार के साथ-साथ अन्य लोगों को भी सुरक्षा की दृष्टि से यातायात नियमों का पालन सख्ती से कराने के लिए संकल्पित होकर भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश पर और एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण राय के संयुक्त पर्यवेक्षण में शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी द्वारा नित नये नवाचार करके वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बिगड़ैल वाहन चालकों के खिलाफ भी सख्ती से कार्यवाहियों को अंजाम भी दिया जा रहा है। रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार पर यातायात पुलिस ने जहां सघन चैकिंग अभियान चलाते हुये वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया तो वहीं महिला वाहन चालकों को भी रोककर उन्हें रक्षाबंधन की बधाईयां दीं। महिला चालकों से यातायात कर्मियों ने अपने हाथों पर रक्षा सूत्र बंधवाया और उपहार स्वरूप यातायात कर्मियों ने हेलमेट भेंट किया। वर्णी कॉलेज पर चैकिंग के दौरान इस प्रकार के आयोजन से शहर में ललितपुर यातायात पुलिस की लोगों ने जमकर सराहना की। मौके पर रक्षासूत्र बांधते हुये महिलाओं ने भी यातायात पुलिस को भरोसा दिलाया कि वह अपने घर के सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करायेंगी और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के वाहन न चलाने पर भी बल देंगी। महिला वाहन चालकों को हेलमेट वितरण करते हुये सीओ सदर अभय नारायण राय ने कहा कि लोगों की सुरक्षा हमारी जिम्मेवारी है कर्तव्य है, लेकिन यातायात नियमों का पालन करके वाहन चालक स्वयं अपने प्राणों की रक्षा कर सकते हैं और ऐसा करना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। वहीं यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने भी शहरवासियों से आह्वान किया कि वह यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। इस दौरान यातायात कर्मी मौजूद रहे।

# होटल में लड़की की गला रेतकर हत्या

बरेली। जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना इलाके में रोडवेज बस स्टैंड के निकट स्थित एक होटल के कमरे से मंगलवार को एक लड़की का शव बरामद हुआ। लड़की की गला रेत कर हत्या की गई है। होटल में लड़की को लेकर पहुंचा युवक ही कथित रूप से उसकी हत्या कर फरार हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) राहुल भाटी ने बताया कि पुलिस ने लड़की का रक्तरंजित शव होटल के कमरे से बरामद किया है, जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। होटल के प्रबंधक व कर्मचारियों के मुताबिक, 18 अगस्त को मोहम्मद आलम नाम के युवक ने यहां कमरा बुक कराया था और उसके साथ करीब 28 साल की युवती भी पहुंची थी। लड़की बुर्का पहने हुए थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नियमानुसार, कमरे में ठहरने वाले सभी लोगों के पहचान पत्र की प्रति जमा करनी चाहिए थी, लेकिन होटल कर्मचारियों ने ऐसा नहीं किया। कमरे में जाने के बाद आलम ने किसी वक्त युवती की किसी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और दरवाजा बंद कर वहां से फरार हो गया। भाटी ने कहा कि आरोपी की पहचान बरेली के होटल के पास ही स्थित मोहल्ला आजमनगर निवासी मोहम्मद आलम हसनैन कुरैशी के रूप में हुई है। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। सोमवार को आलम को होटल से बाहर जाते देखा गया था, लेकिन कर्मचारियों ने यह सोचकर कमरे की ओर ध्यान नहीं दिया कि वहां लड़की ठहरी हुई है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को जब कमरे से दुर्गंध आनी शुरू हुई तो थाने में सूचना दी गई और फिर होटल के कमरे का दरवाजा खोले जाने पर बेड पर युवती की खून से लथपथ लाश बरामद हुई।

# राष्ट्रीय एकता और उर्दू के विषय पर सेमिनार का आयोजन

## उर्दू ने हमेशा राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का काम किया: सांसद



**बिजनौर।** खलील मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से एक सेमीनार राष्ट्रीय एकता और उर्दू के विषय पर डॉ मौ0 इकबाल, पूर्व सचिव, उर्दू अकादमी पंजाब की अध्यक्षता एवं अमीर अहमद खान के संचालन में संपन्न हुई।

बिजनौर के मौहल्ला मिर्दगान में आयोजित सेमीनार की मुख्य अतिथि मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने इस अवसर पर सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू एक मीठी जबान है। यह अभिव्यक्ति का प्रभावशाली एवं सशक्त साधन है। बड़ी से बड़ी बात एक शेर के अंदर कही जाती है, उर्दू ने सदैव राष्ट्रीय एकता, सद्भावना, प्रेम, मोहब्बत की जड़ों को मजबूत करने का कार्य किया है। उर्दू साहित्यकार डॉक्टर शेख नगीनवी ने कहा कि कोई मुल्क या कौम हो एकता उसकी ऐसी बुनियादी आवश्यकता है जिसके बगेर अमन व सुकून नहीं हो सकता है और अमनो सुकून के बिना सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थिरता की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। उर्दू में इस देश को जोड़ने का काम किया है और हर दौर में मोहब्बत के पैगाम को आम किया है। सेमिनार के अध्यक्ष डाक्टर मोहम्मद इकबाल ने कहा की उर्दू में राष्ट्रीय एकता के बहुत से रूप नजर आते हैं जिनमें एक रूप संतों और सूफियों की सूफियाना शायरी है। इन सूफियों संतों ने अपनी शायरी में इंसानियत का विशाल तसव्वुर पेश किया है और इस बात पर जोर दिया है के खुदा की इबादत दरअसल इंसान से मोहब्बत और इश्क के जज्बात का एतराम है और यह सब उर्दू में खूब मिलता है। वरिष्ठ अधिवक्ता और अंजुमन तरक्की उर्दू के जिला अध्यक्ष एडवोकेट खुर्शीद मोहसिन जैदी ने अपने संबोधन में कहा की उर्दू जबान एकता की जबान है इसका वजूद ही राष्ट्रीय एकता से हुआ है इसमें तमाम भाषाओं का मिश्रण है।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी ने की आत्महत्या

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के नांदनमऊ में 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। स्वर्गीय ज्ञान सिंह की पुत्री शशि उर्फ कशिश 15 परिजनों की गैर मौजूदगी में संदिग्ध परिस्थितियों में घटना को अंजाम दिया। इस दौरान मां गीता सिंह छोटे भाई कृष्णा को लेकर ओरन कस्बे गयी थी। जब मां घर लौटी और दरवाजा खोला तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। बेटे कृष्णा को छत के रास्ते भेजकर दरवाजा खुलवाया तो पुत्री फांसी के फंदे में लटक रही थी। बदहवास मां ने पड़ोसियों को बुलाया और लमेहटा पुलिस चैकी को सूचना दी। पुत्री शशि गांधी राजकीय इंटर कालेज ओरन में कक्षा 9 की छात्रा थी। पिता ज्ञान सिंह की मृत्यु बीते 6 वर्ष पूर्व हो गयी थी। बाबा राजबहादुर बहू से अलग दूसरे मकान में रहते थे। घटना की वजह परिजन नहीं बता सके। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा करने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया।

## ग्राम सभा की जमीन से मिट्टी का अवैध खनन करने का आरोप

ललितपुर। जिले में व्यापक पैमाने पर चल रहे अवैध खनन के गोरखधंधे पर लगाम लगाने में खनन विभाग की कार्यवाहियां सफेद हाथी साबित हो रही है। जिले में सबसे अधिक अवैध खनन होने की खबरें तालबेहट, जखौरा और बांसी क्षेत्र से सुर्खियों में रहती हैं। ऐसा ही प्रकरण थाना जखौरा के मजरा बौलारी से प्रकाश में आया है, यहां स्थित ग्राम सभा की जमीन से कई ट्रॉली मिट्टी बेचे जाने का आरोप लगाते हुये एक शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी तालबेहट को भेजा गया है। एसडीएम तालबेहट को दिये गये शिकायती पत्र में बताया गया है कि तालबेहट मार्ग के समीप स्थित ग्राम सभा की भूमि संख्या- 2101/3 रकबा 0.232 हेक्टेयर तथा जमीन नम्बर 2103 जो कि ग्राम सभा में दर्ज है। जिसकी मिट्टी रूपलाल पुत्र लच्छू कुशवाहा की जेसीबी से अवैध खनन कर ग्राम बौलारी में रहने वाले विनोद नामक युवक द्वारा एक ट्रॉली द्वारा बेच दी गयी है। व्यापक पैमाने पर अवैध खनन करते हुये लाखों रुपए की मिट्टी बेची गयी है। शिकायती पत्र के माध्यम से दिलीप कुमार पुत्र प्रेमनारायण चैबे ने एसडीएम तालबेहट से मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## देशी शराब की सरकारी दुकान में तोड़फोड़ व मारपीट

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिजरौठा के मजरा बाबाताल निवासी प्रदीप कुमार शिवहरे पुत्र सुरेश कुमार ने एक शिकायती पत्र पुलिस को देकर बताया कि कोतवाली महरौनी क्षेत्रांतर्गत अगौरा निवासी उसके जीजा विनोद राय की देशी शराब का सरकारी ठेका ग्राम बौलारी में है। इस ठेका पर वह काम करता है, उसी दुकान पर सेल्समेन का काम ग्राम कड़ेसराकलां निवासी मनीष अहिरवार पुत्र प्रभू भी काम करता है। बताया कि बीती 18 अगस्त 2024 को रात करीब पौने दस बजे ग्राम बौलारी में रहने वाले दशरथ पुत्र तिज्जा बरार, राजेश बरार पुत्र तिज्जा, रवी बरार पुत्र जीवन, भरत बरार पुत्र राजेश शराब के ठेका पर आये और शराब मांगने लगे। बताया कि जब सेल्समेन ने कहा कि अब दस बजने वाले हैं, इसलिए दुकान बंद करने का समय हो गया है। इस पर उक्त लोगों ने उसकी दुकान पर चारपाई की बुनाई करने के लिए आये कमलू कुशवाहा पुत्र बटई के साथ लात-घूंसों व गुम्मा से मारपीट की। दुकान क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने प्रदीप कुमार की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## प्रवेश हेतु 16 सितम्बर तक करें आवेदन

ललितपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा के प्रधानाचार्य हुपेन्द्र शर्मा ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा द्वारा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे हैं, प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 को सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु विद्यालय समिति की बेवसाइट पर आवेदन किया जा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर है।

## लेफ्टिनेंट कर्नल को प्रशंसा पदक



बांदा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज के पुत्र लेफ्टिनेंट कर्नल कुमार सौभाग्य को उत्कर्ष सेवानिष्ठा एवं अविस्मरणीय कार्य के लिए प्रशंसा पदक दिया गया है। जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ईस्टर्न कमान जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल ने मंगलवार को भारतीय सेना के आर्डिनेंस कोर्स में सेवारत लेफ्टिनेंट कर्नल कुमार सौभाग्य को प्रशंसा पदक प्रदान किया। जिसे मिलिट्री कालेज ऑफ मटेरियल मैनेजमेंट जबलपुर के फैकल्पी कमांडर कर्नल ने सीने में पदक लगाकर गौरान्वित किया। बताते चलें कि इससे पहले कुमार सौभाग्य को गुवाहाटी नारंगी कैंप में तैनाती के दौरान एक पदक मिल चुका है। यह राजकुमार राज एवं परिवार के अलावा जिले के लिए गौरव की बात है। पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज ने कहा कि यह उपलब्धि बेटे की मेहनत पर तो है ही लेकिन सभी शुभचिंतकों के आशीर्वाद एवं शुभकामनाओं का भी प्रतिफल है। फूड चेयरमैन के बेटे कुमार सौरभ इंडियन एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन हैं और दूसरा बेटा कुमार सौगंध भी आर्डिनेंस भारतीय सेना में कर्नल है। उन्होने कहा कि बेटे सुरक्षित रहते हुए इसी तरह देश की सेवा कर हम सबका नाम रोशन करें। इस उपलब्धि के दौरान पत्नी तनु गुप्ता और कुमार लक्ष्य तथा कुमार कामाक्ष इस गौरवशाली पल के गवाह बने हैं। इस अवसर पर अमित सेठ भोलू, मनोज जैन, पत्रकार सुनील सक्सेना, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, अभिषेक श्रीवास्तव, महेश गुप्ता, सुरेश कान्हा के अलावा तमाम नगरवासियों ने पुत्र की इस उपलब्धि पर राजकुमार राज को बधाई दी। कहा कि बेटा इसी तरह जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करे।

## अधिक सवारी बैठाने पर 263 का चालान, 2,24,000 जुर्माना



बांदा। क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में क्षमता से अधिक सवारियों बैठाने व नो-पार्किंग अभियान के तहत 263 वाहनों का चालान कर 2 लाख 42 हजार रुपये जुमार्ना किया गया। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत लोगों को यातायात निमायों के प्रति जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए की जा रही कार्रवाई में क्षेत्राधिकारी यातायात गवेन्द्र पाल गौतम के नेतृत्व में ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने व नो-पार्किंग का अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस ने वाहन चालकों व लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया साथ ही नियमों का उल्लंघन कर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले तथा नो-पार्किंग में वाहनों का खड़ा करने वाले 263 ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा का चालान कर 2 लाख 42 हजार रुपये का जुमार्ना किया गया साथ ही दो ई-रिक्शा तथा दो ऑटो रिक्शा को सीज किया गया। बताते चलें कि शहर में ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शा की भारी भीड़ के चलते लोगों का सड़कों पर निकलना दुसवार हो गया है। सुबह से रात तक शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है।

## आयुक्त, डीएम का आदेश बेअसर, गौवंश की हालत बदतर



बांदा। तिंदवारी विकास खंड के जमुवा गांव स्थित गौशाला में गौवंश की हालत बदतर है। गौशाला में इनता अधिक दलदल है कि गौवंश के आधे से अधिक पैर धंसे हुए हैं। खराब हालात में भी गौवंश खड़े रहने को मजबूर हैं। इनके लिए खाना और पानी की भी कोई व्यवस्था नही दिखाई दे रही। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप के कड़े निदेशों के बावजूद कि अन्ना गौवंश मुख्य मार्गों पर न दिखाई दें लेकिन सबसे बदतर हालात झांसी-मिजार्पुर हाईवे में विकास खंड बड़ोखर खुर्द कार्यालय के आस-पास तथा बड़ोखर खुर्द गांव, जमुनी पुरवा व डिंगवाही और बांदा-बिसंडा मार्ग के गुरेह गांव में सैकड़ों की तादाद में मुख्य मार्ग में विचरण कर रहे हैं। वाहन चालक गौवंशों को बचाकर किसी तरह निकल रहे हैं। इसी वजह से आए दिन मुख्य मार्गों में गौवंशों की मृत्यु हो रही है और गौरक्षा के नाम पर तथाकथित कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाते हैं। बांदा-इलाहाबाद मार्ग में शहर से निकलते ही अन्ना गौवंश जगह-जगह बैठे रहते हैं लेकिन इसे देखने वाला कोई नही है।

## वृक्षों की जियो टैगिंग एक हफ्ते में करायें



बांदा। कलेक्ट्रेट में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने वृक्षारोपण करने के बाद जियो टैगिंग का कार्य एक सप्ताह के अंदर कराए जाने के निर्देश सहकारित, माध्यमिक शिक्षा, श्रम व विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होने अन्य विभागों को भी निर्देश दिए कि वृक्षों की सुरक्षा के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई कर निरीक्षण करें। उन्होने खंड विकास अधिकारियों को भी जियो टैगिंग का कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। हरीतिमा, अमृत वन ऐप पर लिंकेज कर संबंधित विभाग वृक्षारोपण संबंधी जरूरी सूचना अंकित करें। डीएम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं थमाकोल को रोकने के लिए प्रभावी रूप से चेकिंग कराए जाने और उसका प्रयोग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत व अन्य अधिकारियों को दिए। उन्होने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कूड़े का उचित निस्तारण कराने, कूड़ा निस्तारण केन्द्रों एवं चिन्हित डंपिंग स्थान पर ही डालकर निस्तारण की कार्रवाई की जाए। उन्होने बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का भी उचित निस्तारण संबंधित संस्था बामदेव इनसालमेंट के माध्यम से सभी सरकारी अस्पतालों का बायो मेडिकल वेस्ट एकत्र कर बाहर भेजा जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, जिला वनाधिकारी अरविंद कुमार, खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राखी बांधने के बाद नाबालिग लड़की ने आत्महत्या की

बांदा। महोबा जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने भाइयों को राखी बांधने के बाद एक नाबालिग ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर थाना प्रभारी शिवपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के बिलरही गांव के मजरा किशोरगंज में सोमवार रात 17 साल की लड़की ने अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान भारती के रूप में हुई है तथा उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दिया गया है। सिंह ने बताया कि लड़की के भाई सोनू के मुताबिक, सोमवार को रक्षाबंधन के मौके पर भारती अपने तीनों भाइयों को राखी बांधते समय गुटखा खा रही थी, जिस पर एक भाई ने उसे डांट दिया था। शायद इसीके चलते उसने आत्महत्या करने जैसा कदम उठाया होगा। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# राज्य के दर्जे पर घमासान

सर्वोच्च अदालत के आदेश के पालन के क्रम में जम्मू-कश्मीर राज्य के विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। चुनाव आयोग ने चुनाव तिथियों का एलान कर दिया है, इससे दस साल बाद राज्य में राजनीतिक गतिविधियां परवान चढ़ने लगी हैं। राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था को पूरी तरह पटरी पर लाने, राजनीतिक गतिविधियों को शुरू करने और लोगों को अपना प्रतिनिधि चुनने का मौका देकर, एक तरह से जम्मू-कश्मीर राज्य में सांविधानिक सुधारों की जो प्रक्रिया 5 अगस्त 2019 को शुरू की गयी थी उसे पूरा करने और राज्य में सब कुछ सामान्य करने का प्रयास अब अपने अंतिम चरण में है। जनादेश का यह समय 10 सालों के बाद आ रहा है, लेकिन कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हो चुके हैं। संसद 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त कर चुकी है, लिहाजा जम्मू-कश्मीर का 'विशेष दर्जा' समाप्त हो चुका है। अब यह भी देश के अन्य राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों की तरह एक सामान्य संघ शासित क्षेत्र है। केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर के राज्य के दर्जे को शीघ्र बहाल करने का वायदा किया है। यहां सवाल यह है कि राज्य का दर्जा विधानसभा चुनाव के बाद कब बहाल किया जायेगा? पुराना राज्य दो भागों में विभाजित कर दिया गया था। अब एक तरफ जम्मू-कश्मीर संघ शासित क्षेत्र है, तो दूसरी तरफ लद्दाख अलग होकर केंद्र शासित क्षेत्र है। अब सितंबर-अक्टूबर में जो विधानसभा चुनाव कराये जा रहे हैं, वे इन ऐतिहासिक बदलावों के संदर्भ में होंगे।



**विधानसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के सभी प्रमुख दल चुनावों में भागीदारी करेंगे तो इससे लोकतंत्र मजबूत होगा।**

यह भी गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन का काम पूरा हो चुका है। अब कश्मीर घाटी की 47 और जम्मू संभाग की 43, अर्थात कुल 90 सीटों पर चुनाव होंगे। यह सुखद है कि आतंकवाद से पीड़ित राज्य में जम्हूरियत फिर लौट रही है। जनता अपने प्रतिनिधि चुनेगी और वे विधानसभा का स्वरूप तय करेंगे। ये चुनाव ऐसे परिदृश्य में हो रहे हैं, जब आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। जो गिनती भर आतंकी सक्रिय लगते हैं, उनके खिलाफ सेना और सुरक्षा बलों के ऑपरेशन जारी हैं। वैसे 2024 में ही जम्मू-कश्मीर में 36 आतंकी हमले किए जा चुके हैं। इन हमलों में 35 आतंकी मारे गये और 19 जवानों को वीरगति मिली। इसमें कई नागरिक भी मारे गये। ये आंकड़े 2014 के चुनावों से पहले के आतंकवादी माहौल की तुलना में बेहद कम हैं। उस दौर में 5 से 15 फीसदी तक ही मतदान हो पाता था। अब जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दौरान 55-58 फीसदी तक मतदान किया गया और दशकों के रिकॉर्ड भी टूटे। आतंकी या उनके समर्थक अलगाववादी तत्त्व या तो जेल में बंद हैं अथवा बचे-खुचे चेहरे अपने घरों के भीतर चुपचाप बैठे हैं, लिहाजा यह दौर जनादेश के लिए बिलकुल सटीक है, लेकिन विधानसभा चुनाव के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली पर भी सरकार को स्पष्ट समय-सीमा तय करनी चाहिए। राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने अनुच्छेद 370 और राज्यत्व की बहाली तक चुनाव न लड़ने की बात कही है। इन पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। ऐसे संकेत मिल रहे हैं, ये पार्टियां अपने पुराने रुख से पीछे हटकर विधान सभा चुनाव लड़ने को तैयार भी हो सकती हैं। दरअसल जब सभी पार्टियां चुनाव में भागीदारी करेंगी, तो लोकतंत्र और मजबूत होगा। बहरहाल यह जनादेश का समय इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि वहां हालात बदल चुके हैं। जिन होटलों के कमरे खाली रहते थे, वे अब लगभग बुक रहते हैं। सभी सार्वजनिक और सामाजिक संस्थान खुल चुके हैं। अब श्रीनगर के लाल चौक पर लोग, तिरंगा लहराते चुनावों की घोषणा के जश्न मना रहे हैं। बंद या बहिष्कार की कोई हुंकार नहीं है। पत्थरबाजी बीता हुआ अध्याय हो गई है, निवेश आ रहे हैं, कश्मीरी उद्योग-धंधे और हुनर फिर चमक उठे हैं। यानी बदला हुआ कश्मीर है। फिर भी आतंकवाद, बेरोजगारी, सुरक्षा, राज्य के दर्जे की बहाली जम्मू-कश्मीर में प्रमुख मुद्दा है।

## विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
-चाणक्य.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

# महिला सुरक्षा के लिए नजीर बने कोलकाता केस

डॉ. अनिता राठौर



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में एक पीजीटी डॉक्टर की भयावह हत्या-बलात्कार मामले का सुप्रीम कोर्ट ने 18 अगस्त 2024 को स्वतः संज्ञान लिया है और इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुरक्षा के लिए कार्यबल बनाने का फैसला भी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीव्हाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला व न्यायाधीश मनोज मिश्रा की खंडपीठ 20 अगस्त 2024 को भी इस मामले की सुनवाई की। 31-वर्षीय पीजीटी डॉक्टर के विरुद्ध वहशियाना हादसा 9 अगस्त 2024 को हुआ था। इसके खिलाफ व 'रिक्लेम द नाईट' (रात पुनः प्राप्त करें) मार्च की एकजुटता में जब महिला डॉक्टरों व छात्राओं ने रैली की योजना बनायी तो 14 अगस्त 2024 की रात को भीड़ ने आरजी कर अस्पताल पर हमला किया।

**महिलाओं को यह बताना बंद किया जाये कि वह कहां जाएं कहां न जाएं? क्या पहने क्या न पहनें? और क्या खाएं क्या न खाएं? बहुत सुन चुके कि लड़कों से गलती हो जाती है, फास्ट फूड से जवानी जल्द उभरती है और फटी जीन्स बलात्कार के लिए उकसाती है। घर, सड़क, कार्यस्थल आदि को सुरक्षित बनाओ और यौन हिंसा के दोषियों को जल्द व सख्त सजा दो।**

इस वारदात ने भी सुप्रीम कोर्ट को मजबूर किया कि वह इस मामले को अपने हाथ में ले। यह सुप्रीम कोर्ट के लिए दुर्लभ ही है कि उसने ऐसे मुद्दे का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें संबंधित हाईकोर्ट (कलकत्ता) पहले से गंभीर नोट ले चुका कि केस की जांच सीबीआई को सौंप दी है और त्याग पत्र दे चुके कॉलेज के प्रचार्य को कोई अन्य पद देने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस घटना का स्वतः संज्ञान लेना इस तथ्य का संकेत है कि वह उन सिस्टमिक लूपहोल्स की जांच करे, जिन पर लम्बे समय से लापरवाही बरती जा रही है और जिनके कारण इस किस्म की त्रासदीपूर्ण घटनाएं आये दिन होती रहती हैं। कोलकाता हॉरर की पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए, यह बहस या इंकार का विषय है ही नहीं। समस्या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सेलेक्टिव होने से है। कोलकाता घटना के अगले दिन ही उत्तराखंड में एक नर्स का बलात्कार करने के बाद बेरहमी से उसका कत्ल कर दिया गया। अवाम ने अपराध का विरोध व न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन भी किये। लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कोई डिबेट देखने को नहीं मिली। अगर 18 अगस्त 2024 की ही कुछ घटनाओं का जिक्र किया जाये तो देहरादून आईएसबीटी में खड़ी एक बस में मुरादाबाद की एक 16-वर्षीय किशोरी के साथ पांच दरिंदों ने सामूहिक बलात्कार किया, जिनमें से तीन सरकारी कर्मचारी हैं। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में भी एक किशोरी के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। ऐसी दुखद घटनाएं लगभग रोज ही रिपोर्ट होती हैं। लेकिन इन पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की षड्यंत्रकारी खामोशी के कारण महिला सुरक्षा का मुद्दा इतनी मजबूती से नहीं उठ पाता कि सरकारें सख्त कार्यवाही करने व घर से कार्यस्थल तक महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मजबूर हो जाएं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा सेलेक्टिव घटना को उठाने से मामला राजनीति की भेंट चढ़ जाता है और तू-तू मैं-मैं के अतिरिक्त कुछ नहीं होता। सेलेक्टिव केस उठाने से सड़कों पर शोर मचता है, कानून भी बन जाते हैं (जैसा कि निर्भया के मामले में हुआ), कभी-कभार सरकारें भी बदल जाती हैं, लेकिन महिलाएं तो फिर भी असुरक्षित ही रहती हैं।

**सर्वोच्च अदालत का दुर्लभ स्वतः संज्ञान**

भारत की समृद्धि के संदर्भ में ऐसा कोई संभावित मार्ग नहीं है जो महिला-सुरक्षित-समाज से गुजर कर न जाता हो। 'रिक्लेम द नाईट' में हर किसी को मार्च करने की जरूरत नहीं है, लेकिन हर किसी को यह समझना आवश्यक है कि महिला सुरक्षा जरूरतों को निरंतर अनदेखा करना बहुत महंगा पड़ रहा है और अगर हालात यही रहे तो मामला बद से बदतर होने में भी देर नहीं लगेगी। यौन उत्पीड़न का हर मामला कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी पर गहरी चोट होता है। कुछ दिन पहले ही आईएमएफ की गीता गोपीनाथ ने कहा था कि भारत की आर्थिक महत्वकांक्षाएं उस समय तक पूरी नहीं हो सकतीं जब तक कि श्रमबल में महिलाओं की हिस्सेदारी में वृद्धि नहीं होती है, जोकि सक्रियता से महिया सुरक्षा सुनिश्चित करने पर निर्भर करती है।

यह क्या कम चिंताजनक है कि भारत में महिलाओं की श्रमबल में हिस्सेदारी दर वियतनाम की तुलना में भी आधी है। इससे भी खराब बात यह है कि बहुत कम महिलाओं को अपने श्रम का मेहनताना मिलता है। मसलन, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की 2023 की रिपोर्ट से मालूम होता है कि केवल 17 प्रतिशत शहरी महिलाएं ही पेड कार्यबल में हैं। ग्रामीण महिलाएं तो इससे भी अधिक दयनीय स्थिति में हैं। इसका अर्थ है कि महिलाएं दुष्चक्र में फंसी हुई हैं। वह घर पर या खेतों में या पारिवारिक इंटरप्राइजेज में काम तो करती हैं, लेकिन उसका उन्हें मेहनताना नहीं मिलता, जिससे उनकी आर्थिक व सामाजिक हैसियत में कमी आती है। पेड वर्क या उसे हासिल करने के लिए उच्च शिक्षा को अनेक कारणों से प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, जिनमें से प्रमुख है सुरक्षा। इस पर सितम यह है कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अक्सर उन्हें पिंजरे में कैद कर दिया जाता है। कानूनों व नियमों के होने के बावजूद उन पर सामाजिक पाबंदियां लगाई जाती हैं कि रात में काम नहीं कर सकतीं या जिन कामों को खतरनाक या कठिन या नैतिक दृष्टि से अनुचित समझा जाता है, उन्हें नहीं कर सकतीं। यही बातें कार्यस्थल पर महिलाओं की तरक्की में बाधक भी बनती हैं। टॉप मैनेजर बनने का अर्थ है, इन सभी बाधाओं को पार कर लेना। फिर जैसा कि गोपीनाथ कहती हैं कि महिलाओं को 'जस्ट चिल' के अनगिनत सुझाव दिए जाते हैं, जबकि पुरुषों के सामने ऐसा कोई सवाल नहीं होता। हमारे पास यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि कोलकाता में जिस पीजीटी डॉक्टर की हत्या व बलात्कार हुआ उसने नाईट ड्यूटी करने के लिए कितनी जंजीरों को तोड़ा होगा व कितनी बाधाओं को पार किया होगा। लेकिन हम यह जानते हैं कि उस दिन प्रेस कांफ्रेंस में कॉलेज के प्रधानाचार्य ने उसके बारे में कहा था कि वह 'गैर-जिम्मेदार' थी कि रात में अकेले सेमिनार हॉल में गई। महिलाएं पिंजरे में कैद रहने के दर्द को अच्छी तरह से समझती हैं कि पिंजरा निरंतर दमनकारी होता जाता है और उसकी सुरक्षा दर शून्य है। यह अच्छा है कि महिला सुरक्षा के सवाल पर अब सुप्रीम कोर्ट मंथन करेगा, लेकिन केवल कानूनों से कुछ नहीं होने जा रहा है, भले ही वह कितने ही सख्त क्यों न बना दिए जाएं और चाहे वह केंद्रीय कानून ही क्यों न हों (जिनकी आईएमए मांग कर रहा है)। बिना किसी शको-शुबह के महिला सुरक्षा एक जटिल सामाजिक समस्या है। इसे हल करने के लिए जहां प्रशासन का सख्त व निष्पक्ष होना आवश्यक है वहीं पुलिस भी यह प्रचार करे कि हर जगह लगे सीसीटीवी की मदद से वह आरोपियों को पकड़ती है, वहीं महिलाओं के प्रति समाज के नजरिये में परिवर्तन भी जरुरी है।

महिलाओं को यह बताना बंद किया जाये कि वह कहां जाएं कहां न जाएं? क्या पहने क्या न पहनें? और क्या खाएं क्या न खाएं? बहुत सुन चुके कि लड़कों से गलती हो जाती है, फास्ट फूड से जवानी जल्द उभरती है और फटी जीन्स बलात्कार के लिए उकसाती है। घर, सड़क, कार्यस्थल आदि को सुरक्षित बनाओ और यौन हिंसा के दोषियों को जल्द व सख्त सजा दो।

## सोशल मीडिया

नयी दिल्ली में भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यशाला की अध्यक्षता की, 1 सितंबर से शुरू होने वाले इस अभियान का लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक भाजपा सदस्य बनाना है। जेपी नड्डा.



भाजपा के अंदर आपस में विचारों का विलय नहीं हो रहा, और दावे दुनिया भर के, आप लखनऊ की कुर्सी पर ध्यान दें, जिसे दिल्ली वाले विलय ही नहीं विलीन भी करने वाले हैं। अखिलेश यादव.



सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध एससी-एसटी के पूर्व की आरक्षण व्यवस्था बहाल करने हेतु संविधान संशोधन की कार्रवाई केन्द्र करे, जिसको लेकर भारत बंद का अहवान किया गया है। मायावती.



# आध्यात्मिक चिंतन

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानी चाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

# गरीबी मिटाने का तरीका

व्यंग्यलोक

पांच सितारा कहलाने वाली हिलटॉप जगह पर देश की गरीबी के विनाश पर चिन्तन शुरू किया गया। गरीबी मिटाने का बजट आया हुआ था। बजट के पूरे उपयोग के लिए चिन्तन गोष्ठी में गरीबी से रूबरू होने के लिए फील्ड विजिट का कार्यक्रम बनाया गया, जिससे आस-पास के पर्यटक स्थलों की सैर भी गोष्ठीधिपति कर सकें। मिनरल वाटर स्नान व ड्राइ फ्रूट भोग से गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में डिसीजनों की भरमार हो गई थी। गरीबी के विनाश के लिए देश के समस्त मल्टीप्लेक्स को पाबंद किया कि शो प्रारंभ होने से पहले गरीबी मिटाने के आकर्षक संदेशों को एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में दिखाया जाये। हर एक सरकारी समारोह समाप्ति पर गरीबी भगाएंगे का गाना जरूर गाया जाए। खाद्य एवं नागरिक रसद विभाग राशन कार्डों पर गरीबी मिटाने के नारों को मल्टी कलर में मुद्रित करे। उचित व अनुचित मूल्यों की दुकानों पर पोस्टरों, दीवार चित्रों, स्लोगनों और टिन प्लेटों आदि द्वारा गरीबी मिटाने से संबंधित संदेशों का प्रदर्शन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पंचायत केंद्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद, आयुर्वेद औषधालय, पटवारी घर, कृषि केंद्र व स्कूल भवनों पर गरीबी मिटाने के नारों को आकर्षक तरीके से लिखवाने की व्यवस्था कराएं। शिक्षा विभाग समस्त टीचरों को निर्देशित करे कि वे हर माह की दस तारीख को देश के सभी स्कूलों में दस बजे 10 नारे गरीबी के विरुद्ध जरूर लगाएं। 10 तारीख 10 बजे 10 नारे कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाया जाए। एक विशाल प्रभात फेरी निकालें जिसमें सभी बच्चे, शिक्षक व प्रधानाध्यापक गांव की प्रत्येक गली को गरीबी मिटाने के नारों से गुंजायमान कर दें। हर महीने रैली निकालने के कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की जाए। सहकारिता विभाग अपने सदस्यों को गरीबी दूर करने के लिए समझाए। समस्त प्रकार की सहकारी समितियां दीवार चित्र, बड़े होर्डिंग व पैम्फलेटों की सहायता से गरीबी मिटाने का प्रचार-प्रसार करें। यातायात विभाग अपने सभी वाहनों पर गरीबी मिटाने के संदेश आकर्षक तरीके से लिख दें। यातायात विभाग को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी सरकारी वाहन को पकड़कर उन पर गरीबी मिटाने के संदेश लिख दें। राजस्व विभाग अपने पटवारियों को निर्देशित करें कि वे अपने संपर्क में आने वाले ग्रामीणों से गरीबी छोड़ने की गुहार करें। पत्रकारों को गरीबी मिटाने के ऐसे प्रयासों की खबर प्रसारित करने के लिए उकसाएं। अखबार व टेलीविजन में सरकार गरीबी मिटाने के विज्ञापन दें। जन स्वास्थ्य विभाग पानी के बिलों व पानी की टंकियों पर गरीबी खत्म करने के नारे लिखवाए। जिला कलेक्टर इन सभी कार्यों की बार-बार मीटिंग लें व समीक्षा करें, ताकि गरीबी की जड़ पर प्रहार किया जा सके।



राम विलास जॉगिड़

# इंसानों की बढ़ती भीड़ से जंगली जानवर परेशान



वन्य जीवन

पृथ्वी अब सवा आठ अरब से ज्यादा लोगों का ठिकाना है। जाहिर है 400 सालों के पहले के मुकाबले आज धरती में 100 गुना से भी ज्यादा लोग रह रहे हैं और उन्हें इसी धरती से भोजन, ऊर्जा, आश्रय और मानव उद्यम हासिल करना पड़ रहा है। नतीजा यह हुआ है कि इस पृथ्वी ग्रह की तीन चौथाई से भी ज्यादा जमीन पर इंसानों की जबरदस्त मौजूदगी हो चुकी है। यह बात जंगली जानवरों के लिए मानसिक सिरदर्द बन चुकी है, जिसका खुलासा हाल के सालों में दुनियाभर के करीब 200 से ज्यादा वाइल्डलाइफ फोटोग्राफरों ने छिपकर और आधुनिक तकनीक के जरिये जंगली जानवरों की गतिविधि पर नजर रखकर किया है।

दरअसल जंगली जानवरों को न सिर्फ इस बात से जूझना पड़ता है कि उनके आवास कैसे बदल गये हैं बल्कि अब उन्हें हर तरह के वातावरण में इंसानों की मौजूदगी भी झेलनी पड़ती है, जिससे शायद वो सबसे ज्यादा परेशान हैं। पहले साइबेरिया के बर्फ से पटे जंगलों, सहारा के सुदूर रेगिस्तानों और अमेजन के भीतरी असीम विस्तार तक इंसानी पहुंच नहीं थी, जिससे जानवर सुकून महसूस करते थे। लेकिन अब आधुनिक तकनीक और संसाधनों की बदौलत इंसान हर उस जगह मौजूद है, जहां आज के 100 साल पहले उसकी मौजूदगी मुश्किल थी। जंगली जानवर इस बात से सचमुच बहुत परेशान हैं। इस बात का खुलासा वाइल्डलाइफ फोटोग्राफरों ने विभिन्न वाइल्डलाइफ संस्थानों के लिए जंगली जानवरों की गतिविधियों पर गुप्त नजर रखने वाले प्रोजेक्ट्स के जरिये किया है जिनकी एक्सक्लूसिव तस्वीरें इन फोटोग्राफरों को फंड वाले संस्थानों के पास बिना दूसरी बार इस्तेमाल की शर्त पर मौजूद हैं। वैश्विक जैव विविधता के संकट के बीच जंगली जानवरों की परेशानियों पर चुपके से नजर रखने के इस प्रोजेक्ट में फोटोग्राफरों ने महसूस किया है कि घटता जंगली रकबा, शहरों की बढ़ती सरहदें, शहरी इंटरफेस का विस्तार, आउटडोर मनोरंजन की बढ़ती चाहत और प्रकृति आधारित पर्यटन के तेजी से बढ़ते फैशन के कारण जंगली जानवर न सिर्फ इंसानों से खफा हैं बल्कि काफी हद तक वे हताश भी हो गये हैं, जिसकी बानगी विभिन्न फोटोग्राफरों को कोरोना महामारी के दौरान तब देखने को मिली, जब दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने घरों में दुबके थे। इंसानों द्वारा अपने आपको जंगलों से बाहर इंसानी बस्तियों तक समेट लेने के बावजूद फोटोग्राफरों ने पाया कि शिकारी जानवरों ने बस्तियों के आसपास तक आने की जरूरत नहीं समझी बल्कि इस दौरान वे सघन जंगलों तक ही सीमित रहे और इंसानों की अनुपस्थिति के कारण अपनी गतिविधियों को ज्यादा सहज और बेखौफ रखा।

क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के इमर्टियस प्रोफेसर और पर्यावरणीय प्रबंधन के विशेषज्ञ मार्क हॉक भी ऐसा फंड पाने वाले वाइल्डलाइफ रिसर्चर्स में से एक थे, जिन्हें ऑस्ट्रेलियन रिसर्च काउंसिल ने फंड किया था, जो कि ऑस्ट्रेलिया सरकार का अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक संरक्षण संस्थान है। प्रोफेसर मार्क हॉक जो कि इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के जर्नल पार्क्स के भी प्रबंध संपादक हैं। वो कहते हैं, कोविड-19 महामारी जितनी बड़ी इंसानों के लिए त्रासदी थी, उससे कहीं ज्यादा यह प्रकृति के लिए भी त्रासदी थी। मार्क के मुताबिक कोरोना वायरस ने इंसानों से भी कहीं ज्यादा घातक तरीके से कुदरत को नुकसान पहुंचाया है। हाल के एक अन्य शोध में यह चिंताजनक खुलासा हुआ है कि कम से कम छह वन्यजीव प्रजातियों में चौंकाने वाला कोरोना वायरस पाया गया है। यही नहीं वायरस के पिछले संपर्क को इंगित करने वाली एंटीबॉडी भी पांच अगल अलग प्रजातियों में पायी गई है, जिससे पता चला है कि इस महामारी से इन विभिन्न प्रजाजियों में जोखिम की दर 40 से 60 फीसदी तक थी।

नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित वर्जिनिया टेक की एक रिसर्च के मुताबिक जंगली जानवरों में आनुवंशिक निगरानी ने कोरोना वायरस की उपस्थिति की पुष्टि की है। यही नहीं इस निगरानी ने वायरस म्युटेशन की भी पुष्टि की है। इससे वैज्ञानिकों की यह धारणा मजबूत हुई है कि मनुष्यों से जानवरों में इस वायरस का संचार हुआ है। क्योंकि वैज्ञानिकों ने अपने शोध में यह पाया है कि कोरोना वायरस का संक्रमण सबसे ज्यादा ऐसे जानवरों में पाया गया है, जो राजमार्गों और उच्च यातायात वाले क्षेत्रों के इर्दगिर्द रह रहे थे। जाहिर है ये इंसान के ज्यादा नजदीक रहे।

## आप की बात

### हुनरमंद बनें युवा

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### गरीबों का उत्थान

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

### सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। विविध समस्याओं व दिक्कतों को लेकर नगर निगम से जुड़े ठेकेदारों ने व्यवस्था को लेकर मंगलवार को नगर आयुक्त से मिलकर मांग पत्र दिया। जिसमें पूर्व की व्यवस्थाओं को देने की मांग की है। अवध कान्ट्रैक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि अयोध्या विश्व पटल पर धार्मिक नगरी के रुप में त्वरित गति से विकसित हो रही है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपरान्त अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। अयोध्या की सुन्दर एवं आकर्षक छवि प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग में और अच्छी गुणवत्ता के साथ कार्य कराये जाने को अवध कान्ट्रैक्टर एसोसिएशन ने ज्ञापन दिया। कहा कि पूर्व की भांति नगर निगम अयोध्या में शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार 15 प्रतिशत कम दर की लिमिट निर्धारित की जाए जिससे कार्य में उच्च गुणवत्ता लाई जा सके। निविदा के साथ ईएमडी 02 प्रतिशत जमा कराएं। शेष 08 प्रतिशत जमानत राशि अनुबंध के समय जमा करायी जाए। इससे अधिक से अधिक फर्मों द्वारा निविदा में प्रतिभाग किया जा सकें।

# इकलौते पुत्र को चाकू से गोदकर मार डाला

## आरोपी पिता को पुलिस ने आला कत्ल के साथ किया गिरफ्तार




रुदौली-अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र में सोमवार की रात को रमई के इंदारा मजरे रानी मऊ गांव में रक्षाबंधन के दिन एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक पिता नशे में धुत अपने ही इकलौते पुत्र की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या कर दी, सूचना पर पहुंची पटरंगा पुलिस ने आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी मवई ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पटरंगा पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेज जिला मुख्यालय भेज दिया। वही आरोपी पिता को पुलिस ने आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि पटरंगा थाना क्षेत्र में हाइवे किनारे बसा रमई का इंदारा मजरे रानी मऊ निवासी रिंकू रावत पुत्र जगदीश रावत उम्र लगभग 35 वर्ष सोमवार को रक्षाबंधन की शाम अपनी बहनों से राखी बंधवाने घर आया था,किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया,यह सब देख नशे में धुत जगदीश ने अपने ही इकलौते पुत्र रिंकू को मौत की नींद सुला दिया। जगदीश को हिरासत में ले लिया गया है।

## स्कार्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत



गोसाईंगंज-अयोध्या। थाना महराजगंज इलाके में निमार्णाधीन बाईपास पर तीव्र रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो ने बाइक सवार एक युवक को जोरदार टक्कर मार दिया,जिसकी इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई ।मामला सोमवार की है।

जानकारी के मुताबिक बनगंवा गांव निवासी अविनाश यादव ( 22 ) पुत्र श्रीपाल यादव किसी काम से बाइक में बाजार जा रहा था। वह जैसे ही गणेश बाबा तिराहे के पहले बाईपास मार्ग पर पहुंचा ही था कि तभी अयोध्या की तरफ से आ रही तीव्र रफ्तार स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक दूर जा गिरा ।दुर्घटना के बाद यूएसबी सवारों ने मानवीयता दिखाते हुए उसे सीएचसी मया बाजार पहुंचाया जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे जिला अस्पताल तथा बाद में मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।जिसके बाद अस्पताल प्रशासन के मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।एसएचओ अमरजीत सिंह के मुताबिक दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया गया है ।मामले में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित टैंकर ने महिला को कुचला, मौत

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे के तेलियागढ़ चैराहे के पास श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर सरयू स्नान कर वापस लौट रही एक महिला को अनियंत्रित टैंकर ने कुचल दिया ।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी ।मृतका के पुत्र सुल्तानपुर जनपद के चोरमा गांव निवासी रुद्र प्रताप का कहना है कि उसकी मां मुन्नीदेवी 45 सेमरी बाजार निवासी सुनील कुमार के साथ बाइक से सरयू स्नान के लिए श्रृंगी ऋषि आश्रम पर आई थी ।स्नान ध्यान के बाद अम्बेडकरनगर स्थित शिवबाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे ।वह जैसे ही गोसाईगंज कस्बे के तेलियागढ़ चैराहे को पार कर थोड़ा सा आगे बढ़े कि तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दिया,जिससे वह गिर पड़ी और कुचलती हुई भाग गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक मृतका के पुत्र की तहरीर पर टैंकर नम्बर यूपी 42 एटी 9098 के खिलाफ केस दर्ज कर टैंकर की तलाश कराई जा रही है।

## जनपद में धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

बहराइच ।वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए रक्षाबन्धन, चेहल्लुम, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, कजरीतीज, भगवान विश्वकर्मा जयन्ती, गणेश पूजा आदि आगामी त्योहारों आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षाओं को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न के मद्देनजर जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेज्ट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा दं.प्र.संहिता, 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्टेज्ट श्री रंजन द्वारा जारी आदेश के समस्त 27 प्रस्तर 17 अगस्त 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## पुलिस भर्ती परीक्षा व्यवस्थापकों में हुआ आंशिक बदलाव

बहराइच ।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 हेतु 23 से 25 अगस्त व 30 एवं 31 अगस्त 2024 को दो पालियों में सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु केन्द्र व्यवस्थापकों/सहायक केन्द्र व्यवस्थापकों की तैनाती के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत आदेशों में आंशिक संशोधन कर दिया गया है। डीएम मोनिका रानी द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र आजाद इण्टर कालेज के लिए पूर्व में नामित मो. आफताब खां के स्थान पर खालिद इकराम खां को सहायक केन्द्र व्यवस्थापक तथा परीक्षा केन्द्र महराज सिंह इण्टर कालेज हेतु प्रधानाचार्य शिवेन्द्र सिंह के अचानक अस्वस्थ होकर चिकित्सीय अवकाश पर जाने के कारण उनके स्थान पर राम संवारे पाण्डेय को केन्द्र व्यवस्थापक तथा विद्यालय के प्रवक्ता संतोष चन्द्र शुक्ल को परीक्षा केन्द्र महराज सिंह इण्टर कालेज का सहायक केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है।

## बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



बहराइच ।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा में विगत 03 वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत 50 लाख से अधिक व 50 लाख से कम लागत की निर्माण/परियोजनाओं तथा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान डीएम ने कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, राजकीय निर्माण निगम, समाज कल्याण निर्माण निगम, यूपीसीएलडीएफ, सी. एण्ड डी.एस. के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ माह सितम्बर 2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जियोटैग फोटो के साथ आख्या शनिवार तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक ( निर्माण ) एवं जिला समन्वयक ( बालिका शिक्षा ), विभिन्न कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, राजकीय निर्माण निगम, समाज कल्याण निर्माण निगम, यूपीसीएलडीएफ, सी.एण्ड डी.एस. के अधीशासी अभियंता व उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाइक फिसलकर डिवाइडर से टकराई, शिक्षक की मौत, दूसरा घायल



सोहावल-अयोध्या। जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र में जुबेरगंज बाजार के पास बीकापुर से सोहावल की ओर आ रहे शिक्षकों की बाइक फिसल कर हाइवे के डिवाइडर से टकरा गई ।बाइक पर सवार दो शिक्षक गंभीर रुप से घायल हो गए ।राहगीरों ने घटना की सूचना को दी। मौके पर पहुंची रौनाही पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया। जहां चेकअप के दौरान डाक्टर ने खंडासा थाना क्षेत्र कोटडीह अमानीगंज में कार्यरत सहायक शिक्षक विनोद पांडेय निवासी बीकापुर को मृत घोषित कर दिया। बाइक चला रहे सहायक शिक्षक फैजाबाद निवासी संजय अग्रहरि का इलाज चल रहा है ।इस सम्बन्ध में रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि मृत शिक्षक विनोद पांडेय व घायल संजय अग्रहरि दोनों एक ही बाइक से कोटडीह अमानीगंज पढाने जा रहे थे ।दोनों ने हेलमेल पहन रखा था। लेकिन दुर्घटना के दौरान विनोद पांडेय का हेलमेट गिर गया। जिसके कारण सिर डिवाइडर से टकरा गया ।दूसरे का हेलमेट सिर पर होने से बचाव हो गया ।दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया ।वहाँ पर एक व्यक्ति की मौत होने की सूचना मिली है.।

## हाईटेक टेक्नोलॉजी से अभेद्य किला बनेगी अयोध्या नगरी

### सीएम योगी के निर्देश पर अयोध्या में हाईटेक सिक्योरिटी के किये जा रहे पुख़्ता बंदोबस्त



अयोध्या। त्रेतायुग में दुनिया की सबसे सुरक्षित अयोध्या को एक बार फिर उसके उसी वैभवशाली स्वरूप को प्रदान करने की कवायद जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या को हाईटेक टेक्नोलॉजी से अभेद्य किला में तब्दील किया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी तादात में रामभक्तों का अयोध्या आना हो रहा है। ऐसे में उनकी सुरक्षा योगी सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसके साथ शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था को भी हाईटेक तरीके से मॉनिटर किया जाए, इसके लिए अयोध्या शहर को पूरी तरह से सीसी कैमरों की रेंज में लाया जा रहा है। तीसरी आंख के जरिए सुरक्षा और स्वच्छता दोनों ही व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। इसके जरिए कंट्रोल कमांड सेंटर में बैठकर न सिर्फ संदिग्धों पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि चैराहों व गली-मोहल्लों में नगर निगम की ओर से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। योगी सरकार ने घरों, प्रतिष्ठानों, होटलों और कार्यालयों के बाहर लगे सीसी कैमरे को पहले ही अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट कर लिया है। अयोध्या में नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कह चुके हैं कि अयोध्या को ऐसे सजाया और संवारा जाए, जिससे यहां आने वाला हर एक शख्स बार-बार अयोध्या आना चाहे। इसी के तहत नगर निगम ने सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत अयोध्या में बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम की टीम स्थानीय जनता और व्यापारियों से उनके कैमरे को कंट्रोल कमांड सेंटर के मॉनिटरिंग रूम से जुड़वाने की अपील कर रही है। सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत नगर में काम का जिम्मा एलाइड डिजिटल सर्विसेज लिमिटेड को दिया गया है। यह 8.49 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। रोड के किनारे के कैमरे को जलकल स्थित आईटीएमएस कार्यालय के लगे सर्वर से जोड़ दिया गया है। प्रोजेक्ट के तहत 312 लोकेशन चिह्नित किये गये थे। इनमें कुल 1324 सीसी कैमरों को जोड़ा जा चुका हैं। इन सीसी कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम से न सिर्फ स्वच्छता पर ध्यान दिया जाएगा बल्कि अन्य व्यवस्थाओं की भी मॉनीटरिंग होगी। इसके लिए कंट्रोल रूम में नगर निगम के कर्मचारी बैठाए जाएंगे। जहां से नगर की सफाई व्यवस्था, पानी लीकेज, स्ट्रीट लाइट के बंद होने की जानकारी संबंधित अनुभाग को दी जाएगी। जानकारी मिलते ही फॉल्ट ठीक करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंच जाएंगे। सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत लग रहे कैमरे सुरक्षा की दृष्टि से काफी कारगर साबित होंगे। इससे शहर में घटित होने वाली घटनाओं पर नजर रखी जा सकेगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए पुलिस को घटनाओं का खुलासा करने में काफी मदद मिलेगी।

## शराब माफियाओं की नींव हिलाने में सफल हो रहा आबकारी विभाग



बाराबंकी। जनपद में कच्ची शराब माफियाओं की नींव हिलाने के लिए आबकारी विभाग कोई कसर नहीं छोड़ रहा। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन पर आबकारी निरीक्षक की टीम द्वारा लगातार सर्किल अन्तर्गत शराब माफियाओं का चक्रव्यूह तोड ? हेतु निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट धर्मेन्द्र वर्मा की टीम नें थाना असन्द्रा अन्तर्गत ग्राम समधी का पुरवा, दुगार्पुर समेत 9 संदिग्ध ग्रामो मे छापेमारी करते हुयें 30 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया। तथा 1 अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही की। इसके अतिरिक्त आबकारी निरीक्षक नें क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाली देशी-विदेशी, बीयर की दुकानों पर पत्रावलियों की जांच कर स्टाक का मिलान भी करवाया। छापेमारी टीम मे आबकारी हेड़ दीवान दीप नारायण, अनिल कुमार मौर्य, सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा मौजूद रहे।

### शातिर चोर गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना दरियाबाद पुलिस टीम ने 1 शातिर चोर अभियुक्त रोहित पुत्र सत्यनाम निवासी ग्राम तारापुर खजुरी थाना बदोसराय को ग्राम परसा के पास से गिरफ्तार करते हुये 2 बाल अपचारी को संरक्षण में लिया। तथा कब्जे से चोरी का 1 अदद पम्पिंग सेट, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल यू0पी 32 बीई 0174 को बरामद किया है।

### 53 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 8 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 53 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एडीएम व एएसपी ने की बैठक




बाराबंकी। उ0प्र0पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 को नकलविहीन, शुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने को लेकर पुलिस लाइन सभागार मे अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा0 अखिलेश नारायण सिंह ने बैठक की। बैठक मे जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित 23, 24, 25 और 30, 31 अगस्त को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस पद पर सीधी भर्ती परीक्षा को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## जयंती पर याद किये गये राजीव गांधी

### राजीव गांधी ने युवाओं को दिया वोट डालने का हकः डॉ. पीएल पुनिया



बाराबंकी। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 राजीव गांधी आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्हे देश में पीढीगति बदलाव के अग्रदूत के रूप में जाना जाता है। उन्होने मतदान करने की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करके देश के युवाओ को मताधिकार देकर युवाओ को देश के प्रति जिम्मेदार तथा सशक्त बनाने की पहल की। अपनी मां की क्रूर हत्या के बाद व्यक्तिगत रूप से दुखी होने के बाद भी वह कांग्रेस अध्यक्ष एवं देश के प्रधानमंत्री बने और उनके नेतृत्व में हुये लोकसभा चुनाव में रिकार्ड 401 सीटो पर जीत दर्ज करके 100 करोड भारतीयो के नेता के रूप में अपनी राजनैतिक शुरूआत की। उक्त विचार भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी की जयंती पर इंदिरा मार्केट स्थित जिला कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने कांग्रेसियो के बीच व्यक्त किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा, प्रवक्ता सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी, सिकन्दर अब्बास रिजवी, रमेश कश्यप, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अंगवस्त्र पहनाकर किया गया सम्मानित



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष पं0 कन्हैयालाल शुक्ल की जयंती कार्यक्रम के अन्तर्गत धर्मजागरण धाम उ0प्र संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे वरिष्ठ अधिवक्ताओ उमाकांत वर्मा, शिव शंकर मेहरोत्रा, ज्ञान कुमार सिंह, कमलेश चन्द्र शर्मा, चन्द्रकांत शुक्ल, नेहा मौर्य, प्रतियोग रावत प्रद्युम्न,कैलाश नरायन श्रीवास्तव, पूर्व डीजीसी के0सी गुप्त, रामशंकर यादव, अजय श्रीवास्तव को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व बार अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, हरीश अग्निहोत्री, सी0बी सिंह, धर्मजागरण जिला विधि प्रमुख संगीत पाठक, कौशल किशोर त्रिपाठी, योगेंद्र वर्मा, बृजेश दीक्षित, मुरलीधर त्रिवेदी, राजा सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वी जयंती मनी



अयोध्या। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वी जयंती कांग्रेस पार्टी ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों को दूध और फल का वितरण किया गया तथा कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया। गोष्टी को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा आज पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भारत के महान सपूत थे. उन्होंने करोड़ों भारतीय नागरिकों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुंचा दिया.ह्न कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ह्नमतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नयी शिक्षा नीति जैसे उनके कई सुखद कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लेकर आए।

## बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर सजाई दुआये

- 1032 बहनों की 8 शिफ्ट में कारागार में सम्पन्न हुई मुलाकात, बांधी राखी
- मिष्ठान के साथ कारागार प्रशासन ने बहनों का किया स्वागत

सरदार भूपिन्दर पाल सिंह

बाराबंकी। रक्षाबंधन पर्व जनपद मे बड़े धूमधाम से मनाया गया। हालाकि परिवहन व्यवस्था की कमी और उचित सुविधा न मिल पाने के कारण कई घंटों तक बसों के इंतजार मे बहनो को मुसीबतो का सामना करना पड़ा। तो वही दूसरी तरफ जेल की दीवारे भी बहनों को अपने भाईयों की कलाईयों पर रक्षा-सूत्र बांधने से नही रोक पाई। जिला कारागार में आने वाली बहनों ने अपने भाईयो की कलाईयों पर रक्षा-सूत्र बांधा। इस दौरान बहनों की आंखें कुछ नम भी दिखी। लेकिन जिला कारागार के तेज तर्रार जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी द्वारा आने वाली बहनो को कोई परेशानी न हो, इसके लिये समुचित व्यवस्था और व्यापक इंतजाम किये गये थे। कारागार मे मुलाकातियो के लिये लगने वाली पर्चियो के लिये भी व्यापक इंतजाम किये गये थे। कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार के अनुसार जेल मे बहनो की मुलाकाते सम्पन्न कराई गई है। किसी भी बहन को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नही हुई है। लगभग 1032 बहनो ने मुलाकात कर रांखी बांधी है। जिनके साथ 270 बच्चिया भी आई थी। लगभग 600 निरुद्ध बंदियो ने राखी बांधी है। सुबह 9 बजे से शुरू हुई मुलाकात 8 शिफ्ट मे चली जो शाम 4:30 बजे सम्पन्न हुई। बहनो के लिये मिष्ठान की व्यवस्था व धूप से बचाव के लिये टैंट की व्यवस्था कराई गई थी। इस मौके पर डिप्टी जेलर मनीष सिंह, श्यामा चरण सिंह, महिला डिप्टी जेलर श्रीमती रंजू शुक्ला, श्रीमती कुसुम, हेड़ चीफ दुवार्सा यादव आदि मौजूद रहे।



## प्राचीन कल्याणेश्वर शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र के करमडांडा गांव में पौराणिक महत्व रखने वाले प्राचीन कल्याणेश्वर शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।सावन माह के अंतिम सोमवार के अवसर पर आयोजित हुए विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया ।भंडारे के प्रबन्धक महेश भट्ट ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने सावन के सभी सोमवार पर शिव मंदिर में पूजा-पाठ करते हुए भगवान को जल चढ़ाया और अंतिम सोमवार के अवसर पर मंदिर में हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हरि इच्छा तक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। विशाल भंडारा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंदिर के पुजारी उमेश कुमार गोसाईं बाबा,किसान नेता शिवशंकर मिश्रा,रामनाथ कनौजिया,ननकू कोरी,जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव,राकेश कुमार,इंद्रपाल यादव,हीरालाल कनौजिया,अशोक पाठक,ज्ञानचंद कनौजिया,रामराज कोरी,शिवा भट्ट आदि ने विशेष भूमिका निभाई।

## सोने-चांदी के जेवरात बरामद, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने 3 शातिर चोरों कुन्नू पुत्र गयादीन व चैथी राम पुत्र प्रकाश निवासीगण ग्राम असईपुर थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर, रामनिवास पुत्र सोहन निवासी ग्राम मूडाभारी थाना मोहम्मदपुर खाला को चोरी के 6 अदद पायल सफेद धातु, 9 जोड़ी बिछिया सफेद धातु, 1 अदद मांग बेदी पीली धातु, 1 अदद मंगल सूत्र पीली धातु, 10,020 रुपये नकद, 314 ग्राम अवैध स्मैक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।




# छठी टेनिस प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे नागल व गेस्टन



मुंबई। दिग्गज भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और फ्रांस के ह्यूगो गेस्टन यहां तीन से आठ दिसंबर तक होने वाली छठी टेनिस प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग में मुख्य आकर्षण होंगे।

क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में होने वाले इस टूर्नामेंट के दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की मेग्डा लिनेट और आर्मेनिया की दुनिया की 52वें नंबर की एलिना एवानेस्यान महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी होंगी। यह टूर्नामेंट 25 अंक प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें प्रत्येक फ्रेंचाइजी को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पांच मुकाबले मिलेंगे। दो फ्रेंचाइजी के बीच होने वाले मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल मैच होंगे जिसमें कुल 100 अंक दांव पर लगे होंगे। प्रत्येक वर्ग का मैच 25 अंक का होगा। आयोजकों ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, प्रत्येक टीम लीग चरण में 500 अंक (100 अंक गुणा पांच मुकाबले) के लिए खेलेगी और अंक तालिका में शीर्ष चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रतियोगिता में सात फ्रेंचाइजी पीबीजी पुणे जैगुआर्स, बंगाल विजार्ड्स, पंजाब पैटरियट्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, गुजरात पैंथर्स, मुंबई लियोन आर्मी और गत चैंपियन बेंगलुरू एसजी पाइपर्स खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

# समोआ ने 39 रन बनाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाया नया रिकॉर्ड

नयी दिल्ली। समोआ के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेरियस विसेर ने मंगलवार को राजधानी शहर एपिया में टी20 विश्व कप पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र क्वालीफायर में वनातु के खिलाफ एक ओवर में 39 रन बनाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया। विसेर ने तेज गेंदबाज नलिन निपिको के एक ओवर में छह छक्के मारे। इस ओवर में तीन नोबॉल भी शामिल थीं जिससे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड बन गया। इस 28 वर्षीय बल्लेबाज का यह केवल तीसरा टी20 मैच था। उन्होंने 62 गेंदों में पांच चौकों और 14 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए। इससे पहले पांच अवसरों पर



किसी गेंदबाज ने एक ओवर में 36 रन दिए। इन गेंदबाजों में स्टुअर्ट ब्रॉड (2007), अकिला धनंजय (2021), करीम जन्नत (2024), कामरान खान (2024) और अजमतुल्लाह उमरजई (2024) शामिल हैं। विसेर इस प्रारूप में शतक बनाने वाले समोआ के पहले बल्लेबाज हैं। उनकी इस पारी के बावजूद समोआ की टीम 174 रन पर आउट हो गई। विसेर के बाद उनकी टीम की तरफ से दूसरा सर्वोच्च स्कोर कप्तान कालेब जसमत का 16 रन था। वनातु की टीम ने इसके जवाब में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में वह नौ विकेट पर 164 रन ही बना पाई और 10 रन से मैच हार गई।

## संक्षेप

### ध्रुव चव्हाण ने जीता पोलो कप का खिताब

चेन्नई। मुंबई के ध्रुव चव्हाण ने मंगलवार को यहां पोलो कप इंडिया 2024 रेसिंग प्रतियोगिता में आदित्य पटनायक को पछाड़कर खिताब जीता। ओजस सुर्वे तीसरे स्थान पर रहे। मद्रास अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पहली रेस जीतकर आदित्य ने बढ़त बनाई लेकिन ध्रुव ने अगली रेस जीतकर उनकी बराबरी पर ली। आदित्य ने दूसरे दौर की भी पहली रेस जीती लेकिर ध्रुव ने अपने प्रदर्शन के अधिक निरंतरता दिखाते हुए बाकी रेस में महत्वपूर्ण अंक जुटाकर खिताब अपने नाम किया। रोमिर आर्या को बेस्ट रूकी ऑफ द सीजन चुना गया जबकि मुंजाल सावला ने मास्टर चैंपियनशिप जीती।

### यानिक और आर्यना को सिनसिनाटी ओपन के खिताब

मेसन (अमेरिका)। विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिलाओं में नंबर दो आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल करके खिताब जीते। यह दोनों खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन में पहली बार चैंपियन बने। सबालेंका ने जेसिका पेगुला को 6-3, 7-5 से हराकर जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार कोई खिताब जीता। शुक्रवार को अपना 23वां जन्मदिन मनाने वाले सिनर ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 7-6(4)6-2 से हराया। वह 2008 में एंडी मरे के बाद सबसे कम उम्र में सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मरे ने 21 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था। सिनर और टियाफो दोनों पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर में पहुंचना था। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।

### पेरिस पैरालंपिक के मिशन प्रमुख बने सत्य प्रकाश

नयी दिल्ली। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सांगवान को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को भारतीय दल का मिशन प्रमुख नियुक्त किया गया। सांगवान को पैरालंपिक अभियान के साथ जुड़े रहने का एक दशक से भी अधिक समय का अनुभव है। मिशन प्रमुख के रूप में वह 84 पैरा खिलाड़ियों के भारत के अब तक के सबसे बड़े दल की अगुआई करेंगे। भारतीय खिलाड़ी 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे। सांगवान ने कहा, यह जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि हमारे खिलाड़ियों के पास पैरालंपिक में सफल होने और भारत को गौरवांवित करने के लिए आवश्यक सभी चीजें हों। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा, सत्य प्रकाश सांगवान एक दशक से अधिक समय से भारतीय पैरालंपिक समिति का अभिन्न अंग रहे हैं।

### सिनर डोपिंग जांच में पॉजिटिव के बाद भी निलंबन से बचे

इंडियन वेल्स, कैलिफोर्निया (अमेरिका)। टेनिस के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल यानिक सिनर मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल का दोषी पाये जाने के बाद भी निलंबन से बच गये। स्वतंत्र न्यायाधिकरण (ट्रब्यूनल) ने अपने फैसले में माना कि सिनर ने जानबूझ कर ऐसा नहीं किया था इसलिए उन्हें निलंबित नहीं किया गया। कैलिफोर्निया में जिस टूर्नामेंट के दौरान उन्हें जांच में डोपिंग के लिए पॉजिटिव पाया गया था।

# बुमराह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : पोंटिंग



एजेंसी

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पिछले पांच या छह वर्षों में कई प्रारूपों में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। पोंटिंग ने कहा कि बुमराह के लंबे समय तक खेलने को लेकर कुछ चिंताएं हो सकती हैं लेकिन उन्होंने हमेशा चोटों से उबरकर मजबूत वापसी की है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यु पर कहा, मैं यह लंबे समय से कहता रहा हूं कि वह पिछले पांच या छह साल से विश्व क्रिकेट में शायद कई प्रारूप में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।

उन्होंने कहा, कुछ साल पहले जब चोटें लगी तो कुछ डर था कि क्या वह पहले जैसा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने वापसी करके वास्तव में बेहतर प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, इन खिलाड़ियों के बारे में हमेशा सही जानकारी पाने का सबसे अच्छा तरीका (अन्य) खिलाड़ियों से पूछना है। और जब आप विपक्षी बल्लेबाजों से उनके (बुमराह) बारे में बात करते हैं तो हमेशा यही जवाब होता है कि नहीं, वह एक बुरा सपना हैंउ आप कभी नहीं जानते कि क्या होने वाला है। उन्होंने कहा, कोई गेंद स्विंग करेगी, कोई सीम होगी, वह इन स्विंग गेंदबाजी करेगा, वह आउट स्विंग गेंदबाजी करेगा। टी20 विश्व कप में 15 विकेट लेकर बुमराह ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और पोंटिंग ने 30 वर्षीय बुमराह की जमकर तारीफ की। पोंटिंग ने कहा, अगर मैं टी20 विश्व कप में उनके प्रदर्शन को देखूं तो - गति अब भी वही है, सटीकता या वह जो दे सकते हैं, उसमें कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने कहा, कौशल भी समान है। वह साल दर साल बेहतर होते जा रहे हैं। जब आपके पास वह कौशल और निरंतरता होती है जो उनके पास है, तो आप एक महान खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। (ग्लेन) मैकग्रा को देखें, (जेम्स) एंडरसन को देखें, इन लोगों को देखें। उनका कौशल इतने लंबे समय तक कायम रहा जो उन्हें बाकी लोगों से अलग करता है।



**बांग्लादेश को पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की चुनौती से निपटने में शाकिब पर भरोसा**

रावलपिंडी (पाकिस्तान)। बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में बुधवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तो उसे तेज गेंदबाजों की चुनौती से निपटने के लिए अपने सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हरफनमौला शाकिब अल हसन से विशेष प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पूर्व कप्तान शाकिब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ियों में शुमार है जो वामहस्त बल्लेबाजी और गेंदबाजी से अपने दम पर टीम को जीत दिलाने का माद्दा रखते है। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने कहा, वह (शाकिब) काफी लंबे समय से खेल रहे हैं।

# खेलों से भी बन सकती है अच्छी जिंदगी : मनु



चेन्नई। ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ स्वदेश लौटी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एक स्कूल में सम्मानित होने के बाद छात्रों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे जिंदगी अच्छी बनाई जा सकती है। हरियाणा की इस 22 साल की निशानेबाज ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक अपने नाम किये। वह ओलंपिक के किसी एक सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं। मनु ने यहां वेलाम्मल नेक्सस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा, तोक्यो ओलंपिक में निराशा मिलने के बाद मेरे लिए फिर से आत्मविश्वास हासिल करना काफी मुश्किल था। मैं उस समय विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थी लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। उन्होंने कहा, मैं विफलता के बाद सफलता के स्वाद को जानती हूं। खेलों की यही खूबसूरती है। आप एक प्रतियोगिता में हारते है तो दूसरे में जीतते है।

लेकिन ऐसा तभी होगा जब आप लगातार कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे। मनु ने युवा छात्रों से खेल को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की सलाह देने के साथ बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें बहुत कड़ी मेहनत और प्रयास करना चाहिए। यह हमेशा किसी बड़े लक्ष्य के साथ शुरू नहीं होता है, आपको इसे हासिल करने के लिए निरंतर काम करते रहना होता है। उन्होंने कहा, आप अगर बड़े सपने देख सकते हैं, तो आप बड़ा हासिल कर सकते हैं। इसलिए, हमेशा बड़े सपने देखने से शुरुआत करें। मनु ने कहा, मैं हमेशा अपने आप से कहती हूं कि चाहे मैं किसी भी प्रतियोगिता में जीतूं या हारूं, मैं हमेशा अपना मनोबल बनाये रखूंगी। उन्होंने कहा, हमारे पास करियर के कई विकल्प हैं। आपको डॉक्टर या इंजीनियर बनने की जरूरत नहीं है। खिलाड़ियों का जीवन एक सुंदर जीवन है। वित्तीय सहायता से लेकर किसी भी तरह की मदद तक, आपको खेल में सब कुछ मिलता है। पेरिस ओलंपिक में मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के अलावा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ जोड़ी बनाकर कांस्य पदक जीते। उन्हें खुद को प्रेरित करने में अपने माता-पिता की भूमिका को महत्वपूर्ण करार दिया। मनु ने कहा, मेरी प्रेरणा मेरी मां से मिली। उन्होंने मुझे वैसा बनाया जैसी मैं आज हूं। माता-पिता के समर्थन के बिना, एक बच्चा बहुत कुछ नहीं कर सकता।

### पहले ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा सऊदी अरब

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने ईस्पोर्ट्स को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहले ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए सउदी अरब की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ साझेदारी की है। इससे पहले ओलंपिक कार्यकारी बोर्ड ने ईस्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की शुरुआत करने का प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद आईओसी ने यह कदम उठाया। यूएनआईवी स्पोर्टटेक के संस्थापक और एफईएआई (फेडरेशन ऑफ ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया) के संस्थापक सदस्य अभिषेक इस्सर ने कहा, अब प्रत्येक देश ईस्पोर्ट्स को ओलंपिक पदक जीतने के अवसर के रूप में देखेगा। यह इस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है। भारत इस क्षेत्र में तेजी से विकास करने में सक्षम है। ईस्पोर्ट्स श्रेणी में खिलाड़ी 2021 और 2022 के बीच चार गुना बढ़ गए (150,000 से 600,000 तक) और भविष्य के अनुमानों के अनुसार 2027 के अंत तक यह संख्या 15,00,000 तक पहुंच जाएगी।

# गुकेश ने लिरेन को बराबरी, प्रज्ञानानंदा ने अब्दुसत्तोरोव से खेला ड्रॉ



एजेंसी

सेंट लुई (अमेरिका)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चीन के गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से ड्रॉ खेला। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश और मौजूदा विश्व चैंपियन लिरेन ने अपना असली दमखम नहीं दिखाया और बाजी ड्रॉ करने को तरजीह दी। इन्हीं दोनों के बीच इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप मुकाबले को देखते हुए दोनों ने अपनी असली तैयारी का नजारा पेश नहीं किया। सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में लचर प्रदर्शन के बाद भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अपनी पहली बाजी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ खेली। दोनों टूर्नामेंट के बीच अधिक समय नहीं होने के बावजूद प्रज्ञानानंदा ने वापसी करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया और अब्दुसत्तोरोव को बराबरी पर रोक दिया। सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में खिताब जीतन वाले फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अमेरिका के फाबियानो करुआना को हराया। यह मुकाबला ग्रैंड शतरंज टूर की रैंकिंग के हिसाब से महत्वपूर्ण था। पिछले हफ्ते खिताब जीतकर करुआना को पछाड़कर ग्रैंड शतरंज टूर में बढ़त बनाने वाले फिरोजा के पास अब ओवरऑल खिताब जीतने का अच्छा मौका है। दस खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब आठ और दौर का खेल बचा है। टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 350000 डॉलर है जबकि इसके अलावा ग्रैंड शतरंज टूर की 175000 डॉलर की बोनस इनामी राशि अलग से है।

**महिला टी20 विश्व कप बांग्लादेश से यूएई स्थानांतरित: आईसीसी**

दुबई। आईसीसी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद बांग्लादेश में व्याप्त अशांति के कारण महिला टी20 विश्व कप को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित किया जाएगा। इस विश्व कप को तीन से 20 अक्टूबर तक दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, बांग्लादेश के लिए महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी नहीं करना निराशाजनक है क्योंकि हम जानते हैं कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने एक यादगार आयोजन की तैयारी की थी।

### मयंक के खेल से दिल्ली राइडर्स की दूसरी जीत

नयी दिल्ली। मयंक रावत के ऑलराउंड खेल से ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने मंगलवार को यहां वर्षा से प्रभावित मुकाबले में पुरानी दिल्ली को पांच विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में दूसरी जीत दर्ज की। पुरानी दिल्ली के 143 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 57 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन रावत की 27 गेंद में 55 रन की पारी से 16 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर मैच जीत लिया। रावत ने इससे पहले गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। मैदान गीला होने के कारण मुकाबले को 18 ओवर का कर दिया गया जिसके बाद पुरानी दिल्ली ने आठ विकेट पर 142 रन बनाए जिसके जवाब में ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 16 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। पुरानी दिल्ली के लिए मयंक गुसाईं ने 33 गेंद में तीन छक्कों से 35 जबकि युग गुप्ता ने 22 गेंद में नाबाद 34 रन बनाए। ईस्ट दिल्ली राइडर्स के लिए सिमरजत सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

# विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेलेंगे मेस्सी

एजेंसी



ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी चोटिल होने के कारण अर्जेंटीना की तरफ से विश्व कप क्वालीफायर के अगले दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने पांच सितंबर को चिली और उसके पांच दिन बाद कोलंबिया के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए सोमवार को अपनी 28 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मेस्सी अभी दाहिने टखने की चोट से उबर रहे हैं। अर्जेंटीना के कोपा अमेरिका चैंपियन बनने के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय एंजेल डि मारिया भी टीम में नहीं हैं। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना छह मैचों के बाद 15 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष पर है। पंजाब एफसी ने अर्जेंटीना के मिडफील्डर एज़ेकिएल विडाल के साथ अनुबंध किया

मोहाली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लब पंजाब एफसी ने मंगलवार को 2024-25 सत्र के लिए पांचवें विदेशी खिलाड़ी के रूप में अर्जेंटीना के मिडफील्डर नॉर्बर्टो एज़ेक्विल विडाल के साथ अनुबंध की घोषणा की। अर्जेंटीना का यह फुटबॉलर इससे पहले इंडोनेशिया की शीर्ष टीम पर्सिटा टैंगेरंग के लिए खेल रहा था। अर्जेंटीना के बाहिया ब्लैंका में जन्मा यह 29 वर्षीय खिलाड़ी मुख्य रूप से मिडफील्डर या विंगर के रूप में खेलता है। उन्होंने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 2011 में अपने गृहनगर के क्लब ओलिम्पो से की। उन्होंने इस क्लब के साथ आठ साल बिताए और 45 मैच में तीन गोल किए। वह 2022 में इंडोनेशिया के क्लब से जुड़े जिसकी तरफ से उन्होंने 60 मैच में 17 गोल किए। वहीं दूसरी ओर भारत को मौकों को गोल में बदलने के कौशल को सुधारना होगाः अंडर 20 फुटबॉल टीम के मुख्य कोच काठमांडू। मुख्य कोच रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भूटान पर।-0 से संघर्षपूर्ण जीत के बाद भारतीय टीम को सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के आगामी मैचों में मौकों को गोल में बदलने के कौशल में सुधार करना होगा। अपने शुरुआती मैच में जीत के बाद भारत ग्रुप बी में तीन अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। चौधरी ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भूटान के खिलाफ गोल नहीं खाने पर टीम की सराहना की। उन्होंने हालांकि कहा कि खिलाड़ियों को आगामी मैचों में अपने खेल में सुधार करना होगा। चौधरी ने कहा, जिस तरह से हमारे खिलाड़ियों ने दो रेड कार्ड मिलने के बाद संघर्ष किया।

# भुवनेश्वर में आज रोड शो करेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओडिशा के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री सूर्यबंशी सूरज ने कहा कि राज्य हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के स्वागत के लिए तैयार है। सूरज ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी बुधवार को यहां लोक सेवा भवन के कन्वेंशन सेंटर में भारतीय हॉकी टीम के सदस्यों को सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के नायकों के भव्य स्वागत की योजना बनाई गई है। मंत्री ने कहा, टीम कल दोपहर करीब 12 बजे ओडिशा पहुंचेगी और बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कलिंग स्टेडियम तक रोड शो करेगी। बाद में, टीम को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों भारतीय हॉकी टीम की आधिकारिक प्रायोजक ओडिशा सरकार ने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को 15 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।



सूरज ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को 2-। से हराकर पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। ओडिशा 2018 से हॉकी टीम को प्रायोजित कर रहा है जब खेल आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहा था। पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अगुआई वाली बीजू जनता दल की पिछली सरकार ने टीम का उस समय समर्थन किया था जब उसे प्रायोजक की सख्त जरूरत थी। राज्य सरकार 2036 तक टीम का समर्थन करेगी जो खेल का लंबे समय तक समर्थन करने की उसकी प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

**अश्मिता और मालविका जापान ओपन के पहले दौर में बाहर**

योकोहामा (जापान)। भारत की अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ मंगलवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं। अश्मिता जहां चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई जु यिंग से 16-21, 12-21 से हार गईं, वहीं मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 23-21, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद महिला एकल में आकर्षी कश्यप ने भी निराश किया। वह पहले दौर में दक्षिण कोरिया की किम गा यून से 13-21 12-21 से हार गयी। मिश्रित युगल में सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की भारतीय जोड़ी पहले दौर की चुनौती से पार नहीं पा सकी।

### स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

दुबई। भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी महिलाओं की नवीनतम आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एकदिवसीय रैंकिंग में एक पायदान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गयी हैं। मंधाना के नाम 738 रेटिंग अंक है और वह वनडे प्रारूप में भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली बल्लेबाज है। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस सूची में अपना नौवां स्थान बरकरार रखा है। श्रीलंका की दिग्गज बल्लेबाज चमारी अट्टापट्टू तीसरे से चौथे स्थान पर खिसक गयी जबकि टीम की उनकी साथी बल्लेबाज नीलाक्षिका डी सिल्वा (तीन पायदान ऊपर 32वें), हर्षिता समरविक्रमा (आठ स्थान के सुधार के साथ 44वें) और कविशा दिलहारी (चार स्थान के सुधार के साथ 50वें पायदान) ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपने चौथे स्थान का बचाव करने में सफल रही।

स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बालेश्वर यादव
युवा समाज सेवी,
रघुनाथपुर-भगवानपुर
गोरखपुर

स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजु पाण्डेय
युवा समाज सेवी एवं प्रोपराइटर
ए.बी. मार्का ईट उद्योग, नगवां,
गोरखपुर

